संसेक्स 72,271.94 ▲ +31.68
डॉलर 83.215 ▼ +0.034

तापमान (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 24.0 | 13.0 | 16.0 |
| धनबाद | 25.0 | 13.0 | 18.0 |
| जमशेदपुर | 25.0 | 13.0 | 21.0 |
| पलामू | 25.0 | 12.0 | 17.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते





डालटनगंज (मेदिनीनगर), पौष कृष्ण पक्ष 07, विक्रम संवत 2080 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), मंगलवार, 02 जनवरी 2024, वर्ष-30, अंक- 77, पृष्ठ-12, मूल्य ₹2.00, रजिस्ट्रेशन नः आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com



संपादकीय — रिश्तों की अंधी दुनिया में गुम होती किशोर पीढ़ी...8


डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित


'बड़े मियां छोटे मियां' के में अक्षय टाइगर ...10 — देश/विदेश


**पलामू सर्राफा**

सोना (10 ग्राम) 63,400

चांदी (10 किलो) 74,360

## एक नजर

### मुख्यमंत्री ने नववर्ष की शुभकामनाएं दी

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने प्रदेशवासियों को नव वर्ष 2024 की शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर लिखा कि नववर्ष 2024 के अवसर पर आप सभी को अनेक-अनेक बधाई, शुभकामनाएं और जोहार। यह साल आप सभी के जीवन में खुशियां लाए। सभी स्वस्थ, सुखी और संपन्न रहें, यही कामना करता हूं। उन्होंने कहा कि झारखंड के अमर वीर शहीदों और महान आंदोलनकारियों के सपनों का राज्य निर्माण करने की ओर हम मिलकर आगे बढ़ते रहें, राज्य की जड़ों को सिंचित कर उसे और सशक्त बनायें। जय जोहार! जय झारखंड।

### बाइक अनियंत्रित होकर नहर में गिरी, दो गंभीर

**कैरो।** थाना क्षेत्र के कैरो नवाटोली और एडादोन के बीच नहर पुल के समीप एक मोटरसाइकिल कैरो की ओर से जिन्गी की ओर जाने के क्रम में अनियंत्रित होकर नहर में जा गिरी। इससे मोटर साइकिल सवार भिखारी टाना भगत के पुत्र 14 वर्षीय रूपेश टाना भगत व स्व. शनि टाना भगत के 26 वर्षीय पुत्र दुर्गा टाना भगत बुरी तरह जख्मी हो गये। घटना की सूचना मिलने पर कैरो थाना पुलिस दल बल के साथ पहुंचकर दोनों घायलों को कुडू में प्राथमिक उपचार कराया, जहां से उन्हें रांची रिम्स रेफर किया गया। वहीं वाहन को जब्त कर लिया गया।

### झारखंड हाईकोर्ट और रांची सिविल कोर्ट आज से खुलेगा

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट और रांची सिविल कोर्ट मंगलवार से खुलेगा। कोर्ट की कार्यवाही सुबह 10:30 बजे से शुरू होगी। जानकारी के अनुसार झारखंड हाई कोर्ट में एक्टिंग चीफ जस्टिस एस चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ सहित सभी अदालत में सूचीबद्ध मामलों की सुनवाई होगी। वहीं रांची सिविल कोर्ट में भी सूचीबद्ध मामलों की सुनवाई होगी।

### सेवानिवृत्त कर्मचारी के बंद घर में हजारों की चोरी

गुमला। जिला मुख्यालय स्थित डुमरडीह ग्राम में सेवानिवृत्त कर्मचारी रविंद्र नाथ साहू के घर का ताला तोड़कर एक लाख रुपये नकद, 60 ग्राम सोने की चेन और 40 हजार का सामान अज्ञात चोर ले उलड़े। घटना की सूचना मिलते ही गुमला सदर थाना के एस.आई. इंद्रजीत कुमार सदल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और छानबीन शुरू की। इसी क्रम में इंद्रनाथ साहू ने बताया कि उसकी बेटी प्रिया कुमारी की शादी 3 फरवरी 2024 को तय हो चुकी है, जिसके लिए मार्केटिंग करने हेतु हम सभी परिवार रांची गए हुए थे।

### नीति निर्धारकों ने इनके विकास, कल्याण और हित की दिशा में गंभीरता नहीं दिखाई

# आदिवासी हमेशा नजरअंदाज किये जाते रहे : हेमंत

- मुख्यमंत्री ने खरसावां गोलीकांड के शहीदों को किया नमन
- आदिवासियों को सशक्त और मजबूत बनाने के लिए प्रतिबद्ध है हमारी सरकार

**सरायकेला खरसावां।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सोमवार को खरसावां गोलीकांड के वीर शहीदों के सम्मान में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने शहीद पार्क में शहीद स्मारक (शहीद बेदी) और वीर शहीद केसरे मुंडा चौक में शहीद स्मृति चिन्ह पर माल्यार्पण कर इन वीर शहीदों को नमन किया। कहा कि अगर हम इतिहास के पन्नों को पलटेंगे तो पता चलेगा कि आदिवासियों का संघर्षों से पुराना रिश्ता- नाता रहा है। जल- जंगल- जमीन से लेकर अंग्रेजों के खिलाफ आदिवासियों ने लगातार उलगुलान किया। झारखंड अलग राज्य के आंदोलन में आदिवासियों ने अपना सब कुछ झोंक दिया। इन आंदोलनों और संघर्षों में अनगिनत आदिवासियों ने अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। आज हम उन्ही शहीदों के सपनों का झारखंड बनाने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह शहीद स्थल नहीं, आदिवासियों का प्रेरणा स्थल है। यहीं से हमें आदिवासियों को एकजुट करने और आगे बढ़ाने की ताकत मिलती है। उन्होंने कहा कि आदिवासी हमेशा नजरअंदाज किए जाते रहे। हमारे नीति निर्धारकों ने इनके विकास, कल्याण और हित की दिशा में बहुत गंभीरता नहीं दिखाई। यही वजह है कि आदिवासी आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक, बौद्धिक और राजनीतिक रूप से कमजोर और पिछड़े बने रहे। हमारी सरकार आदिवासियों को सशक्त और मजबूत बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

### आदिवासी समाज को तोड़ने का प्रयास

मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज में कुछ ऐसे तत्व हैं, जो आदिवासी समाज को तोड़ने का प्रयास कर रहे हैं। कभी जल, जंगल और जमीन से आदिवासियों को उजाड़ने की कोशिश होती है तो कभी सीएनटी और एसपीटी में छेड़छाड़ होता है। आदिवासियों की परंपरा सभ्यता और संस्कृति पर भी हमला किया जाता है। लेकिन, यह सरकार आपने बनायी है। ऐसे में हम आदिवासियों के मान-सम्मान और स्वाभिमान से किसी भी प्रकार का खिलवाड़ नहीं होने देंगे। आदिवासी समाज को जो भी तोड़ने का कोशिश करेगा, उसे उसका माकूल जवाब दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड एक ऐसा राज्य है, जिसकी पहचान आदिवासियों से होती है। फिर भी, पिछले दो दशकों के दौरान आदिवासियों को हमेशा हाशिये पर रखने का कार्य होता रहा। हमारी सरकार ने यहां के आदिवासियों और उनकी सभ्यता, संस्कृति तथा परंपरा को विश्व पटल पर पहचान दिलाने के लिए आदिवासी दिवस पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन प्रारंभ किया। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि आने वाले दिनों में इसका आयोजन इतना भव्य और शानदार होगा कि पूरी शेष पृष्ठ 11 पर



### हम मान-सम्मान के साथ आदिवासियों को उनका हक दे रहे

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार पूरे मान-सम्मान के साथ आदिवासियों को उनका हक और अधिकार दे रही है। इस बात से हम सभी वाकिफ हैं कि आदिवासी सबसे पिछड़े और गरीबों की श्रेणी में आते हैं। ऐसे में इन्हें सशक्त और मजबूत बनाने के लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है। देश और राज्य के लिए शहादत देने वालों के परिजनों को हम नौकरी दी जा रही है। आदिवासियों के हित में जो भी काम करने की जरूरत होगी, उसे प्राथमिकता के आधार पर निश्चित तौर पर पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार की जड़ें काफी मजबूत हैं क्योंकि, इस सरकार को आप ने बनाया है। यह आपकी सरकार है। ऐसे में आपका ख्याल रखना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## राज्यपाल और केंद्रीय कृषि मंत्री ने खरसावां गोलीकांड के शहीदों को दी श्रद्धांजलि



**सरायकेला।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने सोमवार को केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा के साथ खरसावां शहीद स्थल पहुंचकर एक जनवरी 1948 खरसावां गोलीकांड में शहीद हुए लोगों को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद राज्यपाल और केंद्रीय मंत्री ने शहीद स्मारक पर तेल अर्पित कर शहीदों को नमन किया। इस मौके पर राज्यपाल ने कहा कि आज जिस आधुनिक झारखंड राज्य की परिकल्पना हुई है, उसमें खरसावां का यह पवित्र स्थल भी अहम स्थान रखता है। राज्यपाल ने कहा कि शहीदों की कुबार्नी को याद करते हुए हमें बेहतर राज्य का निर्माण करना है, जहां लोगों में परस्पर मेल भाव, भाईचारा बना रहे। हमें मिलजुलकर विकास के पथ पर राज्य को आगे बढ़ाना है। राज्यपाल ने कहा कि झारखंड प्राकृतिक खनिज संपदा से परिपूर्ण राज्य है। हमें ऐसा प्रयास करना चाहिए कि इन प्राकृतिक संपदाओं का बेहतर तरीके से प्रयोग कर हम राज्य को विकास के अग्रणी पंक्ति में लाकर खड़ा करें। केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि खरसावां के इस पवित्र स्थल पर पहली बार राज्यपाल का आगमन हुआ है जो हर्ष का विषय है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र भारत में पहली बार सैकड़ो लोगों ने प्राणों की आहुति देकर इस स्थल को पवित्र कर दिया और अब यह पूरे राज्य के लिए प्रेरणा स्थल के रूप में जाना जाता है। नव वर्ष के पहले दिन खरसावां का यह शहीद स्थल आस्था का केंद्र बना रहता है, जहां दूर दराज से लोग शहीदों को नमन करने पहुंचते हैं।

# जमशेदपुर में अनियंत्रित होकर कार पलटी, छह की मौत

### नववर्ष पर पिकनिक मनाने निकले आदित्यपुर के छह युवकों की सड़क दुर्घटना में मौत

**सरायकेला।** नए साल का पहला दिन सरायकेला-खरसावां जिला के तहत आदित्यपुर के बाबाकुटी आश्रम के लोगों के लिए मातम भरा रहा। सोमवार को तड़के बिष्टुपुर थाना के साई मंदिर गोल चक्कर के समीप सड़क दुर्घटना में आदित्यपुर के आरआईटी थाना क्षेत्र के तहत बाबाकुटी के छह युवकों की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार नव वर्ष पर एक इंडिगो कार पर सवार आठ युवक पिकनिक मनाने मरीन ड्राइव की ओर जा रहे थे। इसी दौरान अनियंत्रित कार की पोल से टक्कर हो गई, जिससे कार में सवार आठों युवक गंभीर रूप से घायल हो शेष पृष्ठ 11 पर



### मुख्यमंत्री ने सड़क दुर्घटना में छह लोगों की मौत पर दुख जताया



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जमशेदपुर में सड़क दुर्घटना में छह लोगों की मृत्यु पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि जमशेदपुर में सड़क दुर्घटना में छह लोगों की मृत्यु की दुखद खबर से मन आहत है। परमात्मा दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को दुख की यह विकट घड़ी सहन करने की शक्ति दे। शेष पृष्ठ 11 पर

### देश में अब तक कोरोना के जेएन.1 वेरिएंट के 196 मामले, तीन की मौत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत में कोरोना के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। इसमें नए पहचाने गए संक्रामक वेरिएंट के भी कई मामले शामिल हैं। नए वेरिएंट के अब 196 मामले सामने आ चुके हैं। कोरोना से पिछले 24 घंटों में तीन मौतें हुई हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से सोमवार को जारी आंकड़ों के अनुसार देश में पिछले 24 घंटों में कोरोना के 636 नए मामले सामने आए हैं। इस दौरान तीन लोगों की मौत हुई है। कोरोना के कुल सक्रिय मामलों की संख्या 4,394 है। इंसाकोग (विशेष लैब समूह) के आंकड़ों के अनुसार देश में कोरोना के नए वेरिएंट जेएन.1 के अबतक 196 मामलों की पुष्टि की जा चुकी है। ओडिशा में भी जेएन.1 की पुष्टि की गई है।

## गांडेय से झामुमो विधायक डॉ. सरफराज अहमद ने दिया इस्तीफा



**गिरिडीह।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के गांडेय विधानसभा क्षेत्र से विधायक डॉ. सरफराज अहमद ने इस्तीफा दे दिया है। उनके इस्तीफे को स्वीकार करते हुए झारखंड विधानसभा ने अधिसूचना भी जारी कर दी है। उनके इस्तीफे के बाद झारखंड विधानसभा में 31 दिसंबर से पद रिक्त हो गया है। विधायक डॉ. सरफराज अहमद ने वर्ष 2019 में कांग्रेस पार्टी छोड़ झामुमो में शामिल हुए थे। डॉ. अहमद को साल 2019 के झारखंड विधानसभा चुनाव में गांडेय से टिकट नहीं दिया गया था। वे इस बात से नाराज हो गए थे। इसके बाद उन्होंने कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद वह झामुमो के टिकट पर चुनाव लड़ा और तीसरी बार गाण्डेय के विधायक बने । इससे पहले 1984 में गिरिडीह लोकसभा से कांग्रेस के टिकट पर सांसद बने थे । स्व राजीव गांधी के समय 1985 में एआइसीसी के संयुक्त सचिव भी रहे। झारखंड की राजनीति को अपने जीवन के लगभग पांच दशक देने वाले कद्दावर नेता डॉ. सरफराज अहमद के अचानक इस्तीफे के बाद राज्य की सियासी गर्मी बढ़ गयी है।

## नए साल पर आज भारत की नई उड़ान ब्लैक होल्स पर दस्तक की तैयारी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत आज नए वर्ष का स्वागत करने के साथ देश के पहले एक्सपोसेट (एक्स-रे पोलारिमीटर सेटेलाइट) मिशन का आगाज करने जा रहा है। साल 2024 के पहले दिन खगोल विज्ञान की दुनिया में भारत की यह बड़ी छलांग होगी। इससे पहले दुनिया साल 2023 में भारत की चंद्रयान-3 की सफलता का जश्न मना चुकी है। एक्सपोसेट एक्स-रे स्रोत का पता लगाने और 'ब्लैक होल' की रहस्यमयी दुनिया का अध्ययन करने में मदद करेगा। यह मिशन करीब पांच वर्ष का होगा। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) चेन्नई से करीब 135 किलोमीटर पूर्व में स्थित अंतरिक्ष केंद्र से आज (सोमवार) सुबह करीब नौ बजकर 10 मिनट पर एक्सपोसेट को लॉन्च करेगा। ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान (पीएसएलवी)-सी58 राकेट एक्सपोसेट और 10 अन्य उपग्रहों के साथ अपनी 60वीं उड़ान भरेगा और इन उपग्रहों को पृथ्वी की निचली कक्षाओं में स्थापित करेगा। प्रक्षेपण के लिए 25 घंटे की उल्टी गिनती रविवार को शुरू हो चुकी है। इसरो के वैज्ञानिकों ने रविवार को तिरुपति शेष पृष्ठ 11 पर



# चुनावी विमर्शों से सराबोर रहा नववर्ष का वनभोज

### संभावित उम्मीदवार बढ़-चढ़कर कर रहे आयोजन

अखिलेश चौबे

**मेदिनीनगर।** नववर्ष-2024 के आगाज पर आयोजित वनभोज व पिकनिक कार्यक्रम इस बार चुनावी विमर्शों से सराबोर रहा। विभिन्न राजनीतिक दलों के संभावित उम्मीदवारों द्वारा इस वर्ष नये साल पर बढ़-चढ़कर सहभोज कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। वर्ष-2024 झारखंड के लिये चुनावी वर्ष है। क्योंकि साल के पूर्वार्द्ध में जहां लोकसभा के चुनाव होंगे। वहीं उत्तरार्द्ध में विधान सभा का भी चुनाव होगा। मनोरम वादियों से भरे पलामू में वैसे तो अमूमन प्रतिवर्ष नये साल के आगाज पर पिकनिक व वनभोज कार्यक्रमों का आयोजन होता है। विशेषकर राजनीतिक व सामाजिक गतिविधियों में लिप्त लोगों द्वारा लिट्टी-चोखा का आयोजन किया जाता है, किंतु चुनावी वर्ष में इसका दायरा बढ़ा हुआ है। कमोबेश पलामू के सभी प्रमुख पिकनिक स्पाटों पर इस वर्ष राजनीतिक हलचल तेज देखी गयी। एनडीए व आईएनडीआईए गठबंधन दोनों ही धड़े के संभावित उम्मीदवार कार्यकर्ताओं के साथ वनभोज पर अपना-अपना समीकरण साधते नजर आये। कई दावेदारों ने तो अपने आवासों पर ही सहभोज के बहाने कार्यकर्ताओं का मिजाज टटोला। इस वर्ष मकर संक्रांति तक राजनीतिक सहभोज जारी रहने की संभावना जताई जा रही है।



### जिसका कार्यक्रम उसी की मजबूत दावेदारी

किस गठबंधन से कौन उम्मीदवार होगा यह तो अभी भविष्य के गर्भ में है, किंतु आसन्न चुनाव ने कतिपय कार्यकर्ताओं को इस वर्ष बैठे-बैठे मुफ्त में पिकनिक का लुत्फ उठाने का अवसर अवश्य प्रदान कर दिया है। बताया जाता है कि जिसके भी कार्यक्रम में जा रहे हैं। उनके लिये उसी की दावेदारी मजबूत है। बहरहाल नये वर्ष के आगाज के साथ ही अब सभी की नजरें उम्मीदवारों के नामों की घोषणा पर टिकी है।

## इंडिया राजनैतिक ज्वार भाटा का साक्षी बनेगा 2024



सुनील बादल

**बहुप्रतीक्षित** और बहुप्रचारित राम मंदिर कई दशकों तक राजनीति के केंद्र में रहा और इसका उद्घाटन इस साल की ऐतिहासिक घटना होगी जिसके मुख्य अतिथि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी होंगे। 5 अगस्त 2020 को अयोध्या में राम मंदिर की आधारशिला रखी गई थी, उसमें भी पीएम मोदी शामिल हुए थे। लोकसभा चुनाव में इंडिया बनाम एनडीए की अग्निपरीक्षा आंध्र प्रदेश, ओडिशा, सिक्किम, और अरुणाचल प्रदेश में होगी। मार्च की शुरूआत या मध्य में चुनाव आयोग लोकसभा चुनाव की तिथियों की घोषणा कर सकता है। जहां देश में नौ साल से अधिक वर्षों से सत्ता में रही भाजपा तीसरी निर्णायक पारी खेलने को लेकर आश्वस्त है, तो संभावित इंडि(या) गठबंधन भी अपना दांव चलने की कोशिश करेगा। आंध्र प्रदेश विधानसभा का कार्यकाल अगले साल 11 जून तक है यहां जून से पहले विधानसभा चुनाव हो सकते हैं। 175 सदस्यों वाली आंध्र प्रदेश विधानसभा के लिए अप्रैल 2019 में हुए चुनाव में वाईएसआरसीपी को 175 में से 151 सीटें मिलीं थीं, जबकि तेलुगु देशम पार्टी को 23 सीटें मिलीं थीं। वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के जगन मोहन रेड्डी मुख्यमंत्री बने थे । अरुणाचल प्रदेश विधान सभा का कार्यकाल 2 जून 2024 तक है । चुनाव अप्रैल 2024 में या उससे पहले होने की उम्मीद है। अप्रैल 2019 में हुए पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा ने राज्य विधानसभा की 60 सीटों में से 41 सीटें हासिल की थीं, उसके बाद जेडीयू को 7। एनडीईपी को 5 और कांग्रेस को 4 सीटें मिली थीं। चुनाव के बाद भारतीय जनता पार्टी ने राज्य में सरकार बनाई और पेमा खांडू मुख्यमंत्री बने। ओडिशा का कार्यकाल 24 जून 2024 तक है और 147 सदस्यों वाली ओडिशा विधानसभा के लिए जून 2024 से पहले चुनाव होने की उम्मीद है। यहां अप्रैल 2019 में हुए विधानसभा चुनाव में नवीन पटनायक के नेतृत्व वाले बीजू जनता दल को 112 सीटें मिलीं थीं। इसके बाद बीजेपी ने 23 और कांग्रेस ने 9 सीटों पर जीत दर्ज की थी। नवीन पटनायक अभी मुख्यमंत्री हैं। सिक्किम का कार्यकाल 2 जून 2024 तक है और चुनाव अप्रैल 2024 से पहले होने की उम्मीद है। 32 सदस्यों वाली विधानसभा के लिए अप्रैल 2019 में हुए चुनावों में सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा ने 17 सीटें, सिक्किम डेमोक्रेटिक फ्रंट ने 14 सीटें जीतीं. चुनाव के बाद, सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा ने सरकार बनाई और प्रेम सिंह तमांग मुख्यमंत्री बने। हरियाणा विधान सभा का कार्यकाल 4 नवंबर 2024 तक है और हरियाणा विधानसभा में 90 सीटें हैं। यहां अक्टूबर 2024 से पहले वोटिंग की उम्मीद है। 2019 में भाजपा को 40 सीटें मिली थीं। पार्टी ने जननायक जनता पार्टी (10 सीटें) और सात निर्दलीय विधायकों के साथ चुनाव बाद गठबंधन में सरकार बनाई। कांग्रेस 31 सीटों के साथ दूसरे स्थान पर रही जबकि क्षेत्रीय क्षत्रप इनेलो केवल 1 सीट हासिल कर सकी। भाजपा के मनोहर लाल खट्टर मुख्यमंत्री बने थे। महाराष्ट्र का कार्यकाल 26 नवंबर, 2024 तक है । विधानसभा में शेष पृष्ठ 11 पर



### झारखंड को मिलेंगे सात नये विश्वविद्यालय

**रांची।** राज्य में 2024 में सात नये विश्वविद्यालय की स्थापना होनी है। इस दौरान चार अंगीभूत कॉलेजों को विश्वविद्यालय के रूप में अपग्रेड किया जाएगा तो वहीं, तीन नए विश्वविद्यालय भी खोलें जाएंगे। इससे भविष्य में झारखंड के शिक्षा के स्तर को सुधारा जा सकता है। राजय में शिक्षा व्यवस्था को सुधारने की कवायद चल रही है। इसके तहत सात नये विश्वविद्यालय खोली जा रही है। इनमें चार कॉलेजों को विश्वविद्यालय में अपग्रेड किया जाएगा और तीन नये विश्वविद्यालय खोले जाएंगे। देवघर कॉलेज, रांची महिला कॉलेज, केओ कॉलेज गुमला और जमशेदपुर को-ऑपरेटिव कॉलेज को विश्वविद्यालय में अपग्रेड किया जाएगा। इसके अलावा तीन नये विश्वविद्यालय स्थापित किये जाएगें।

### एनआईए ने 2023 में 56 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की

## 625 लोगों को गिरफ्तार किया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) लगभग शत प्रतिशत कार्रवाई करने में सफल रही। एजेंसी से प्राप्त आंकड़ों के मुताबिक एनआईए ने 2023 में 94.70 प्रतिशत दोष सिद्धि दर दर्ज की और 56 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की। इस दौरान 625 लोगों को गिरफ्तार किया। आईएसआईएस मामलों में अब तक एनआईए ने 65 आरोपित, जिहादी आतंकी मामलों में 114, मानव तस्करी के मामलों के 45, आतंकवादी और संगठित आपराधिक गतिविधि के 28 आरोपित और वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) मामलों के 76 आरोपितों को गिरफ्तार किया। आतंकवाद रोधी एजेंसी ने 2023 में कुल 68 मामले दर्ज किए। 2023 के दौरान दोषी ठहराए गए 74 आरोपितों को सजा के रूप में 'कठोर कारावास' और 'जुमार्ने' की सजा सुनाई गई । एनआईए 2023 में 47 आरोपितों का पता लगाने और उन्हें गिरफ्तार करने में कामयाब रही। एनआईए ने अमृतपाल सिंह उर्फ अम्मी, अमरीक सिंह, मनप्रीत सिंह और मनदीप सिंह को फिलीपींस से निर्वासित किया था। विक्रम बरार को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से निर्वासन के बाद गिरफ्तार किया था। निर्वासन और प्रत्यर्पण पर की गई गिरफ्तारियां अपनी अंतरराष्ट्रीय सीमाओं के पार अपराधियों का पीछा करने के लिए एनआईए की प्रतिबद्धता को दशार्ती हैं।

## एक नजर

### कार्यकर्ताओं ने सुनी पीएम मोदी के मन की बात

**पाटन।** ग्राम पंचायत हिसरा बरवाडीह में शक्ति केंद्र बूथ संख्या 181 व182 पर कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द मोदी के मन की बात कार्यक्रम को ध्यानपूर्वक सुना। कार्यक्रम में भाजपा जिला कार्यसमिति सदस्य निरंजन पासवान, बूथ अध्यक्ष उमाशंकर सिंह, मण्डल मंत्री आनंद सिंह, संयोजक गुडू सिंह, कामता सिंह, मनु सिंह, रविन्द्रनाथ साव उपस्थित थे।

### जन वितरण प्रणाली के दुकानदार हड़ताल पर

**मेदिनीनगर।** ऑल इंडिया फेयर प्राइस डीलर एसोसिएशन के आह्वान पर पलामू के सभी राशन दुकानदार सोमवार से हड़ताल पर चले गये। गौरीशंकर मैरिज हॉल में आयोजित फेयर प्राइस डीलर एसोसिएशन की बैठक में केंद्र सरकार की दमनकारी नीतियों के विरुद्ध मांगों के समर्थन में राष्ट्रव्यापी हड़ताल का निर्णय लिया गया। वक्ताओं ने कहा कि मांगे पूरी होने तक हड़ताल जारी रहेगी। एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव पारसनाथ सिंह,प्रदेश कार्यकारिणी समिति सदस्य युगल किशोर तिवारी, रविन्द्र पांडेय आदि ने घूम-घूम कर दुकानों का जायजा लेकर दुकानदारों को एकजुट रहने के लिये प्रेरित किया।

### ठंड लगने से मजदूर की मौत

**पाटन।** पलामू जिले के पाटन प्रखंड के सांसद आदर्श पंचायत के किशुनपुर के डिहरिया गांव के राजाराम भुइयां (59) की मौत ठंड लगने से 31 दिसंबर की रात में हो गई। मुखिया सुमन गुप्ता ने बताया कि ठंड से मौत की सूचना नहीं है। मृतक अत्यंत गरीब दिहाड़ी मजदूरी था। 31 दिसंबर की शाम तक ठीक था। घर पर जाकर आग भी तापा था। रात में भोजन कर सोने के बाद सुबह में उसे सुबह में उसे मृत पाया गया। रात में भी ज्यादातर समय वह अलाव जलाकर ही रहता था। मुखिया ने कहा कि कंबल वितरण भी सभी गरीब परिजनों तक नहीं हो पाया है।

### नव वर्ष के उपलक्ष्य में चर्च में हुई प्रार्थना सभा

**मेदिनीनगर ।** नव वर्ष-2024 के स्वागत में मेदिनीनगर के शांति की महारानी गिरजाघर सहित यूनियन चर्च, रेड़मा के सीएनआइ चर्च, तुंबागड़ा के चर्चा आदि में विशेष आराधना सभा का आयोजन किया गया। मसीही विश्वासियों ने पूरे उत्साह के साथ विशेष प्रार्थना सभा में भाग लेने के बाद नववर्ष का जश्न मनाया। मेदिनीनगर के डालटनगंज रेलवे स्टेशन रोड स्थित शांति की महारानी गिरिजाघर में मुख्य अनुष्ठाता सह पल्ली पुरोहित फादर मौरिश कुजूर की अगुआई में सुबह सात बजे से मिस्सा अनुष्ठान किया गया। आराधना एवं प्रार्थना सभा के दौरान बाइबिल का पाठ हुआ एवं लोगों को नववर्ष की शुभकामनाएं दी गयी। फादर मौरिश कुजूर ने संदेश में प्रभु यीशु के संदेश को आत्मसात करने की जरूरत बताया। साथ ही परिवार, समाज व देश की बेहतरी के लिए सभी को मिलकर काम करने पर जोर दिया। आपस में मेल-मिलाप से रहते हुए जीवन जीने की जरूरत पर बल दिया। चर्च आराधना के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महिला एवं युवा संघ के सदस्यों ने गीत गाये। चर्च आराधना में चियांकी, आबादगंज, रेड़मा, कुसुमटांड़, कचरवा, बिरसा नगर, सुदना यूनिट आदि शामिल थे। फादर मौरिश टोप्पो, अमरदीप केरकेट्टा, माइकल कुजूर आदि मिस्सा अनुष्ठान में सक्रिय रहे। स्टेशन रोड स्थित यूनियन चर्च व रेड़मा स्थित सीएनआइ चर्च में सोमवार को विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन सुबह नौ बजे से किया गया। यूनियन चर्च में पादरी प्रभु रंजन मसीह की देखरेख में मिस्सा अनुष्ठान व प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। बाइबिल पाठ के बाद नये वर्ष का संदेश दिया गया। पादरी प्रभु रंजन मसीह ने संदेश में कहा कि जीवन में सुख-शांति के लिए ईश्वर की आराधना करें। मसीही विश्वासियों ने नये वर्ष में नयी उमंग के साथ काम करने का संकल्प लिया। युवा संघ एवं महिला संघ ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। युवक-युवतियों ने मांदर की थाप पर नृत्य करते हुए नये वर्ष का स्वागत कर खुशी मनायी।

मनोरम वादियों के बीच किया नववर्ष का आगाज

# पीटीआर के सुगाबांध पर उमड़े पांच हजार सैलानी


पिकनिक मनाते सैलानी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू टाइगर रिजर्व के बाढ़ेसाड रेंज के अंतर्गत सुगाबांध पर सोमवार को पांच हजार से अधिक सैलानियों ने पिकनिक मनाकर नववर्ष का आगाज किया। वनरक्षक परमजीत तिवारी ने बताया के वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर बांध के किनारे सुरक्षा दस्ते को किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति से निपटने के लिये तैनात रखा गया था। इस दौरान स्थानीय पुलिस भी चौकस रही। पीटीआर सूत्रों ने बताया कि इस बार बांध पर शराब का सेवन करने वालों पर सख्त नजर रखी गयी। सुगाबांध वैसे तो वर्ष पर्यंत सैलानियों के आकर्षण का केंद्र रहता है, लेकिन इस बार नये साल पर तो रिकार्ड भीड़ उमड़ी। सुगाबांध सहित पलामू टाइगर रिजर्व के बेतला नेशनल पार्क, मारो मार्ग, गारु, महुआडांड जैसे क्षेत्रों में भी पर्यटकों ने पिकनिक का जमकर लुत्फ उठाया। सोमवार को मौसम अपेक्षाकृत साफ रहने से लोगों को मानो मुहंमांगी मुराद मिल गयी।

यात्रियों को परेशानी, कल तक जारी रहेगी हड़ताल

# हिट एंड रन के नये नियमों के खिलाफ नहीं चले बस



प्रदर्शन करते बस चालक

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सड़क हादसों के हिट एंड रन मामले में सरकार के नये नियमों को अव्यवहारिक व अत्यंत कठोर करार देते हुये पलामू के बस चालकों ने नये साल के पहले दिन से ही हड़ताल शुरू कर दिया है। इससे सुबह से ही बसों के पहिये पूरी तरह से थमे रहे। चालकों ने बताया कि नये नियमों के खिलाफ वे तीन जनवरी तक हड़ताल पर रहेंगे। आंदोलन का नेतृत्व कर रहे पलामू चालक संघ के अध्यक्ष ने बताया कि बस चालक जानबूझकर कभी भी एक्सीडेंट नहीं करते, किंतु हादसे के बाद बड़े वाहन के चालकों को ही दोषी ठहरा दिया जाता है। बस चालकों ने सरकार द्वारा लाये जा रहे नियमों में बदलाव की मांग की है।

**यात्रियों की बढ़ी मुश्किल :** बस चालकों के इस हड़ताल से यात्रियों को काफी परेशानी हो रही है। नये वर्ष के मौके पर काफी संख्या में लोग आवगमन कर रहे हैं। ऐसे में चालकों के हड़ताल से उनकी मुश्किलें बढ़ गयी हैं। कम दूरी का सफर करने वाले तो ऑटो का सहारा ले रहे हैं, किंतु लंबी दूरी तय करने वाले यात्रियों को खासा परेशानी उठानी पड़ रही है। बताते चलें कि डालटनगंज बस स्टैंड से झारखंड के बड़े शहरों के अलावे यूपी, छत्तीसगढ़, उड़ीसा,दिल्ली और बिहार जाने वालीं कई बसों का संचालन होता है। इन सभी बसों के बंद हो जाने से अन्य राज्यों में जाने वाले यात्रियों को भी परेशानी हो रही है। मौके पर उमा तिवारी, संतोष विश्वकर्मा, सिकेंद्र मियां, बबलू साव, पंकज कुमार साव, रणवीर सिंह,आलोक सिंह, पंकज साव, महानंद सिंह, पिंटू सिंह समेत कई चालक मौजूद थे।

# सर्वजन पेंशन के 111 लाभुकों का पेंशन स्वीकृत



पेंशन की जांच करते बीडीओ

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** नये साल के पहले दिन प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय में सोमवार को अधिकारियों ने 111 पेंशनधारियों के पेंशन को स्वीकृति प्रदान की। इस दौरान कार्यालय में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी यामुन रविदास के साथ प्रखंड प्रधान सहायक सरयु बैगा, उर्दू अनुवादक अलीम अंसारी, निर्वाचन कंप्यूटर ऑपरेटर सोनू कुमार, सर्वजन पेंशन आपरेटर राहुल कुमार द्वारा पेंशन के अलावे कई कार्यों का निपटारा किया गया। बीडीओ ने बताया कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के दौरान शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों से सर्वजन पेंशन योजना के तहत 334 आवेदन प्राप्त हुये थे। शेष आवेदनों का दो-चार दिनों में जांच कर स्वीकृति दी जायेगी।

पिकनिक स्पॉट रहे गुलजार, सैलानियों की उमड़ी भीड़ , छाया उल्लास

# उमंग व जोश के साथ नये वर्ष का स्वागत


पिकनिक मनाते लोग

### सुबह से ही बाजारों में मटन-चिकेन व अन्य व्यंजनों की लोगों ने जमकर खरीदारी की

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न पिकनिक स्पॉट पर युवाओं ने खूब मौज -मस्ती कर उमंग व जोश के साथ वर्ष 2024 का गर्मजोशी से स्वागत किया। सुदूरवर्ती क्षेत्र के घघरा कुण्ड बांध,लंगरकोट मुरली पहाड़ी, सोन नदी के तट,हैदरनगर के सोन तटीय क्षेत्र भीम चूल्हा, भीम बराज,काशी सोत समेत दर्जनो पिकनिक स्पॉटों पर लोग बाजा-गाजा व डीजे के थाप पर झूमते नजर आये। सुबह से ही बाजारों में मटन-चिकेन व अन्य व्यंजनों की लोगों ने जमकर खरीदारी की। शांति व सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर अनुमंडल प्रशासन द्वारा सभी पिकनिक स्पॉटों पर पूर्व से ही दण्डाधिकारियों की नियुक्ति की गई थी। शहर के सभी चौक चौराहों पर पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल की तैनाती थी। विशेष कर दो पहिया वाहन चालक व अन्य युवाओं पर विशेष चौकसी रखी गयी। नववर्ष का जश्न शहर से लेकर गांवों तक देखा गया। कई लोगों ने आतिशबाजी भी की। इस दौरान सभी स्पॉट पर पुलिस की सक्रियता भी दिखी। इन दिनों सर्दी का सितम जोरों पर है। लेकिन नववर्ष का उत्साह सर्दी पर भारी साबित हुआ। सोमवार को दोपहर में धूप खिलने के बाद पिकनिक स्पॉट मुरली पहाड़ी, देवरी सोन नदी में भी अच्छी- खासी भीड़ देखने को मिली। शहर के चौक क्षेत्र में स्थित फूलों व बुके की दुकानों से लोगों ने जमकर खरीदारी की। समाचार लिखे जाने तक क्षेत्र में किसी प्रकार की घटना व दुर्घटना में हताहत होने की सूचना नहीं हैं।

### मलय डैम में बोट के साथ सेल्फी की मची होड़


बोट का आनंद लेते सैलानी

**सतबरवा।** प्रखंड क्षेत्र के मुरमा मलय डैम एवं राजा मेदिनी राय पलामू किला मेला के तलहटी में कल-कल बहती औरंगा नदी के पास नव वर्ष पर सैलानियों की भारी भीड़ उमड़ी। लोगों ने मलय डैम में जहां मोटर व पैडल बोट के भरपूर आनंद के बीच पिकनिक का लुत्फ उठाया। वहीं औरंगा नदी के निर्मल जल में स्नान भी किया। मुरमा स्थित मलय डैम पर तो सैलानियों का हुजूम उमड़ पड़ा। डैम के पानी में सरपट दौड़ते 8 मोटर व 5 पैडल बोट लोगों के आकर्षण का केंद्र रहे। लोग अपने परिजनों व मित्रों के साथ पिकनिक का भरपूर आनंद उठाया। इस दौरान मोटर व पैडल बोट के साथ सेल्फी लेने की होड़ मची रही। वहीं पलामू किला की तलहटी से होकर बहने वाली औरंगा नदी में हजारों की संख्या में लोगों ने स्नान कर डीजे की धुन पर अलग-अलग ग्रुप में नाचते-गाते नववर्ष का स्वागत किया। सतबरवा पुलिस शांति व्यवस्था के मद्देनजर सभी स्थानों पर मुस्तैद रही।

# प्रगतिशील पत्रकार मंच का शिष्टमंडल एसडीएम से मिला


एसडीएम का स्वागत करते पदाधिकारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** प्रगातिशील पत्रकार मंच हुसैनाबाद अनुमंडल इकाई का शिष्टमंडल सोमवार को अध्यक्ष सैय्यद नौशाद के नेतृत्व में नवनियुक्त एसडीएम आईएएस आशीष गंगवार से मुलाकात की। लोगों ने उन्हें बुके देकर नववर्ष की शुभकामनाएं दी। मौके पर एसडीएम ने भी मंच के सदस्यों को नवबर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अनुमंडल क्षेत्र की जो भी समस्या होगी, उसे प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने की कोशिश की जायेगी। बताते चलें कि उतर प्रदेश के पीलीभीत जिला के मूल निवासी श्री गंगवार वर्ष 2021 बैच के आईएएस हैं। झारखंड कैडर मिलने के बाद हुसैनाबाद में एसडीएम के रुप में उनकी पहली पोस्टिंग हैं। मौके पर मंच के संजय ओझा, जितेंद्र प्रसाद, कमलेश विश्वकर्मा, सत्येंद्र चंदेल, धनंजय गुप्ता, गौतम पटेल, अखिलेश कुमार, विकास कुमार मौजूद थे।

### पांकी विधायक ने आदिवासियों के साथ मनाया पिकनिक

**पांकी।** भाजपा विधायक कुशवाहा डॉक्टर शशि भूषण मेहता ने सोमवार को मॉडन पंचायत के पचफेड़ी उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय परिसर में आदिवासी परिवारों के साथ पिकनिक सह वनभोज कार्यक्रम मनाया। इस दौरान आदिवासी महिलाओं के बीच साड़ी व कंबल का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन रामावतार उरांव ने किया। मौके पर सुंदरलाल उरांव, राजदेव उरांव, जोगिंदर उरांव,बैसाखी उरांव,चन्द्रिका उरांव,अमरेश उरांव,सतबरवा जिला परिषद सुधा कुमारी, प्रो. बचन ठाकुर, ओबीसी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष संजय उपस्थित थे।

# नए साल पर गरीबों के बीच बांटे 80 कंबल



**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** शहर के एनएच-98 स्थित कैफे सह प्रज्ञा केंद्र के संचालक सह समाजसेवी धर्मेंद्र कुमार के तत्वावधान में सोमवार को 80 असहाय और जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरित किया गया। समाजसेवी ने हरिहरगंज के मेन रोड, बैध विगहा, सतगावां, अररुआ कला के भुइयां टोला के गरीब-असहायों के बीच कंबल का वितरण किया। इस दौरान स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के मरीजों के लिए आधा दर्जन कंबल डॉ. अरविंद कुमार को सौंपा गया। मौके पर समाजसेवी सोनू कुमार पासवान, तेतरी कुंवर, शकुंतला कुंवर, मालती कुंवर, रतन राम, गीता कुंवर, लखपतिया कुंवर आदि मौजूद थे।

## कर्नल कप फुटबाल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल मुकाबले कल से

**हुसैनाबाद।** स्थानीय कर्पूरी मैदान पर आयोजित कर्नल कप फुटबाल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल मुकाबले कल से खेले जायेंगे। अब टूर्नामेंट अंतिम दौर में पहुंच गया है। अंतिम चार में क्षेत्र की शीर्ष टीमें पहुंची हैं। इनके बीच रोमांचक मुकाबला देखने के लिये खेलप्रेमियों में अभी से उत्साह देखा जा रहा है। आयोजन समिति भी खिलाड़ियों के लिये बेहतर सुविधा मुहैया कराने में जुटी है। विदित हो कि स्थानीय खेल प्रतिभाओं को बेहतर मंच उपलब्ध कराने के दृष्टिकोण से कर्नल कप हुसैनाबाद क्षेत्र में ही नहीं, बल्कि पूरे पलामू जिले में विशेष स्थान बना लिया है। यहां के खिलाड़ी अब प्रदेश स्तर पर भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने को तैयार हैं।


**जिला स्वास्थ्य समिति, गढ़वा**
**सदर अस्पताल परिसर, गढ़वा**

राज्य योजना अंतर्गत गढ़वा जिला के आदिम जनजाति समुदाय (PVTG) बाहुल्य ग्रामों के निवासियों को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने हेतु "चलन्त ग्राम क्लीनिक" के संचालन हेतु आयुश चिकित्सक एवं चिकित्सा सहायकों की अनुबन्ध नियुक्ति हेतु चयन–सूची का प्रकाशन

विज्ञापन संख्या:– 02/2023 साक्षात्कार की तिथि 19.12.23 एवं 20.12.23

अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड, गढ़वा के पत्रांक– 5/पी0–16/2023–33 (5)ब, योजना, स्वा0, गढ़वा दिनांक–25.05.2023 के द्वारा राज्य के आदिम जनजाति समुदाय (PVTG) बाहुल्य ग्रामों के निवासियों को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के निमित "चलंत ग्राम क्लिनिक" के संचालन हेतु आयुष चिकित्सक एवं चिकित्सा सहायक की अनुबंध आधारित सेवाएं प्राप्त करने हेतु जिला स्तर पर आयुष चिकित्सक तथा चिकित्सा सहायक का दिनांक 19.12.23 एवं 20.12.23 को **Walk In Interview** आयोजित की गई थी। जिसके आलोक में आयुश चिकित्सकों एवं चिकित्सा सहायकों के अनुबन्ध चयन हेतु चयन सूची एवं प्रतीक्षा सूची गढ़वा जिला के बेवसाईट www.garhwa.nic.in एवं जिला स्वास्थ्य समिति कार्यालय गढ़वा के सूचना–पट्ट पर उपलब्ध करा दी गई है।

चयनित सभी आयुश चिकित्सक एवं चिकित्सा सहायक, दिनांक 10.01.24 से पूर्व अनुबन्ध प्रकिया को पूर्ण करने हेतु जिला स्वास्थ्य समिति गढ़वा कार्यालय के कार्यावधि में उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे ताकि रिक्तियों के आलोक में योगदान संबंधित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। चयनित अभ्यर्थियों द्वारा निर्धारित समयावधि में योगदान नहीं करने पर उनका अनुबन्ध चयन स्वत: समाप्त समझा जायेगा।

संबंधित चयनित अभ्यर्थी इसे सर्वोच्च प्राथमिकता देगें ताकि ससमय चलन्त ग्रामीण क्लिनिक का शुभारम्भ गढ़वा जिला में सुनिश्चित किया जा सके।

असैनिक शल्य चिकित्सक सह
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, DHS गढ़वा।

PR.NO.314874 Health Med Edu and Family Welfare(23-24):D



**झारखण्ड सरकार**
**जिला अभियंता का कार्यालय, जिला परिषद्, गढ़वा**

अतिअल्पकालीन ई–निविदा सं0– ZP/GARHWA/01/2023–24

1. कार्य का नाम :– **15वें वित्त आयोग मद**

**शुद्धि पत्र**

| क्र0 सं0 | प्रखण्ड का नाम | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (राशि लाख में) | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की तिथि | आईडेन्टीफिकेशन संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | भवनाथपुर | ग्राम–कोणमण्डरा में स्वास्थ्य उप केन्द्र भवन का निर्माण। | 55.50 | 10000.00 | 111000.00 | 6 माह | ZP/GARHWA/01/2023-24/GR-01 |
| 2 | नगर उंटारी | ग्राम–बरडीहा में स्वास्थ्य उप केन्द्र भवन का निर्माण। | 55.50 | 10000.00 | 111000.00 | 6 माह | ZP/GARHWA/01/2023-24/GR-02 |

| | |
|---|---|
| 2 | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :–26.12.2023 |
| 3 | ई–निविदा प्राप्ति की तिथि :– 26.12.2023 से दिनांक–16.01.2024 |
| 4 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय–17.01.2024 को अपराह्न 3:00 बजे |
| 5 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– जिला अभियंता, जिला परिषद, गढ़वा। |
| 6 | ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष संख्या– मो0 नं0–7004019730 |
| 7 | ई–निविदा खोलने का स्थान :–कार्यालय जिला अभियंता, जिला परिषद, गढ़वा। |
| 8 | परिमाण विपत्र की राशि घट बढ़ सकती है। तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी। |
| 9 | निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी। |
| 10 | निविदादाता को UCAN Registration की छाया प्रति अपलोड करना अनिवार्य है। |
| 11 | भवन प्रमण्डल एवं जिला परिषद से निबंधित संवेदक निविदा में भाग ले सकते हैं। |
| 12 | निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई0 भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी। |
| | विस्तृत जानकारी के लिए Website :- www.Jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है। |

PR No. 312096 Rural Development (23-24):D

जिला अभियंता
जिला परिषद, गढ़वा

PR314877 (Rural Development)23-24*D



**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग**
**जिला नियोजनालय, गढ़वा**

दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला– 03जनवरी–2024

**सूचना**

राज्य के बेरोजगार युवाओं/युवतियों को निजी क्षेत्र में नियोजित कराने के उद्देश्य से निदेशालय,नियोजन एवं प्रशिक्षण झारखण्ड, राँची के तत्वाधान में जिला नियोजनालय –सह– मॉडल कैरियर सेन्टर, गढ़वा द्वारा दिनांक–03.01.2024 को पूर्वाह्न–10.30 बजे से 4.00 अपराहन् तक जिला नियोजनालय,गढ़वा के परिसर में "दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला–2024" आयोजन किया जा रहा है।

रोजगार मेला में निम्नांकित प्रमुख निजी नियोजकों ने उपस्थित रहने की सहमति प्रदान की है :–

| SL. No. | Name and Add. Of the Employer | Name of the Post | No. Of Vacancy | Qualification Essential | Qualification Desirable | Experience | Age | Salary Remarks | Job Location |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 01 | Murlisa Offices Pvt. Ltd. Delhi | Field Executive | 50 | 12th Pass | Graduation | 0-10yr | 18-38 yr | 13000 + TA,DA | PAN India Delhi |
| 02 | VFS Capital Limited. Ranchi | Customer Services Representative (CSR) | 30 | 12th Pass | Graduation | 0-12 Months in NBFC/ Microfinance | 18-30yr | 1.4 to 1.8 Lac Per Year | All Jhakhand |
| 03 | Chaitanya India Finance Credit Pvt, Ltd. | Customer Relationship Executive | 40 | 10th | 12th Pass | - | 18-28yr | 10090 + TA DA | PLAMU PRAMANDAL |
| 04 | Creative Engineers, Bengaluru | Operator (Honda) | 100 | 10th Pass & ITI | - | 0-2yr | 18-30yr | 20161 CTC | Bangalore |
| | | Mobile Assembler, Female (Wistron) | 100 | 10th Pass | ITI, Diploma | 0-2yr | 18-26yr | 18715 CTC | |
| | | Operator Quality Unspector ( Lumax ) | 100 | 10th Pass | ITI, Diploma | 0-2yr | 18-30yr | 18000 CTC | |
| 05 | Life Insurance Corporation of India Garhwa. | Insurance Advisor | 100 | 10th Pass | - | - | 18yr | As per Commission | Garhwa, |
| 06 | Satin Credit Care Network Limited | Executive | 15 | 12th Pass | - | Fresher | 18-30yr | 18500 CTC | Garhwa, Palamu |
| | | Sr. Executive | 15 | 12th Pass | - | 1-2yr | 18-32yr | 22500 CTC | |
| 07 | Spandana Sphoorty Finance | Loan Officer | 10 | 10th Pass | Bike with DL | - | 19-27yr | 12000 | Jhakhand |
| 08 | Vijana Employable Skills Pvt. Ltd. Dhanbad. | Trainee at TML | 300 | 12th pass with Math | ITI | Fresher | 18-23yr | 12850/- | Gujrat, Noida |
| | | Trainee at Dixon | 100 | 10th Pass | Diploma | Fresher | 18-30yr | 15161/- | |
| 09 | Manjushree Techno Pack Ltd. Banglore | Trainee | 30 | 10th Pass | - | - | 18-35 yr | 13000-19600 | Bangalore |
| 10 | Bajaj Allianz Life Insurance Company Limited | Sales Officer | 10 | 10th Pass | - | 1 yr | 25-50yr | 14000/- | Garhwa |
| | | Advisor | 10 | 10th Pass | - | 1 Yr | 25-50 yr | 14000/- | |
| 11 | Gramin Siksha avan Prashikshan Foundation. Jamtara | Quality Inspector | 40 | 12th Pass | - | - | 18-30yr | 10000-18000/- | Gujarat |
| | | Machine Operator | 120 | ITI/Diploma | - | - | 18-36yr | 21000/- | |
| | | Assembly Line | 40 | ITI/Diploma | - | - | 18-36yr | 21000/- | |
| 12 | FACE Skill Garhwa | Trainer (Silai) | 02 | 12th Pass | Diploma in Silai | 2-4yr | 20-35yr | 10,000 - 12000/- | Garhwa |
| | | Trainer (Computer) | 02 | 12th Pass | Diploma in Computer | 2-4yr | 20-35yr | 10,000 - 12000/- | |
| | | Trainer (Electrician) | 02 | 12th Pass | Diploma in electrician | 2-4yr | 20-35yr | 10,000 - 12000/- | |
| | | Trainer (GDA) | 02 | 12th Pass | GNM/B.Sc. Nursing | 2-4yr | 20-35yr | 10,000 - 12000/- | |
| 13 | UISS Skill Ramna. | Warehouse Trainer | 02 | Graduation | PG | 02 Yr | 25-40yr | 10000-12000/- | Ramna, Garhwa |
| | | Fashion Designer Trainer | 02 | Graduation | PG | - | 25-40yr | 10000-12000/- | |
| 14 | Shree Banarasi Sweets Garhwa | Manager | 02 | 12th Pass | Graduate | 01yr | 18-30yr | 10000-12000 | Garhwa |
| 15 | Shree Maa Vaishno Sweets Garhwa | Sales Man | 04 | 12th Pass | - | - | 18-40yr | 10000/- | Patna |
| 16 | Instakart Services (E-Kart) Garhwa | Delivery Executive | 30 | 10th Pass | - | - | 18-35yr | As Per Commission | Garhwa |
| 17 | AISECT Mega Skill Meral Garhwa. | IT (Trainer) | 04 | 12th Pass | Diploma | 03 yr | 18-40yr | 10000-12000/- | Meral, Garhwa |
| | | Trainer (GDA) | 04 | 12th Pass | GNM/B.Sc. Nursing | 2-4yr | 20-35yr | 10,000 - 15000/- | |
| | | Gardener (Trainer) | 04 | B.Sc. Agriculture | - | 1 yr | 20-35yr | 10,000 - 15000/- | |

मेला में भाग लेने के योग्य एवं ईच्छुक अभ्यर्थियों को झारखण्ड के किसी भी नियोजनालय में निबंधित होना अनिवार्य है। यदि वे पूर्व में निबंधित न हो तो रोजगार मेला के पूर्व अपना निबंधन अपने स्थानीय नियोजनालय में निश्चित रूप से करा लें, या नियोजनालय के अधिकृत वेबसाईट–www.rojgar.jharkhand.gov.in पर जाकर स्वंय कर सकते हैं। रोजगार मेला के दिन कार्यालय में निबंधन का कार्य स्थगित रहेगा। साथ ही नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों एवं उसकी छाया प्रति तथा बायोडाटा (02 कॉपी), दो पासपोर्ट साईज फोटो के साथ साक्षत्कार हेतु उपस्थित हों। रिक्ति निजी क्षेत्र से संबंधित है, इसलिए रिक्ति के शर्तों के लिए सीधे नियोजक उत्तरदायी है। विभाग एवं नियोजनालय मात्र सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य कर रहे है। मेला में भाग लेने के लिए किसी भी प्रकार का भत्ता देय नही होगा।

रोजगार मेला में अधिकांश झारखण्ड राज्यान्तर्गत निजी क्षेत्र के नियोजक भाग लेंगें एवं इनके द्वारा अधिसूचित रिक्तियों में झारखण्ड राज्य अन्तर्गत निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों का नियोजन अधिनियम 2021 लागू होगा। इन रिक्तियों के विरुद्ध स्थानीय उम्मीदवार के रुप में लाभ प्राप्त करने के लिए न्यूनतम अंचलाधिकारी के स्तर का स्थानीय निवास प्रमाण पत्र अनिवार्य होगा।

रिक्तियों की विस्तृत विवरणी गढ़वा जिला के वेबसाईट –www.garhwa.nic.in तथा नियोजनालय के अधिकृत वेबसाईट–www.rojgar.jharkhand.gov.in पर उपलब्ध है।

**नोट :–मेला में भाग लेने वाले कम्पनी की संख्या तथा उनके द्वारा उपलब्ध कराई गई रिक्ति घट–बढ़ सकती है।**

निवेदक
जिला नियोजन पदाधिकारी,गढ़वा

PR 314880 Labour Employment and Traning(23-24).D

## एक नजर

### सड़क दुर्घटना में दो घायल, एक गंभीर

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के पुलिस लाइन मेजर मोड़ के पास सोमवार की शाम सड़क दुर्घटना में हमीदगंज मोहल्ला निवासी राहुल कुमार उम्र 22 और धनंजय कुमार उम्र 25 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गये। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा दोनों को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद भी राहुल की स्थिति गंभीर बनी हुई है। वहीं घटना की जानकारी मिलने पर टीओपी-3 प्रभारी इंद्रदेव पासवान टाइगर मोबाइल के जवान परवेज खान,सरवन कुमार और इसरार अहमद सदर अस्पताल पहुंच कर घटना से सबंधित मामले की छानबीन में जुट गये हैं। पुलिस द्वारा घटना की जानकारी मिलते ही परिजन भी अस्पताल पहुंच गये हैं।

### नववर्ष के पहले दिन सघन वाहन जांच

**मेदिनीनगर।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर नये साल के पहले दिन मेदिनीनगर शहर थाना क्षेत्र में सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। टीओपी-वन प्रभारी एएसआई अशोक दुबे और टाइगर मोबाइल के जवानों ने कचहरी चौक, कोयल नदी के किनारे, साहित्य समाज चौक, जेलहाता, बस स्टैंड, स्टेशन रोड़ आदि जगहों पर सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अभियान चलाया। इस दौरान चालकों को यातायात नियमों का पालन करने, वाहनों की मानक-गुणवत्ता की जांच करने और सुरक्षा के महत्व के प्रति सचेत किया गया।

### संघर्ष मोर्चा ने मनाया पलामू का स्थापना दिवस

**मेदिनीनगर।** बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के जिला कार्यालय में पलामू जिले का 132वां स्थापना दिवस पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यकम की अध्यक्षता मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने व संचालन संजय कुमार ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने कहा कि पलामू जिले की स्थापना 1 जनवरी 1892 को हुई थी। स्थापना के 132 वर्ष बीत जाने के बाद भी जिले का अपेक्षित विकास न हो पाना चिंतनीय है। उन्होंने इसके लिये राजनीतिक संकल्प शक्ति का अभाव व प्रशासनिक उपेक्षा बताया। प्राकृतिक संसाधनों से परिपूर्ण पलामू की पहचान वर्तमान में पलायन व सूखाड़ की हो गयी है। संजय कुमार ने कहा कि पलामू में बुनियादी सुविधाओं का घोर अभाव है। इस अवसर पर संजीत कुमार, सनी कुमार, संजय चौरसिया, उपेंद्र तिवारी, कृष्णा राम, उमेश पासवान, राजू राम, रामनरेश महतो, यशवंत कुमार ,प्रदीप राम, सूरजमल राम आदि ने विचार वयक्त किये। अनुज राम ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

### वनभोज में इकट्ठा हुये भाकपा कार्यकर्ता

**मेदिनीनगर।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी के आवास पर निगम स्तरीय वनभोज सह लिट्टी-चोखा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर श्री तिवारी ने कहा कि प्रकृति के अनुरूप बिना टेंट सामियाना के वनभोज एवं लिट्टी-चोखा जैसे व्यंजन का लुत्फ उठाने का आनंद ही अलग है। वनभोज में लोग आपस में मिलजुल कर एक साथ एक जगह पर बैठकर सहभोज करते हैं।

### कड़ाके की ठंड में भी जश्न में डूबा रहा पलामू, चहुंओर छाया उल्लास

# नये साल के पहले दिन जंगल में मंगल, शहर में सन्नाटा


कोयल रिवर फ्रंट पर पिकनिक मनाते सैलानी


शहर की सड़कों पर छाया सन्नाटा


वाहनों की जांच करती पुलिस

### लोगों ने विभिन्न माध्यमों से एक दूसरे को नव वर्ष की शुभकामनायें दी और परिवार के बड़े-बुजुर्गों का चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** कड़ाके की ठंड व घने कोहरे के बीच सोमवार को नये वर्ष 2024 का आगाज हुआ। लोग सुबह कुछ देर से घरों से निकले, लेकिन ठंड भी नव वर्ष के उमंग को कम नहीं कर सका। नतीजा चढ़ते दिन के साथ शहर जश्न मनाने जंगल की ओर निकल पड़ा। शहर से सटे आसपास के जंगली इलाकों के पिकनिक स्पॉट लोगों की भीड़ से गुलजार हो गये। इधर शहर की सड़कों पर सन्नाटा पसर गया। शाम ढलने के बाद जब सड़कों पर चहल-पहल बढ़ी तो फिर देर रात तक शहर भीड़ से गुलजार रहा। नव वर्ष की खुशियां लोगों ने अपने अपने तरीके से मनाईं। कहीं पिकनिक का दौर चला तो कहीं जाम छलकाये गये। लोगों ने विभिन्न माध्यमों से एक दूसरे को नव वर्ष की शुभकामनायें दी और परिवार के बड़े-बुजुर्गों का चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया। पलामू की गंगा व कोयल नदी का घाट दोपहर से शाम तक भीड़ से भरा रहा। बड़ी संख्या में लोग अपने मित्रों व परिवार जनों के साथ पिकनिक मनाते दिखे। इस दौरान कोयल के मैरिन ड्राइव पर भी भीड़ लगी रही। खासकर बच्चे खेलते, कूदते मस्ती करते रहे। इसके अलावे चियांकी, रानीताल व केचकी आदि पिकनिक स्पाटों पर भी सैलानियों की भारी भीड़ उमड़ी।

#### होटल व रेस्त्रा रहे फुल

नववर्ष पर शहर के होटल और रेस्त्रा फुल नजर आये। नव कपल्स ने विभिन्न व्यंजनों का आनंद लिया। गीत संगीत की अनूठी जुगलबंदी पेश की गई। डांस और मस्ती के साथ स्वादिष्ट व्यंजनों का तड़का भी लगाया गया। शहर के अलावे ग्रामीण क्षेत्रों में भी नए साल के आगमन पर पार्टियां हुईं और केक काटकर जश्न मनाया गया। कई निजी गेस्ट हाउसों में नव वर्ष की पूर्व संध्या पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ सहभोज का भी आयोजन किया गया। लोगों में मीट व मुर्गा खरीदने की होड़ सी मची रही।

#### मीट-मुर्गा की कीमतें बढ़ी

मांसाहारी के शौकीनों की दिन-प्रतिदिन बढ़ती संख्या के कारण नववर्ष की पार्टी में नानवेज की डिमांड अधिक देखी गयी। मांग में वृद्धि का असर कीमतों पर भी देखा गया। एक जनवरी को बकरे का मीट जहां पांच सौ से बढ़कर 550 रुपये प्रतिकिलो पहुंच गया। वहीं ब्वायलर मुर्गा भी 150 से 200 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से बेचा गया।

#### मंदिरों में उमड़ी भीड़

शहर समेत आसपास के ग्रामीण इलाकों की मंदिरों में सोमवार को श्रद्धालुओं की खासी भीड़ रही। बड़ी संख्या में लोगों ने मंदिरों में पूजा पाठ व माथा टेककर नव वर्ष की शुरूआत की। इनमें महिला श्रद्धालुओं की संख्या सर्वाधिक थी। शहर के छह मुहान स्थित मंगला काली मंदिर, बाजार स्थित विष्णु मंदिर, महावीर मन्दिर, सप्तमातर माता मन्दिर, रेडमा काली मन्दिर व ठाकुरबाड़ी मन्दिर में बड़ी संख्या में लोग पूजा अर्चना करने पहुंचे।

#### हैप्पी न्यू ईयर के साथ नववर्ष का आगाज

मेदिनीनगर रविवार की पूरी रात शहरवासी नए साल के स्वागत में जश्न मनाते रहे। रात के 12 बजते ही पूरा वातावरण हैप्पी न्यू ईयर के शोर से गुंजायमान हो उठा। सोमवार पौ-फटते ही स्नान-ध्यान से निवृत्त होकर नागरिकों ने मंदिरों में पूजा-अर्चना कर नये साल के पहले दिन की शुरूआत की। इस दौरान सभी ने पूरा वर्ष सुखमय व शांति के साथ व्यतीत होने की कामना की। उसके बाद सभी ने पूर्व नियोजित कार्यक्रम के अनुसार पिकनिक स्पाटों का रुख किया। जिले के अमानत, कोयल नदी के तट सहित केचकी संगम, बेतला नेशनल पार्क, भीम बैराज सहित अन्य पिकनिक स्पाट देर रात तक सैलानियों से गुलजार रहे। वहीं बनाकर सभी ने परिजनों, दोस्तों, रिश्तेदारों के साथ लजीज व्यंजनों का लुत्फ उठाया। नये साल के उत्साह और उमंग में किसी भी तरह की अव्यवस्था नहीं फैले इसको लेकर पुलिस भी सक्रिय रही। सभी स्थलों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। पुलिस कर्मियों की टोली हर तरफ संदिग्धों पर नजर गड़ाए हुई थी। जहां कहीं भी संदिग्ध दिखे पुलिस टीम ने उनकी जमकर खबर ली। नव वर्ष के आगमन को लेकर लोगों में भरपूर उत्साह दिखा। दिन भर आसमान में बादल छाये होने की वजह से मौसम खुशनुमा रहने के कारण पार्टी का आनंद और भी बढ़ गया।

#### सुरक्षा के थे पुख्ता प्रबंध

नव वर्ष के जश्न में किसी घटना दुर्घटना का खलल न पड़े, इसे लेकर पलामू पुलिस सोमवार को सुबह से ही अलर्ट थी। एक तरफ पुलिस जहां शहर के विभिन्न मार्गो पर वाहनों की गति पर नजर जमाये हेलमेट व सीटबेल्ट की जांच कर रही थी तो वहीं दूसरी तरफ पिकनिक स्पाटों पर भी सुरक्षा के लिए पुलिस के जवान मौजूद थे। विभिन्न चौक-चौराहों पर भी पुलिस के जवान मुस्तैद रहे।

# शीतलहर के आगे सूरज का तेज भी बेअसर


पलामू में कोहरे की घनी चादर

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले में शीतलहर का कहर जारी है। लोग धूप सेकने के लिये तरस रहे हैं। तीन दिनों के उपरांत सोमवार दोपहर बाद कोहरे की घनी चादर में लिपटे सूर्यदेव ने दर्शन तो दिया, लेकिन उनका तेज शीतलहर के समक्ष बेअसर रहा। पलामू में मौसम का मिजाज पूरी तरह से बिगड़ा हुआ है। दिनभर घनी धुंध के साथ तेज सर्द हवाओं से कनकनी बढ़ी हुयी है। सूर्यास्त के पूर्व से ही कोहरे की घनी चादर वातावरण को अपने आगोश में लेना शुरू कर दे रही है। रात गहराने के साथ ही धुंध भी गहराते जा रही है। टप-टप टपकती ओस की बूंदे रिमझिम बरसात का एहसास करा रही हैं। दिन चढ़ने तक चारो तरफ अंधेरा छाया रह रहा है। मौसम के जानकार मकर संक्रांति तक मौसम प्रतिकूल रहने की संभावना जता रहे हैं। मौसम की मार का सर्वाधिक संसाधन विहीन लोगों पर पड़ रहा है। कोई उपाय नहीं रहने के कारण वे कड़कड़ाती ठंड में ठिठुरते हुये समय काट रहे हैं।

### मेदिनीनगर में सेवा बस्ती तो गांवों में हरिनगर प्रखंड से किया गया प्रारंभ

# श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह के आमंत्रण पत्र का वितरण शुरू

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** परम पुनीत अयोध्या नगरी में नवनिर्मित श्रीराम मंदिर में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिये आमंत्रण पत्र वितरण का कार्य सोमवार से शुरू किया गया। मेदिनीनगर शहर में सेवा बस्ती तो ग्रामीण अंचलों में हरिनगर प्रखंड से आमंत्रण पत्र वितरण का आगाज किया गया। दोनों ही क्षेत्रों में पहले दिन 51-51 घरों में आमंत्रण पत्र दिया गया। कार्यक्रम को लेकर विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखा गया। नागरिक भी आमंत्रण पत्र पाकर निहाल हो जा रहे हैं। विहिप के जिला मंत्री दामोदर मिश्र ने बताया कि इससे पूर्व 31 दिसंबर तक जिले के विभिन्न मंदिरों में समारोह पूर्वक पूजित अक्षत-कलश रखकर देवी-देवताओं को आमंत्रित किया गया। एक जनवरी से 15 जनवरी तक पूरे जिले में घर-घर जाकर सनातन धर्मावलंबियों को रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह का साक्षी बनने के लिये निमंत्रित किया जा रहा है। लेस्लीगंज, पांकी, सतबरवा, नावा बाजार, नौडीहा बाजार, विश्रामपुर, जपला, भीम नगर, छतरपुर, पाटन, मनातू, पांडू आदि प्रखंडों में भी आमंत्रण पत्र का वितरण शुरू हो गया है। कार्यक्रम में विहिप के अमित तिवारी, सुरेश वर्मा, गोपाल तिवारी, संदीप गुप्ता, विकास कश्यप, दिलीप गिरी, रवि तिवारी, प्रकाश विश्वकर्मा आदि तन्मयता पूर्वक जुटे हैं।


आमंत्रण पत्र देते विहिप के पदाधिकारी

# सेवा गारंटी अधिनियम का पालन सुनिश्चित करें :डीसी



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले के उपायुक्त शशि रंजन ने पलामू के सभी कार्यालय प्रधानों को झारखंड राज्य सेवा गारंटी अधिनियम-2011 का पालन अनिवार्य रूप से करने का निर्देश दिया है। उपायुक्त ने कहा है कि सभी अवगत हैं कि झारखंड राज्य सेवा देने की गारंटी अधिनियम-2011 के तहत विभिन्न सेवाओं को निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत निष्पादित करने का प्रावधान है,परंतु प्रायः ऐसा देखा जा रहा है कि कुछ सेवाओं को निर्धारित समय सीमा के अंदर निष्पादित नहीं किया जा रहा है। जिसके कारण लंबित आवेदनों की संख्या बढ़ती जा रही है। इसे लेकर उन्होंने सभी संबंधितों को सेवा देने की गारंटी अधिनियम का अनिवार्य रूप से पालन करने को लेकर निर्देशित किया है। इसके अलावे उन्होंने आमजनों की सुविधा के लिए सेवाओं से संबंधित सभी प्रासंगिक सूचना कार्यालय के नोटिस बोर्ड में प्रदर्शित करने का निर्देश दिया है।

### इप्टा की सांस्कृतिक पाठशाला में परिचर्चा में बोले वक्ता

# अशांति के बाद भाईचारा खोकर भेदभाव पाया


विचार व्यक्त करते वक्ता

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** इप्टा द्वारा संचालित संस्कृतिक पाठशाला की 29वीं कड़ी में वर्ष 2023 में हमने क्या खोया, क्या पाया विषय पर चर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता गोकुल बसंत एवं अखिल भारतीय किसान सभा के प्रांतीय अध्यक्ष केडी सिंह ने संयुक्त रूप से किया। चर्चा का विषय प्रवेश कराते हुए प्रेम प्रकाश ने कहा कि साल के अंतिम दिन हम लोग संस्कृतिक पाठशाला में एकत्रित हुये हैं। व्यक्तिगत स्तर पर देखें तो इस दौरान हमने निर्भीकता, शांति और भाईचारा खोया है। इसी के साथ जीवन में भय, अशांति और भेदभाव के कई तत्व पाए हैं। अनुभव मिश्रा ने कहा हमने जीवन का लय खोया है और सांस्कृतिक यात्रा के दौरान हमने ज्ञान पाया है। आकर्ष ने कहा हमने खोने को बहुत कुछ खोया है पाया है तो भ्रष्टाचार और अशांति। संजू ने कहा कि सांस्कृतिक पाठशाला से जीवन जीने का अनुभव पाया है। शशि पांडे, कुलदीप, निषाद खान, राजीव रंजन, संजय सिंह उमेश, उपेंद्र कुमार मिश्र, गोविंद प्रसाद आदि ने भी अपने-अपने अनुभवों का उल्लेख किया। कार्यक्रम के अंत में इप्टा के जिला सचिव रविशंकर ने आभार प्रकट किया। मौके पर समरेश सिंह, विजेता नंद तिवारी, तनु नागरे, अजीत ठाकुर, राकेश पाठक, उत्कर्ष गौतम, संजीत दुबे, सच्चिदानंद उपस्थित थे।

# सफदर की याद में इप्टा ने मनाया संकल्प दिवस


कार्यक्रम को संबोधित करते वक्ता

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** एक जनवरी 1989 को अराजक तत्वों के हमले में शहीद रंगकर्मी सफदर हाशमी की याद में इप्टा द्वारा सोमवार को रेड़मा स्थित कार्यालय में संकल्प सभा का आयोजन किया गया। सभा की अध्यक्षता प्रेम प्रकाश ने की। इस सभा में उपस्थित रंगकर्मियों ने सफदर हाशमी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर चर्चा करते हुए कहा कि वे बहुआयामी प्रतिभा के धनी थे। उन्होंने 24 नाटकों के साथ कई गीतों की रचना की थी। इसके साथ नाटकों में उन्होंने अभिनय भी किया था। उनके महत्वपूर्ण नाटकों में महंगाई की मार, राजा का बाजा, हत्यारे, मशीन, अपहरण भाईचारे का, औरत आदि प्रमुख हैं। शब्बीर अहमद ने कहा कि सफदर हाशमी को याद करने का मतलब है रंगकर्म को संघर्ष से जोड़ना। रंगकर्म को संघर्ष से जोड़कर ही प्रभावकारी बनाया जा सकता है। अंत में सफदर हाशमी द्वारा लिखित गीत पढ़ना-लिखना सीखो ओ मेहनत करने वालों गीत से उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। मौके पर गोविंद प्रसाद, रवि शंकर, राजीव रंजन, शशि पांडे, अजीत ठाकुर, संजीव कुमार संजू, अनुभव मिश्रा, भोला, संजीत दुबे, पीयूसीएल के निषाद खान उपस्थित थे।

# युवा कसौधन वैश्य समिति ने आयोजित किया वनभोज


दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ करते अतिथि

**नवीन मेल संवाददाता**

**चैनपुर।** स्थानीय युवा कसौधन वैश्य समिति के तत्वावधान में नव वर्ष पर पारिवारिक वनभोज का आयोजन भवन निर्माण स्थल निमियां में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मेदनीनगर नगर निगम की प्रथम महापौर अरुणा शंकर एवं चैनपुर थाना प्रभारी रूपेश कुमार दुबे ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर एवं कश्यप मुनि की तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया। इस दौरान समाज के बच्चों के द्वारा नृत्य, संगीत, भाषण व नाटक तथा बाहर से आए कलाकारों द्वारा रंगारंग संगीत कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। समिति के सभी रक्तवीरों को सम्मानित किया गया। मौके पर समिति के अध्यक्ष दिलीप कश्यप, सचिव रौशन कश्यप, कोषाध्यक्ष पंकज कश्यप, उपाध्यक्ष अमर कश्यप, रूपेश कश्यप, उपसचिव अनिकेत चंदन, अजीत कश्यप, कसौधन सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष अनिल कश्यप, सचिव विजय गुप्ता आदि शामिल थे।

**पिछड़ापन** — प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत पलामू के 15 प्रखंडों में चला अभियान

# जनजातीय टोले में जागरूकता का आज अंतिम दिन

### सामाजिक व आर्थिक रूप से इन आदिन जनजातियों की स्थिति आज भी नारकीय है

### शासन की सक्रियता से जनमन जागरूकता अभियान घर-घर का अभियान बन गया

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत देश के 101 जिलो में चले जागरूकता अभियान का मंगलवार को अंतिम दिन है। इन जिलों में झारखंड के पलामू, खूंटी व गुमला जिले शामिल हैं। भारत सरकार के आदिवासी मामलों के मंत्रालय ने सभी 101 जिलों के कलेक्टरों को 2 जनवरी तक जागरूकता का अभियान चलाने को निर्देशित किया था। शासन की सक्रियता से जनमन जागरूकता अभियान घर-घर का अभियान बन गया। बताते चलें कि पलामू जिले के 21 प्रखंडों में 15 प्रखंडों में जनजातीय आदिवासियों का टोला है। जबकि तरहसी, लेस्लीगंज, हरिहरगंज, पिपरा और हैदरनगर में इनके एक भी टोले नहीं हैं। पांडू प्रखंड में महज तीन टोले हैं। सामाजिक व आर्थिक रूप से इन आदिन जनजातियों की स्थिति आज भी नारकीय है।


आदिम जनजाति का परिवार

**जनजातियों में पहरिया की संख्या सर्वाधिक :** पलामू जिले में जनजातीय आदिवासियों में पहरिया जनजाति की संख्या सर्वाधिक है। इनकी जिले के जनजातियों की विद्यमानता वाले सभी टोलें में मौजूदगी है। जबकि जिले में बिहोर जनजाति की संख्या नगण्य है। नववर्ष में राज्य सरकार के सहयोग से इनके समग्र उन्नयन की पहल की जायेगी।

#### 4604 घरों तक पहुंचा जागरूकता अभियान

पलामू के उप विकास आयुक्त रवि आनंद ने बताया कि जिले के 15 प्रखंडों में आदिम जनजातियों के 167 टोले और 4604 घर हैं। यहां जनजातियों की संख्या लगभग 14000 है। सभी स्थानों पर प्रशासन द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता अभियान चलाया गया है। इनके समुचित विकास के लिये केंद्र सरकार द्वारा 11 योजनायें संचालित की जा रही हैं।

## एक नजर

### सेवा भारती के 81वें स्वास्थ्य शिविर में 47 मरीजों का उपचार



**लोहरदगा।** सेवा भारती द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय प्रांगण मे आयोजित 81 वें स्वास्थ्य शिवीर में रविवार को 47 मरीजों ने जांच कराया। सेवा भारती के जिलाध्यक्ष दीपक सर्राफ एवं डॉ कुमुद अग्रवाल ने संयुक्त रूप से भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प चढ़ाकर शिवीर का शुभारंभ किया साथ ही वंदे मातरम,भारत माता की जय के जयघोष के साथ शिवीर का शुभारंभ हुआ। मौके पर जिलाध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा की सेवा ही परमोधर्म है और कहा की नित्य दिन सुबह योग एवं व्यायाम करने से शरीर स्वस्थ रहने के साथ निरोगी रहता है। डॉ कुमुद ने कहा की ठंड के मौसम में हरी सब्जी एवं मुल्ली का सेवन करें। इससे शुगर एवं बी.पी भी कंट्रोल में रहेगा। सचिव जयप्रकाश शर्मा, सहसचिव संजय चौधरी एवं शशि भूषण सिंह ने कहा कि 1 जून 2022 से निरंतर चल रहे प्रत्येक सप्ताह स्वास्थ्य शिविर में लोग अपना चेकअप करा कर संतुष्ट हैं और यह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर निरंतर प्रत्येक रविवार को सुबह एक घंटे के लिए लगाई जाती है। लोगों ने शुगर, बीपी, ऑक्सीजन लेबल, वजन, हार्ट बीट आदि की जांच करवाते हुए। डॉक्टर से परामर्श भी लिए। शिविर में गुप्तेश्वर प्रसाद गुप्ता,सुबोध महतो, अंजलि सर्राफ, प्रदीप साहू, अतुल सर्राफ, मोतीलाल अग्रवाल, शंकर प्रसाद, अफरोज आलम, प्राण महतो, शंभू कास्यंकार, किशोर अग्रवाल, उदय कास्यंकार, सुरेंद्र प्रसाद, नंदलाल कास्यंकार, लक्ष्मी महतो, जयंती देवी, वैभव कुमार, सुनील अग्रवाल, डोमन चंद्र कर्मकार, रविंद्र लोहार, शर्मिला देवी, मोहन मिंज, मुन्नी देवी आदि शामिल थे।

### उद्यमिता विकास संस्थान स्वरोजगार का दे रही प्रशिक्षण

**हंटरगंज (चतरा)।** हंटरगंज प्रखंड के बहेरी में भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान द्वारा आयोजित सात दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में महिला व पुरुष प्रतिभागियों को स्वरोजगार का दिया जा रहा प्रशिक्षण। इस प्रशिक्षण में 30 महिला-पुरुष प्रतिभागी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। प्रशिक्षण में महिला-पुरुषों को स्वरोजगार कुशल व्यावसायिक प्रबंध डिजिटल मार्केटिंग परियोजना सहकारिता बैंक को राष्ट्रीय बैंक को उद्योगों से सहायता प्राप्त कर उद्योग लगाने के बारे में जानकारी दी जा रही है। प्रशिक्षुओं को झारखंड प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर दिलीप कुमार द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण प्राप्त करने वालों में वीणा देवी, गायत्री देवी, विनोद कुमार, अमित कुमार, कुसुम कुमारी, रितापला देवी, कल्पना कुमारी, पम्मी कुमारी, शैलजा, हसिबा खातून, कल्पना सिंह, रानी सिंह, मोनिका, दीपाली कुमारी, रानी सिंह, रागिनी, चांदनी आदि शामिल थे।

**नववर्ष का स्वागत : जिले के पदाधिकारियों ने परिवार के साथ डंडई प्रखंड के पनघटवा डैम पर पिकनिक का लुत्फ उठाया**

# डीसी-एसपी व डीडीसी की सुरीली आवाज ने मन मोहा

**नवीन मेल संवाददाता। डंडई** प्रखंड क्षेत्र में जश्न के साथ वर्ष 2024 के पहला दिन का आगाज हुआ। इस अवसर पर क्षेत्र के कई पर्यटक स्थल सोमवार को सैलानियों से गुलजार रहे। डंडई वह धुरकी प्रखंड के सिवाना पर अवस्थित पनघटवा डैम सुबह से शाम तक पूरी तरह सैलानियों के लिए केंद्र बिंदु बना रहा।

डैम पर जहां दूर-दूर के सैलानी पिकनिक मनाने पहुंचे, वहीं जिला प्रशासन भी सपरिवार उक्त स्थल पर पहुंच डैम का शोभा बढ़ाने का काम किया। उपायुक्त शेखर जमुआर, एसपी दीपक कुमार पांडे, डीडीसी राकेश कुमार राय के साथ-साथ जिले के कई पुलिस व प्रशासनिक पदाधिकारी सपरिवार उक्त स्थल पहुंच संयुक्त रूप से पिकनिक का लुत्फ उठाने का काम किया। इस दौरान डीसी, एसपी, डीडीसी ने अपनी-अपनी पत्नी संग सुरीली आवाज में तरह-तरह के गीत गाकर डैम पर पहुंचे सैलानियों का मन मोह लिया। उक्त पदाधिकारियों के गीत समाप्त होते ही तालियों की गड़गड़ाहट से सैलानियों ने उनका अभिवादन किया। इस बीच, एसपी दीपक कुमार पांडे ने द्वारा गाए गए 'छुप गए सारे नजारे ओए क्या बात हो गई, दिल ने दिल को पुकारा, दिन में रात हो गई..' गाना गाकर सैलानियों को झूमने को मजबूर कर दिया। इसके अलावा डंडई बीडीओ राहुल कुमार सानू ने भी कई गीत गाए। इससे पहले पदाधिकारियों के द्वारा डैम की सुंदरता को निहारने का काम किया गया। तीन ओर से घिरे घने जंगलों के बीच अवस्थित डैम को पिकनिक स्पॉट के लिए बहुत ही बेहतरीन स्थल बताया। वहीं डैम में दर्जनों से भी अधिक चल रहे तरह-तरह के नाव को देख उनके द्वारा डैम की काफी प्रशंसा की गई। उधर डैम पर पिकनिक मनाने को लेकर दूर-दूर से पहुंचे शैलानी छोटे-छोटे पहाड़ों के नीचे बैठ पिकनिक का आनंद लिया। उसके बाद डीजे साउंड पर नाच गान करते नौका विहार का भी खूब लुत्फ उठाने का काम किया गया। पिकनिक मनाने को लेकर डैम पर पहुंचे जिले के पदाधिकारियों को ससपरिवार देख सैलानी काफी खुश हुए। सैलानियों ने कहा कि घने पहाड़ों के बीच अवस्थित पनघटवा डैम पर वर्ष के पहले दिन के अवसर पर बहुत पहले से ही सैलानियों की भीड़ लगती आ रही है। लेकिन इस वर्ष जिले के पदाधिकारी को पहुंचने से उसकी शोभा और बढ़ गई। उन्होंने कहा कि इस डैम की पहचान अब तक सिर्फ आम लोगों तक ही सीमित रह गई थी, लेकिन जिले के पदाधिकारियों को इस वर्ष पिकनिक को लेकर डैम पर पहुंचने से यह साबित हो गया है कि यह डैम सच में एक पर्यटक स्थल है।



## देर रात तक चला बधाइयों का दौर, पिकनिक स्पॉट रहे गुलजार

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा** वर्ष 2023 को अलविदा करने के साथ ही रविवार रात 12 बजे के बाद नए साल 2024 के स्वागत का दौर शुरू हो गया जो सोमवार को दिन भर चलता रहा। नव वर्ष पर जिला मुख्यालय स्थित अन्नराज डैम, बंडा पहाड़, जुडवनिया मंदिर, दानरो नदी, डंडई के पनघटवा डैम, धुरकी के सुखलदरी, चिनिया के गुरुसिंद्धु, बंशीधर नगर के राजा पहाड़ी, कांडी के सतबहिनी, केतार के भगवती मंदिर आदि पिकनिक स्पॉटों पर सोमवार को सैलानियों की भीड़ उमड़ पड़ी। लोगों ने गर्मजोशी के साथ नववर्ष का स्वागत किया। सुबह से लेकर शाम तक पिकनिक स्थल गुलजार रहे। नव वर्ष में जहां लोगों ने स्वादिष्ट व्यंजनों का लुत्फ उठाया, वहीं उत्साह, उमंग और मस्ती के साथ फिल्मी गीतों पर थिरकते देखे गये। चारों तरफ हैप्पी न्यू इयर की गूंज रही। नववर्ष पर लोगों ने बड़ों का आशीर्वाद लिया तो दोस्तों से गले मिलकर एक दूसरे को शुभकामनाएं दी। नववर्ष पर पिकनिक स्थल पर हर तबका के लोगों का जुटान हुआ। शहर से लेकर गांव तक डीजे साउंड और फिल्मी गीतों से माहौल रंगीन बना हुआ था। कहीं शराब और कबाब का दौर तो कहीं शाकाहारी भोजन का लोगों ने लुत्फ उठाया। नये साल को लेकर घरों में भी उत्सव का माहौल रहा। उत्साह और उमंग लोगों के सिर चढ़कर बोल रहा था। पिकनिक स्पॉटों पर हर उम्र और वर्ग के लोग सेल्फी लेते दिखे। अन्नराज डैम के पास बच्चे तरह-तरह के आनंद लिया. क्रिकेट, बैडमिंटन खेलकर बच्चों ने मस्ती की।

**पिकनिक स्थलों पर पुख्ता थी सुरक्षा**

सदर प्रखंड के अन्नराज डैम, बंडा पहाड़, हेलीपैड के अलावे अन्य पिकनिक स्थलों में सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम था। थाना प्रभारी केके साहू ने सभी पिकनिक स्थलों में पुलिस बल व पदाधिकारियों को तैनात कर सुरक्षा का जायजा ले रहे थे। पुलिस टीम चौक चौराहा व मुख्य सड़कों में गश्त लगाती दिखी। शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में नव वर्ष मनाया।

## हाथियों ने तीन घरों को किया क्षतिग्रस्त भय के माहौल में जीने को विवश ग्रामीण

**नवीन मेल संवाददाता। चिनिया** थाना क्षेत्र के दो गांवों में रविवार रात हाथियों ने हमला कर तीन घरों को पूरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया, जिससे भूक्तभोगी परिवार काफी चिंतित व परेशान है। सर्वप्रथम हाथियों ने खूरी गांव के सरकी टोला निवासी मिथिलेश मिस्त्री के घर को क्षतिग्रस्त किया। उसी रात थाना क्षेत्र के बेटा गांव निवासी सुनीता कंवर के घर को भी हाथियों ने क्षतिग्रस्त कर दिया। वहीं हाथियों के इस आतंक से ग्रामीण एक तरफ जहां भयभीत है, तो दूसरी तरफ वन विभाग के प्रति काफी नाराजगी भी है। ग्रामीणों का कहना है कि वन विभाग हाथियों को भगाने में नाकामयाब है, जबकि विभाग के कर्मचारी हम लोगों के यहां पहुंचकर आश्वासन के नाम पर सिर्फ मुआवजा का मरहम लग रहे हैं। वहीं पीड़ित ग्रामीणों ने फिर से विभाग से यह गुहार लगाई है कि जल्द से जल्द हम लोगों के क्षेत्र से जंगली हाथियों के झुंड को भगाया जाए। उनका कहना है कि हाथियों के कारण हम लोगों की जिंदगी तहस-नस हो गई है। हाथी घरों को तो नुकसान पहुंचा ही रहे हैं, घर के अंदर रखे अनाज को भी निकाल कर खा रहे हैं एवं उन्हें बर्बाद कर रहे हैं। इसके कारण हम लोगों के सामने एक बहुत बड़ी विकट स्थिति उत्पन्न हो गई है। इस मौके पर बुधन यादव, दिलीप चौधरी, मिथिलेश मिस्त्री कमलेश सिंह सहित अन्य लोग मौजूद थे।



## चिनिया प्रखंड के पिकनिक स्पॉटों पर उमड़ी भीड़

**नवीन मेल संवाददाता। चिनिया** प्रखंड क्षेत्र में नव वर्ष के अवसर पर क्षेत्र के लोगों ने एक पिकनिक स्पॉट पर पूरे जश्न मनाने के साथ ही एक दूसरे को नव वर्ष की बधाई दी। इस मौके पर क्षेत्र के पिकनिक स्पॉटों पर काफी भीड़ देखी गई। लोग पिकनिक मनाते नजर आएद्ध खासकर युवाओं में नववर्ष को लेकर काफी जोश था। बताते चलें कि चिनिया प्रखंड के मुख्य पर्यटक स्थल गुरु सिंधु जलप्रपात में हजारों सैलानी पहुंचे तथा पिकनिक का आनंद लिया। वहीं चिरका जलाशय में भी लोगों ने खूब मस्ती की। पिकनिक माने के लिए कनहर नदी के गायघाट के पास भी युवाओं का हुजूम उमड़ पड़ा। वहीं सुरक्षा के दृष्टिकोण से रंका अनुमंडल इंस्पेक्टर रामजी यादव चिनीया थाना प्रभारी राज बल्लभ कुमार के नेतृत्व में प्रखंड हर पिकनिक स्पॉट पर पुलिस बल की तैनाती की गई थी। वहीं चिनिया के गटियरवा जंगल में भी लोगों ने पिकनिक मनाया। युवाओं ने डीजे बजाकर खूब डांस किया। मौके पर थाना प्रभारी राजबल्लभ कुमार के नेतृत्व सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद थी। गुरु सिंधु जलप्रपात में दूर-दूर से हजारों सैलानी पहुंचे।





## चंदवा : खरसावां गोलीकांड के शहीदों को श्रद्धांजलि

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा** शहर से सटे कुसुमटोली स्थित कृषि फार्म के प्रांगण में कार्यक्रम आयोजित कर एक जनवरी 1948 खरसावां गोलीकांड के शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने बारी-बारी से शहीदों के प्रतीक चिन्ह पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता टूढ़ामु ग्राम प्रधान रतिलाल उरांव ने की जबकि कार्यक्रम का संचालन झारखंड आंदोलनकारी जितेंद्र सिंह कर रहे थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि 1 जनवरी 1948 को खरसांवा हाट में मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा को सुनने के लिए जमा हुए सैकड़ों निर्दोष आदिवासियों के ऊपर ओडिशा पुलिस द्वारा बर्बर तरीके से गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया गया था, जिसमें सैकड़ों आदिवासियों की मौत हो गई थी। आजाद भारत का यह सबसे बड़ा गोलीकांड था। दुर्भाग्यवश आज तक न तो शहीदों को चिन्हित किया गया है और न ही उनके परिजनों को न्याय मिल पाया है। वक्ताओं ने कहा कि अंग्रेजी नया साल एक जनवरी को खुशियां मनाना वीर शहीदों का अपमान है। कार्यक्रम को हरि कुमार भगत, राजूराम लोहरा, विकास भगत, अनुज उंराव आदि ने संबोधित किया। मौके पर सुरेशनाथ लोहरा, धनेश्वर उंराव, चइता मुंडा, सुरेंद्र उंराव, सुनीता उंराव मौजूद थे।



## लोहरदगा में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का अक्षत-कलश वितरण कार्य प्रारंभ

### उपायुक्त, एसडीओ, डीजे वन, थाना प्रभारी को दिया निमंत्रण पत्र

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा** श्री रघुवर जी के अवधपुरी में प्राण प्रतिष्ठा होना है निमंत्रण को स्वीकार करो अब सबको अयोध्या चलना है। इसी के साथ 1 जनवरी से 15 जनवरी तक सभी राम भक्तों के घर तक अक्षत और निमंत्रण पत्र पहुंचना है। इसी के निमित्त सोमवार को लोहरदगा जिला उपायुक्त वाघमारे प्रसाद कृष्ण को अक्षत व निमंत्रण पत्र देकर कार्य शुभारंभ किया गया। इसके अलावा लोहरदगा डीजे प्रथम जज साहब, एसडीओ अमित कुमार, लोहरदगा सीओ श्री आशुतोष, लोहरदगा थाना प्रभारी अनिल उरांव, प्रांत संघ चालक सच्चिदानंद अग्रवाल की धर्मपत्नी को भी निमंत्रण दिया गया।



**स्मृति शेष** | 1 जनवरी को शोक दिवस के रूप में याद करते हैं आदिवासी : चैतू सिंह

# खरसावां नरसंहार के शहीदों को किया गया याद

**नवीन मेल संवाददाता। चिनिया** अखिल भारतीय आदिवासी महासभा की प्रखंड इकाई द्वारा अनहारीदह टोला में खरसावां नरसंहार के शहीदों को याद कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। खरवार आदिवासी एकता सॉन्ग सीनियर प्रखंड अध्यक्ष अजय सिंह खरवार किंतु में कार्यक्रम आयोजित किए गये। मौके पर उपस्थित अखिल भारतीय आदिवासी महासभा के जिला अध्यक्ष चैतू सिंह खरवार ने कहा कि 1 जनवरी 1948 को हजारों आदिवासियों की हत्या कर दी गई थी। उन्हीं आदिवासियों को आज हम लोग याद कर रहे हैं। आदिवासी आज भी 1 जनवरी को नए साल के रूप में नहीं बल्कि शोक दिवस के रूप में याद करते हैं। इस अवसर पर उपस्थित अजय सिंह खरवार, बीरबल कोरबा, तारवेश सिंह लाल बाबू कोरबा, कविता कुमारी, सत्यनारायण सिंह, चैतुनाथ सिंह उपस्थित थे।



## भंडरा में अयोध्या से आया अक्षत-कलश भैंसमुंदो पहुंचा, किया गया जोरदार स्वागत

**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा** अयोध्या में श्री राम जी के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए सोमवार को प्रखंड के भैंसमुंदो मे विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं एवं गांव की महिलाओं द्वारा घर-घर जाकर अक्षत देकर निमंत्रण पत्र दिया गया। आमंत्रित किया गया कि 22 जनवरी को सभी अपने गांव के देवालय में जाकर 11:00 बजे से पूजन, कीर्तन, भजन करना है। तत्पश्चात 2:00 बजे अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की आरती गांव गांव के लोगों को भी आरती में सम्मिलित होना है। इसके लिए न्यौता घर-घर अक्षत एवं पत्रक के साथ-साथ चित्र दिया गया। घर घर नेवता देने कार्यक्रम में आनंद सिंह, विवेक सिंह, अभिषेक सिंह, कांति देवी, गीता देवी, जूली देवी, सूरज यादव, करमचंद यादव, संध्या कुमारी, रूपेश सिंह, पुष्पा देवी, सावित्री देवी, अंजू देवी, निर्मला देवी, भाजपा जिला महामंत्री बालकृष्ण सिंह आदि शामिल रहे।



## एक नजर

### पुलिस ने धर्मपुर मोड़ पर चलाया वाहन चेकिंग अभियान



**लातेहार।** एसपी अंजनी अंजन के निर्देश पर धर्मपुर मोड़ पर सोमवार को सदर थाना पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान सदर थाना प्रभारी आशुतोष कुमार मौजूद थे। चेकिंग अभियान में बिना हेलमेट के दो पहिया वाहन चालकों को जुर्माना लगाया जा रहा है। वहीं दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनकर वाहन चलाने की अपील की जा रही है। इस दौरान रांची से मेदिनीनगर जा रहे यात्री बस में बैठे यात्रियों को वाहन रोकवाकर ऊपर बैठे यात्रियों को नीचे बस में सवार कराया गया। कंडक्टर को ऊपर यात्री नहीं बैठाने का निर्देश दिया। तब बस अपने गंतव्य की ओर रवाना हुई। मौके पर थाना प्रभारी ने शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों को कड़ी चेतावनी देते हुए शराब पीकर वाहन नहीं चलाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि दुर्घटना पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक लातेहार के निर्देश पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान दुपहिया वाहन चालक बिना हेलमेट के पकड़े गए, जिन्हें जुर्माना वसूलकर और चेतावनी देकर छोड़ा गया। मौके पर अन्य जवान शामिल थे।

### नववर्ष के पहले दिन समाजसेवी की पहल पर लगा ट्रांसफार्मर



**चंदवा।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत चंदवा पूर्वी पंचायत के कुसुमटोली नीचे मोहल्ला में लगा 25 केवीए का ट्रांसफार्मर बीते कुछ माह से खराब रहने के कारण लोग अंधेरे में रहने को विवश थे। इस बात की जानकारी ग्रामीणों ने समाजसेवी सह भाजपा मंडल उपाध्यक्ष विजय कुमार दुबे को दी। विजय दुबे के द्वारा इसकी जानकारी विधुत विभाग के अधिकारियों को दी गई। विजय दुबे ने अधिकारियों से जनहित में तत्काल नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराने का आग्रह किया। विधुत विभाग और विजय दुबे के सार्थक पहल पर रविवार को 25 केवीए का ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया गया जिसके बाद सोमवार को उक्त ट्रांसफार्मर से बिजली सुचारू रूप से बहाल कर दी गई। बिजली बहाल होते ही लोगो ने राहत की सांस ली है। ग्रामीणों ने विजय दुबे और विद्युत विभाग को साधुवाद दिया है।

## चतरा : पिकनिक स्पॉटों पर उमड़ी भीड़, डीजे की धुन पर थिरके युवा

# हर्षोल्लास से नववर्ष का स्वागत



**नवीन मेल संवाददाता। चतरा/इटखोरी/पत्थलगड़ा**

नव वर्ष 2024 के पहले दिन सोमवार को जिले के विभिन्न पिकनिक स्पॉटों पर युवाओं की भारी भीड़ उमड़ी। वहीं मंगलकामनाओं के साथ नव वर्ष 2024 का स्वागत जिले वासियों ने पूजा-पाठ के साथ किया। जबकी युवाओं ने जश्न मनाकर 2023 को विदाई दी और 2024 का स्वागत भी किया। रात्री के 12 बजने के बाद से ही मोबाइल पर नव वर्ष की बधाई और मुबारक बाद देने का दौर प्रारंभ हुआ जो दुसरे दिन एक जनवरी के देर शाम तक चलता रहा। जिले के प्रसिद्ध पिकनीक स्पॉटों में कान्हाचटी प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत तामाशिन जलप्रपात, सदर प्रखंड स्थित लक्ष्मनपुर डैम, डुमेर-सुमेर, हेरु डेम, लावालौंग के खैवा-बन्दारू, टंडवा प्रखंड मुख्यालय स्थित चुदरू धाम, गिद्धौर प्रखंड के बलबल सिसवा, हंटरगंज प्रखंड के कोलेश्वरी पर्वत व इटखोरी के हदहदवा आदि स्थानों पर पिकनिक मनाने को लेकर युवाओं की भीड़ हर वर्ष की भांती इस वर्ष भी नव वर्ष के पहले दिन उमड़ी थी। पिकनिक स्पॉटों पर पहुंचे युवा सामूहिक वन भोज का आनंद उठाने के साथ डीजे के धुन पर भी जमकर थिरके युवा। दूसरी ओर एसपी राकेश रंजन के दिशा निर्देश पर पुलिस चौकस रही।

### शक्ति पीठों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**चतरा/इटखोरी/पत्थलगडा।** नव वर्ष 2024 के पहले दिन जिले के इटखोरी स्थित प्रसिद्ध माता भद्रकाली मंदिर, हंटरगंज स्थित कुलेश्वारी मंदिर, गिद्धौर प्रखंड के बलबल बागेश्वरी मंदिर व पत्थलगडा के लेंबोईया पहाड़ी पर अवस्थित देवी स्थाना पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। नव वर्ष के पहले दिन माता भद्रकाली मंदिर, कुलेश्वरी मंदिर, लेंबोईया पहाड़ी स्थित देवी स्थान, टंडवा के चुंदरु मंदिर व सिमरिया के भवानी मठ में दूर दराज से श्रद्धालु भारी संख्या में पहुंचकर पूजा अर्चना कर साल का शुभारंभ किया। इटखोरी में माता भद्रकली मंदिर में श्रद्धालुओं की अभूतपूर्व भीड़ उमड़ी। सुबह में मंदिर का पट जैसे ही खुला, श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। मंदिर में अहले सुबह से लेकर देर शाम तक श्रद्धालुओं के पहुंचने का क्रम जारी रहा। माता भद्रकाली के दर्शन के उपरांत श्रद्धालुओं ने सहस्त्र शिवलिंग मंदिर, शनिदेव मंदिर, कोठेश्वरनाथ, पंचमुखी हनुमान, बुद्ध विहार, राधा कृष्ण कुंज का भी दर्शन किया। इस दौरान मंदिर प्रबंधन समिति भी श्रद्धालुओं की व्यवस्था में लगी रही। वहीं पूजा को लेकर मंदिर परिसर में उमड़ी भीड़ को ले मेला सा दृश्य दिखा। इसी प्रकार कुलेश्वरी पहाड़ी पर अवस्थित मंदिर, चुंदरु धाम स्थित सूर्य मंदिर व गिद्धौर के बलबल गर्म कुंड स्थित बागेश्वरी मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना के उपरांत समीप नदी, घाट व पहाडों पर पिकनिक का भी लोगों ने आनंद उठाया।

### बच्चों में दिखा उत्साह

**गिद्धौर (चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड के विभिन्न पिकनिक स्पॉटों में सोमवार सुबह से ही लोगों की भीड़ उमड़ने लगी। खासकर छोटे बच्चों के बीच काफी उत्साह देखने को मिला। 31 दिसम्बर 2023 के अलविदा होते ही और 1 जनवरी 2024 नये वर्ष के प्रारंभ होते ही सोमवार सुबह से ही लोगों की भीड़ चौक-चौराहे पर मछली, मुर्गा, बकरे की दुकान पर लग गई थी। बच्चों की टोली पास के जंगल व पिकनिक स्थलों पर पहुंचकर वनभोज का आंनद उठाया।

### मां बागेश्वरी मंदिर में पूजा को उमड़ी भीड़

**गिद्धौर(चतरा)।** जिले के गिद्धौर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बलबल स्थित गर्म जलकुंड में स्नान कर मां बागेश्वरी मंदिर में पूजा अर्चना करने को लेकर रविवार नव वर्ष 2024 के पहले दिन लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। लोगों के अहले सुबह से आना प्रारंभ हुआ जो दोपहर तक जारी रहा। इस दौरान वर्ष के पहले दिन सैंकड़ों की संख्या में लोग बलबल स्थित गर्म जल कुंड में स्नान कर मां बागेश्वरी मंदिर में पूजा अर्चना किये। श्रद्धालु चतरा, हजारीबाग, रामगढ़ व लातेहार सहित अन्य जिलों से पहुंचे थे। वही मंदिर पुजारी वासुदेव पांडेय ने बताया की बलबल में गर्म जल कुंड होने की वजह से श्रद्धालु विशेषकर ठंढ़ के मौसम में काफी संख्या में पहुंचते हैं और गर्म जल कुंड में स्नान कर विधिवत पूजा अर्चना करते हैं। वहीं भीड़ को देखते हुए मन्दिर प्रबंधन समिति दिन भर पूरी तरह मुस्तैद रही।

### नववर्ष के उपलक्ष्य में कंबल का वितरण

**प्रतापपुर(चतरा)।** प्रतापपुर प्रखंड क्षेत्र के जफरडीह गांव में ठेकेदार कारू मल्लाह द्वारा मजदूरों के बीच नव वर्ष पर कंबल व गर्म वस्त्र का वितरण किया गया। कारू मल्लाह व उनके बड़े पुत्र पिंटू कुमार ने बताया कि हमलोग हर वर्ष के भाती इस वर्ष में नववर्ष के उपलक्ष्य में अपने मजदूरों के बीच कंबल व गर्म वस्त्र का वितरण किए आगे उन्होंने बताया कि बीते कई वर्षों से ठंड के मौसम में हमारे द्वारा कंबल वितरण किया जाता है। मजदूरों ने कहा कि हम सभी को हर वर्ष नए साल में मिठाई व कंबल देते हैं। साथ हीं दुख-सुख में हमेशा खड़े रहते हैं, जिसका नतीजा है कि हम सभी इनके पास ही वर्षों से काम करते आ रहे हैं।

## नववर्ष पर जश्न : जंगल रहा गुलजार, गांव सुनसान



**संतोष कुमार निराला। गिद्धौर(चतरा)**

नव वर्ष 2024 का स्वागत जिले के गिद्धौर प्रखंड क्षेत्र में लोगों ने जोरदार तरीके से किया। नव वर्ष पर जहां एक ओर जंगल गुलजार रहा। वहीं गांव सुनसान दिखा। अधिकतर परिवार के सदस्य के साथ युवक व युवतियों की टोली जंगल में वन भोज का आनंद उठाते दिखे। जबकि युवकों ने डीजे के साउंड पर जमकर ठुमके भी लगाए। दुसरी ओर एक दूसरे को रात से ही नव वर्ष की बधाई व शुभकामनाएं लोग देने लगे थे। सोमवार के सुबह होते ही लोग नव वर्ष मनाने को लेकर पिकनिक स्पॉट के साथ जंगल की और कुच कर गए। गिद्धौर के बलबल गर्म जल कुंड, हदहदवा जलप्रपात, पेक्सा अबरखावा सहित अन्य पिकनिक स्पॉटों पर लोगों की भीड़ लगी। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बीडीओ, थाना प्रभारी लगातार क्षेत्र का भ्रमण करते रहे। नव वर्ष के वन भोज में सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार कुशवाहा, भाजपा मंडल अध्यक्ष कपिल कुमार, युवा प्रखंड अध्यक्ष बबलू कुमार साह, ओबीसी मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष विकास कुमार, किसान मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष सुनील कुमार राणा, समाजसेवी आशीष कुमार साव, पत्रकार संतोष कुमार निराला, राजेश कुमार दांगी, मंटू कुमार व मनोज कुमार आदि शामिल थे।

# लातेहार जिले में नववर्ष के पहले दिन पिकनिक स्पॉटों/मंदिरों में उमड़ी भीड़



**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**

प्रखंड मुख्यालय एवं आसपास के क्षेत्र में नव वर्ष की खुशियां मनाने को लेकर प्रखंड के सभी पिकनिक स्पॉटों पर काफी भीड़ भाड़ रही। नव वर्ष की खुशियां मनाने वाले लोगों के लिए सोमवार काफी खुशनुमा रहा। सुबह में मौसम खराब रहने के बाद 11:00 बजे के बाद धूप निकलने के साथ प्रखंड के आधा दर्जन से अधिक पिकनिक स्पॉटों पर भीड़ लगनी शुरू हो गई थी। नव वर्ष के पहले दिन प्रखंड के मंडल डैम परिसर, पम्पुकल कोयल नदी तट, कोयल पुल के नीचे, औरंगा कोयल संगम, गरम झरना, लंका खड़िया कोयल नदी किनारे समेत कोयल नदी के किनारे आधा दर्जन से अधिक गांव के पास, केचकी संगम, पहाड़ी मंदिर परिसर समेत अन्य जगहों पर पिकनिक मनाने वाले लोगों की भीड़ रही। वहीं प्रखंड के सभी पिकनिक स्पॉटों पर शांति व्यवस्था कायम रहे इसको लेकर थाना प्रभारी श्रीनिवास कुमार सिंह की देखरेख में पुलिस की बड़ी चाक चौबंद व्यवस्था थी। पुलिस द्वारा जहां हुड़दंगियों से निपटने के लिए चेकिंग अभियान चलाया गया, वहीं मोटरसाइकिल से गशती कर इस पर नजर रखा गया। इसके साथ छिपादोहर थाना प्रभारी अभिषेक कुमार द्वारा भी थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए सक्रिय रहे। वहीं प्रखंड मुख्यालय एवं आसपास के क्षेत्र में नव वर्ष 2024 के पहले दिन पूरे वर्ष मंगलमय व शांति कायम रहे इसको लेकर सोमवार अहले सुबह से प्रखंड के सभी मंदिरों में पूजा अर्चना को लेकर काफी भीड़ रही। नव वर्ष के पहले दिन प्रखंड के पहाड़ी शिव मंदिर, हनुमान मंदिर बाजार स्थित पंचमुखी मंदिर समेत अन्य मंदिरों में खराब मौसम के बावजूद भक्तों की पूजा को लेकर काफी भीड़ रही।

### सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

**लातेहार।** एक तरफ ठंड का सितम और दूसरी तरफ कोहरे के आगोश में लिपटा हुआ शहर। लोग अपने-अपने घरों में दुबकने को मजबूर हैं। वहीं लातेहार थाना प्रभारी आशुतोष कुमार अपनी पूरी टीम के साथ रात के अंधेरे में सुरक्षा में तैनात नजर आए। आपको बता दें कि इस हाड़ कंपा देने वाली ठंड के वाबजूद नये साल में किसी भी प्रकार की समस्या न हो और लोग शांति और आनंद से नया साल का आनंद उठाये इसको लेकर जिला प्रशासन द्वारा सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया गया है। नए साल के जश्न के दौरान शराब पीकर ड्राइविंग करने वालों पर खास नजर रखी जा रही है ताकि सड़क दुर्घटना को रोका जा सके। इसको लेकर विशेष रूप सख्ती बरती जा रही है। थाना प्रभारी खुद रात में स्पेशल ड्राइव चलाकर शराब पीकर वाहन चलाने वालों की जांच में जुटे रहे। लातेहार थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के दिर्नेश पर शहर के विभिन्न स्थानों पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। नए साल के मद्देनजर लातेहार के पर्यटन स्थलों पर सुरक्षा के इंतजाम किए गए हैं। सभी पार्कों, डैम, पर्यटन स्थलों के इर्द-गिर्द पुलिस फोर्स की प्रतिनियुक्ति की गई है। शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने लातेहार के आम लोगों से भी सावधानी और सतर्कता बरतने की अपील की है।

## पर्यटन स्थलों पर दिखा मेले जैसा दृश्य

**मुबारक आलम। चंदवा**

प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सभी पिकनिक स्पॉट नव वर्ष के अवसर पर पर्यटकों से गुलजार रहे। पर्यटन स्थलों पर मेले जैसा दृश्य देखने को मिला। नये साल की खुशी पर लोगों ने दोस्तो व परिजनों के साथ जमकर मस्ती की। नये साल के स्वागत में रविवार दिन से ही पिकनिक मनाने की तैयारी चल रही थी। लोगों ने पिकनिक को लेकर बाजारों में जमकर खरीदारी भी की। देर रात से ही नव वर्ष की बधाई देने का सिलसिला शुरू हो गया था। लोग अपने दोस्तों व सगे संबंधियों को फोन और वाट्सएप पर मैसेज भेज नये साल की बधाई देते नजर आ रहे थे। नव वर्ष की सुबह लोग नगर मंदिर पहुंच सुख शांति की मन्नत मांगी। नगर मंदिर समेत अन्य धार्मिक स्थलों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। मंदिर में पूजा अर्चना करने के बाद लोग अपने दोस्तों व रिश्तेदारों के साथ पर्यटन स्थलों की ओर जाते दिखे। दिन भर सड़क वीरान व पर्यटन स्थल गुलजार देखे गए। प्रखंड के चंदवा लोहरदगा सीमाने पर स्थित कांति झरना, ढोंटी झुंझुनिया वाटर फॉल, हिंडाल्को पार्क समेत 27 नम्बर ब्रिज पर पर्यटकों की काफी भीड़ रही। जंगलों पहाड़ों के बीच प्रकृति की गोद में बसे कांति झरना की सुंदरता का लोगों ने खूब लुत्फ उठाया। ऊंचाई से गिरते पानी की सुंदरता भी पर्यटकों का मन मोह रही थी। शहर के इंदिरा गांधी चौक पर पुलिस प्रशासन की टीम दो पहिया वाहन चालकों के हेलमेट चेकिंग करते देखे गए। प्रशासन की टीम लोगों से शराब पीकर वाहन नहीं चलाने की भी अपील कर रहे थे।



# पीडीएस डीलरों की अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू, बीडीओ को सौंपा ज्ञापन



**नवीन मेल संवाददाता। टंडवा**

सरकारी राशन वितरकों का केंद्रीय संगठन ऑल इंडिया फेयर प्राइस शॉप डीलर्स फेडरेशन के आह्वान पर जिले के टंडवा प्रखंड डीलर संघ ने 1 जनवरी से अनिश्चितकालीन हड़ताल प्रारंभ कर दी है। इस संबंध में प्रखंड अध्यक्ष परमानंद पांडेय के नेतृत्व में सोमवार को शिष्टमंडल ने बीडीओ देवलाल उरांव से मिलकर पूरे मामले से अवगत कराते हुवे ज्ञापन सौंपा है। डीलरों की प्रमुख मांगों में तीन सौ रुपये प्रति क्विंटल कमीशन या तीस हजार रुपए मानदेय, डीलरों के लिए अनुकम्पा के नियमों को पूर्ववत लागू करने, पीएमजीकेएवाई के 10-12 महीने का बकाया कमीशन देते हुवे जूट के बोरा का पैसा देने, पॉश मशीन में 2 जी के जगह 5 जी की सुविधा मुहैया कराने, राशन वितरण के अतिरिक्त लिये जाने वाले अन्य कामों के बदले मेहनताना, 5 प्रतिशत शॉटेज वेस्टेज देने, प्रशासन द्वारा डीलरों का शोषण अविलंब बंद करते हुवे व सही वजन कर आवंटित खाद्यान्नों की आपूर्ति डीलरों को करने की मांगें शामिल है। शिष्टमंडल में संघ के सचिव हीरालाल यादव, कोषाध्यक्ष सुबोध कुमार, गणेश यादव, सरोज प्रसाद गुप्ता, रंजीत प्रसाद गुप्ता, देवकी राम, रंजन दास, नरेंद्र प्रसाद, गौतम दास, करम भगत, शिवनाथ महतो समेत अन्य शामिल थे।

## नववर्ष 2024 पर युवा राजद का वनभोज कार्यक्रम

**बालूमाथ।** प्रखंड अंतर्गत अहारो नदी परिसर में राष्ट्रीय जनता दल युवा मोर्चा का मंडल युवा अध्यक्ष दीपक कुमार के नेतृत्व में नववर्ष पर वनभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें बतौर मुख्यातिथि लातेहार विधानसभा क्षेत्र के भावी प्रत्याशी सुरेश राम सहित कई वरिष्ठ राजद कार्यकर्ता उपस्थित हुए। मौके पर मनोज यादव, ज्योति सिंह, ललन यादव, विकास यादव, संजय यादव, शिव कुमार, सुजीत कुमार, रजनीश कुमार, विरपन यादव, चरवा उरांव, सुदामा साव, राहुल साव, उपेंद्र यादव, अंकित कुमार, शनि भोक्ता, गोपाल कुमार, बद्री यादव, ब्रह्मदेव यादव, राजेश उरांव, अभिनाश राम, महेंद्र राम, प्रमोद राम, बरतू यादव, मो अतीक अंसारी, मो एजाज अंसारी, मो सैफ, विवेक यादव, रामेंद्र यादव, दिलीप यादव, विकास कुमार, कुलदीप यादव, मनोज गंजू, शिव कुशवाहा आदि उपस्थित थे।


**उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, लातेहार**
**( डी०एम०एफ०टी० कोषांग )**

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– ................/2023
ज्ञापांक–..................../डी0एम0एफ0टी0,दिनांक– .........../12/2023

लातेहार जिला अन्तर्गत विभिन्न मद के योजनाओं के पर्यवेक्षण एवं अनुश्रवण के साथ क्षेत्र भ्रमण हेतु डी0एम0एफ0टी0 कोषांग के लिये निम्नलिखित वाहनों (चालक सहित/चालक रहित) की आवश्यकता है।

| क्र. | आवश्यक वहनों का विवरण | संख्या |
|---|---|---|
| 1. | Tata Sumo Gold (Top Model) | 01 |
| 2. | Mahindra Scorpio Classic (Top Model) | 01 |
| 3. | Maruti Ciaz (Top Model) | 01 |
| 4. | Toyota Innova Crysta (Top Model) | 01 |

उक्त कार्य हेतु इच्छुक आपूर्तिकर्त्ता/वाहन मालिकों से दिनांक–08/01/2024को अपराह्न02:00बजे तकनिविदा की मांग की जाती है। निविदा डी0एम0एफ0टी0 कोषांग, समाहरणालय लातेहार में निर्धारित अवधि तक प्राप्त किये जायेगें। निविदा का निष्पादन उसी दिन दिनांक– 08/01/2024 को अपराह्न04:00 बजे डी0एम0एफ0टी0 कोषांग, सभा कक्ष में "निविदा समिति" के द्वारा किया जायेगा।

निविदा संबंधित सूचना लातेहार जिला का वेबसाईट https://latehar.nic.inपर देखा जा सकता है।

प्रभारी पदाधिकारी,
डी0एम0एफ0टी0, लातेहार।

PR.NO.314899 District(23-24):D


## मैत्री क्रिकेट मैच | नायडू ने बनाए 95 रन, पवन रेड्डी ने 68 रन व लिये चार विकेट

# वीपीआर ने मगध परियोजना को 151 रन से दी मात




**नवीन मेल संवाददाता। टंडवा**

टंडवा थाना क्षेत्र अंतर्गत मगध कोल परियोजना क्षेत्र के वीपीआर कंसोर्टियम प्रांगण में सोमवार को नववर्ष 2024 के दिन मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच में रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। मगध परियोजना प्रबंधन बनाम आउटसोर्सिंग कंपनी वीपीआर के बीच खेले गए मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी वीपीआर की टीम द्वारा 16 ओवर में तीन विकेट खोकर 269 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। इसकी जबाबी पारी में लक्ष्य का पीछा करते हुए परियोजना प्रबंधन की टीम ने महज 118 रनों के स्कोर पर ही सिमट गई। वीपीआर टीम की ओर से खेल रहे गुदीवाड़ा नायडू व पवन रेड्डी की विस्फोटक अंदाज में की गई बल्लेबाजी से दर्शक रोमांचित होकर तालियां बजाते रहे। गुदीवाड़ा ने महज 30 गेंदों में 12 छक्कों की मदद से 95 रन बनाए, जबकि रेड्डी ने भी अपना जौहर दिखाते हुए महज 23 गेंद में 68 रन तथा गेंदबाजी में चार महत्वपूर्ण विकेट भी झटके। मैच की अंपायरिंग साजिद अख्तर व बी. नायडू द्वारा की गई। इस मौके पर जीएम नृपेन्द्र नाथ, पीओ एस. सत्यनारायणा, उप प्रबंधक अभिषेक आनंद, खान प्रबंधक मो. अकरम, वीपीआर मैनेजर श्रीनिवासन रेड्डी समेत सैंकड़ों लोग शामिल थे।


**कार्यालय जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, चतरा**
Phone- 06541-253994 E-mail-electionoffice.chatra@gmail.com

**प्रेस विज्ञप्ति**

फोटो मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम–2024

चतरा जिला के आम नागरिकों को सूचित किया जाता है कि भारत निर्वाचन आयोग नई, दिल्ली द्वारा दिनांक–01.01.2024 को अर्हता तिथि मानते हुए फोटो मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम–2024 का संशोधित तिथि निम्न प्रकार निर्धारित किया गया है:–

| Sl. No | Revision activities | Existing Schedule | Revised Schedule |
|---|---|---|---|
| 1 | Disposal of claims and objections | By 26.12.2023 (Tuesday) | By 12.01.2024 (Friday) |
| 2 | (i) Checking of health parameters and obtaining Commission's permission for final publication<br>(ii) Updating database and printing of supplements | By 01.01.2024 (Monday) | By 17.01.2024 (Wednesday) |
| 3 | Final publication of Electoral roll | By 05.01.2024 (Friday) | 22.01.2024 (Monday) |


इससे संबंधित किसी भी प्रकार की सहायता के लिए Toll Free No. 1950 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त, चतरा

PR 314876 Election(23-24)#D

## एक नजर

### गुमला : पिकनिक स्पॉटों पर नववर्ष का स्वागत



**गुमला।** गुमला जिले के विभिन्न हिस्सों में स्थित पिकनिक स्थलों पर सोमवार को नववर्ष पर लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। प्रातः होते ही ठंड और कुहासा भरे मौसम में लोग अपने अपने घरों से निकल पड़े और एक दूसरे को नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए गुमला जिले के हसीन वादियों में मनपसंद व्यंजनों को तैयार कर खाया। सभी मनोरम स्थानों और पिकनिक स्पॉटों पर विभिन्न व्यंजनों की खुशबू चारों तरफ फिजाओं में फैल चुकी थी। विभिन्न चौक चौराहो पर उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी और पुलिस कप्तान हरविंदर सिंह द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों का ख्याल रखते हुए मजिस्ट्रेट, एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल एवं अन्य एसडीपीओ, इंस्पेक्टर, थाना प्रभारी मुस्तैद देखे गये।

### महिला ने फांसी का फंदा लगाकर अपने घर में की आत्महत्या

**गुमला।** जिले के घाघरा थाना क्षेत्र स्थित तुरियाडीह ग्राम निवासी 35 वर्षीय सिंगी देवी एक महिला ने घरेलू विवाद को लेकर अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इसकी सूचना मृतक के पति और ग्रामीणों ने पुलिस को रविवार को दी। एसआई राहुल कुमार सिंह घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु गुमला सदर अस्पताल भेजवाया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

### पुलिस से वर्ग 3 की छात्रा की सकुशल बरामदगी की गुहार

**गुमला।** जिला मुख्यालय स्थित सरना टोली गुमला निवासी संजय गोप (मामा) ने सदर थाना में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराते हुए शुक्रवार की संध्या से गायब अपनी भगनी रिया कुमारी, जो स्थानीय संत पत्रिका स्कूल की वर्ग 3 की छात्रा है की सकुशल बरामदगी की गुहार लगाई है।

### सभी कोषांगों के वरीय पदाधिकारियों का प्रशिक्षण 4 को

**लोहरदगा।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 की तैयारी से संबंधित सभी कोषांगों के वरीय पदाधिकारियों को 4 जनवरी को प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण समाहरणालय सभाकक्ष में 4 जनवरी को 11.30 बजे पूर्वाहन से दिया जाएगा, जिसमें कार्मिक कोषांग, सामान्य प्रशिक्षण कोषांग, सामग्री कोषांग, वाहन कोषांग, ईवीएम कोषांग, कम्प्यूटराइजेशन, साइबर सिक्योरिटी व आइटी कोषांग, स्वीप कोषांग, विधि-व्यवस्था-सह-आचार संहिता-रूट चार्ट कोषांग, ईवीएम एवं वीवीपैट कोषांग, आदर्श आचार संहिता कोषांग, निर्वाचन व्यय लेखा कोषांग, बैलेट पेपर, पोस्टल बैलेट व इटीपीबीएस कोषांग, मीडिया कोषांग, कम्युनिकेशन, मतदाता सूची विखंडिकरण कोषांग, कंप्लेंट्स रीड्रेसल एवं वोटर हेल्पलाईन, प्रेक्षक कोषांग आदि के वरीय पदाधिकारी शामिल हैं। यह प्रशिक्षण राज्य स्तरीय मास्टर प्रशिक्षकों द्वारा दिया जाएगा।

### जिले के सभी रमणीय, प्राकृतिक व धार्मिक स्थलों पर भीड़ उमड़ी, कहीं डीजे की धूम, तो कहीं आतिशबाजी का अद्भुत नजारा

# लोहरदगा में गर्मजोशी से नववर्ष 2024 का स्वागत





**नवीन मेल संवादाता। लोहरदगा**

नया साल 2024 आ चुका है। रात 12 बजते ही देश भर में नए साल का जश्न मनाया गया। इस दौरान चारों ओर खुशी माहौल देखने को मिला। कहीं पर लोग संगीत की धुन पर झूम और गा रहे थे तो कहीं नए साल के आने पर अमन चैन की दुआएं मांगी गईं। लोहरदगा में लोगों ने एक-दूसरे को नववर्ष की बधाईयां दीं। महिलाओं और किशोरों सहित हजारों लोगों ने नाचते-गाते, खुशी मनाते और एक-दूसरे को बधाई देते हुए भव्य अंदाज में नए साल का स्वागत किया। पार्टी का सिलसिला आधी रात बाद भी जारी रहा। लोग 2023 को अलविदा कहने और नव वर्ष 2024 का स्वागत करने के लिए अपने शहर के प्रमुख स्थानों पर जमा हुए और 12 बजते ही नए साल का जश्न मनाना शुरू कर दिया। इस दौरान लोगों ने पटाखे भी फोड़े। जैसे ही घड़ी ने 12 बजाए कई क्षेत्रों में पटाखे फोड़े गए, जिससे रात में आसमान रोशनी से झिलमिला उठा। वहीं, रात में कई खुले क्षेत्रों, होटलों, रेस्तरां में कई बैंडों के रॉक संगीत ने धूम मचाई। वहीं प्रकृति की आंचल और पर्यटन स्थलों की सुंदरता के बीच नए साल का आगाज हुआ। लोहरदगा जिले के अलग-अलग पिकनिक व पर्यटन स्थलों पर पूरे उल्लास, उत्साह और नई उमंगों के साथ साल 2024 का स्वागत हुआ। लोगों ने पूरे परिवार के साथ पिकनिक स्पॉट के साथ-साथ प्राकृतिक वातावरण से परिपूर्ण पर्यटन स्थलों पर पहुंचकर नए साल का आगाज किया। जिले के सभी रमणीक स्थलों, प्राकृतिक स्थलों और धार्मिक स्थलों में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। लोगों ने दिन की शुरुआत धार्मिक स्थलों में पूजा-अर्चना के साथ की। ईश्वर से अपने परिवार के लिए सुख, शांति और समृद्धि की कामना करने के बाद लोगों ने पिकनिक स्पॉटों की ओर रुख किया। धरधरिया जलप्रपात, लावापानी जनप्रपात, केकरांग जलप्रपात, नंदिनी जलाशय, नंदगांव, कंडरा, शंख-कोयल नदी तट, बक्सीपतरा, चिरीपतरा, नामुदाग स्थित पुल नंबर 27 आदि प्राकृतिक और पर्यटन स्थलों में लोगों की भारी भीड़ उमड़ी थी। लोगों ने खाना बनाकर खाया तो कुछ घर से ही खाना बनाकर ले गए थे। लोगों ने होटल और अपने घरों पर अलग-अलग डीजे की धुनों पर डांस करते हुए नए साल का जोरदार स्वागत किया। वहीं आतिशबाजी कर जमकर जश्न मनाते हुए फूल तथा उपहार देकर दोस्त तथा परिजनों को नववर्ष की बधाई दी।

### सेल्फी लेने को लेकर उत्सुक दिखे लोग

नववर्ष मनाने को लेकर जिले सहित कई स्थानों से पहुंचे सैलानी क्षेत्र के मनोरम दृश्य को देखते ही सेल्फी लेने को ले उत्सुक दिखे। नंदगांव, लावापानी, पुल नंबर 27, नंदिनी जलाशय, पझरी पहाड़, अखिलेश्वर धाम, हिरन कट्टा डैम, पांडे-बांध डैम की प्राकृतिक सुंदरता को देख सैलानी अपने-अपने परिवारों और दोस्तों के साथ सेल्फी ले रहे थे। लोगों की भीड़ इस कदर उमड़ी थी कि नंदिनी जलाशय से भंडरा तक पहुंचने में दो घंटे लग गए। कई बार जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई थी।

### मीट, मछली, मुर्गा व मिठाइयों की खूब बिक्री

नववर्ष का जश्न मनाने के लिए एक ओर जहां मीट, मछली व मुर्गा की खूब बिक्री हुई। वहीं दूसरी ओर मिठाइयों की भी रिकॉर्ड बिक्री हुई। जिले में एक अनुमान के अनुसार लोगों ने करीब पांच लाख रुपये के मांस-मछली की खरीद में खर्च किए, तो मिठाइयों की बिक्री भी करीब एक लाख रुपये तक रही। जिले की प्रसिद्ध मिठाइयों की खूब खरीदारी भी जोरों पर रही। नववर्ष के स्वागत में हर जाति व समुदाय के लोगों ने अपने-अपने तरीके से नववर्ष का स्वागत किया।

### जश्न को लेकर सुरक्षा के थे पुख्ता इंतजाम

पुलिस ने नए साल के जश्न के मद्देनजर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किया। व्यवस्थित तरीके से नया साल मनाने के लिए बाजारों व शॉपिंग मॉल से लेकर रेस्तरां के आसपास के क्षेत्र में पुलिस की मजबूत उपस्थिति रही। पुलिस ने नशे में हुड़दंग व ड्राइविंग करने वालों पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी। नए साल को लेकर पुलिस प्रशासन द्वारा भी पूरी सतर्कता बरती गई थी। जिले के सभी पिकनिक स्पाट में सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम थे। सुरक्षा को लेकर पिकनिक स्पॉटों पर सादे लिबास में भी पुलिस की तैनाती की गई थी।

### साल के पहले दिन हुई मंदिरों में विशेष पूजा-

नए साल के पहले दिन मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना हुई। शहर के विभिन्न मंदिरों पर लोग भगवान का आशीर्वाद लेने के लिए आएं। वही जिले के विभिन्न प्रखण्डो में स्थित मंदिरों में भी लोगो की भीड़ उमड़ी।

## कैरो में नंदिनी डैम पर उमड़ी भीड़, सुबह से ही लोगों ने मंदिरों में की पूजा

**शकील अहमद। कैरो**

नववर्ष 2024 पर लोगों का देखा गया उत्साह। सुबह से ही लोगों ने मंदिरों में पूजा पाठ कर ईश्वर से परिवार के लिये मंगल की कामना की। वहीं प्रखंड क्षेत्र के कोयल नदी, गोपालगंज जंगल, बक्सी पहाड़, नंदनी डैम इत्यादि स्थानों पर सैलानियों ने जमकर नववर्ष का आनंद उठाया। नंदनी डैम पर युवाओं की टोली संगीत के साथ नाचती, गाती, झूमती नजर आई। नव वर्ष पर पिकनिक स्पॉट गुलजार नजर आए। हर कोई नए साल का स्वागत दिल खोलकर करते नजर आया। बच्चे, बूढ़े, युवा सभी नए साल के जश्न में डूबे नजर आए। हर कोई इस नए साल को अपने अंदाज से मनाते दिखे और कई तरह के संकल्प के साथ साल की शुरुआत की गई। वहीं, पिकनिक स्पॉट पर आते ही बच्चों के चेहरे पर खुशी झलक रही थी। वहीं सुरक्षा के निमित्त कैरो थाना प्रभारी शंखनाथ उरांव, भंडरा थाना प्रभारी गौतम कुमार व थाना के दलबल किसी भी प्रकार के अनहोनी घटना से निपटने के लिए अपनी अपनी ड्यूटी में चुस्त दुरुस्त दिखाई दिये।



## कुडू प्रखंड में मुस्लिम समुदाय के युवाओं ने कब्रिस्तान परिसर की सफाई कर अलग अंदाज में मनाया नया साल



**नवीन मेल संवाददाता। कुडू**

कुडू में मुस्लिम समुदाय ने नव वर्ष अलग अंदाज में मनाया। कोरोना के प्रकोप के बढ़ने की लगातार मिल रही खबरों को देखते हुए मुस्लिम युवाओं ने नववर्ष की छुट्टी को सार्थक करते हुए कब्रिस्तान की साफ - सफाई की। सैकड़ों की संख्या में हसुआ, कुदाल खुरपा आदि लेकर कब्रिस्तान पहुंचे युवा, बच्चे बुजुर्गों ने भी श्रमदान कर पूर्वजों की कब्र की साफ-सफाई कर नए साल का स्वागत किया। उल्लेखनीय है कि बीते कुछ वर्षों से यह सिलसिला कुडू से शुरू हुआ था। इस वर्ष जिदो बारीडीह, चंडू कब्रिस्तान में भी लोगो ने श्रमदान कर सफाई की। बताते चलें कि बारिश के मौसम में कब्रिस्तान परिसर में अत्यधिक झाड़ियां उग जाती हैं, जिसकी वजह से दुआ के लिए पूर्वजों के कब्रों तक पहुंचने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। जिसे देखते हुए सफाई को तरजीह दी जा रही है और आगे भी आने वाली पीढ़ी को इसे निरंतर आगे बढ़ाते रहने का प्रयास किया जा रहा है।

### सेन्हा प्रखंड के पिकनिक स्पॉट पर रही भीड़



**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**

नव वर्ष 2024 प्रखंड क्षेत्र में लोगों ने धूमधाम से मनाया। 31 दिसंबर की रात 12 बजते ही लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई। सभी ने एक-दूसरे को नव वर्ष का बधाई देनी शुरू कर दी। साथ ही पटाखा फोड़ कर नववर्ष का आगाज शुरू किया। युवकों ने दिन भर डीजे की धुन पर मस्ती से नाचते थिरकते नजर आये। लोग अहले सुबह से ही पूजा-पाठ में जुट गए थे। इसके बाद पिकनिक स्पाटों का रुख किया। सुबह से शाम तक पिकनिक स्पॉट गुलजार रहा। वहीं कुछ लोगों ने घर में रहकर ही नव वर्ष का आनंद लिया। सुविधानुसार लोग पिकनिक मनाते हुए नदी, झरने एवं खेत खलिहान में देखे गये। पहाड़ी क्षेत्र के कुछ लोग भी पिकनिक मनाने जंगल की ओर जाने से बचते देखे गये। ग्रामीण लोगों का भी कहना है कि इन दिनों जंगलों में उग्रवादियों की मौजूदगी बढ़ गई है। आये दिन ही कई जगह विस्फोट के कारण लोगों की जान गई हैं। हालांकि पुलिस द्वारा जगह-जगह पर सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। प्रखंड क्षेत्र के धरधरिया जलप्रपात, सीठीयो, चितरी कोयल नदी, नंदगांव फॉर्म में लोगों ने पिकनिक के दौरान खाने पीने का लुफ्त उठाया। पिकनिक स्थल से लेकर सड़कों पर पुलिस के जवानों का पहरा देखा गया। नववर्ष के कारण प्रखंड मुख्यालय एवं अन्य जगहों पर सोमवार को लगने वाले सप्ताहिक बाजार में भीड़ व चहल पहल बहुत कम देखने को मिली। प्रखंड मुख्यालय खुला रहने के बावजूद सन्नाटा पसरा रहा।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,भवन निर्माण विभाग,**
**भवन प्रमण्डल, गढ़वा।**

1 विभाग का नाम :– भवन निर्माण विभाग।
2 विज्ञापन दाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा।
3 परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि एवं समय :– 17/01/2024 को (पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 01:00 बजे तक)
4 मुहरबंद निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 18/01/2024 को अपराह्न 03:00 बजे तक।
5 मुहरबंद निविदा प्राप्ति खोलने की तिथि एवं समय :– 18/01/2024 को 03:00 बजे अपराह्न से।
6 परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान :– 1. कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा द्वारा प्रतिनियुक्त, पदाधिकारी द्वारा पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के कार्यालय परिसर में।
7 निविदा प्राप्ति एवं खुलने का स्थान :– क्रमांक–6 के क्र0सं0–1 के स्थान पर।
8 कार्य का विवरण:–

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | किसान प्रशिक्षण केन्द्र का सुदृढ़ीकरण कार्य। | ` 45,00,000/- | ` 90,000/- | ` 5,000/- | 01 माह |

निविदा की शर्तें www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, गढ़वा।

PR 314875 Building(23-24)D



**कार्यालय असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी**
**जिला स्वास्थ्य समिति, गढ़वा**
**सदर अस्पताल परिसर, गढ़वा**

राज्य योजना अंतर्गत झारखण्ड राज्य से शहरी झुग्गी–झोपड़ी बस्तियों में आवासित लोगों के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाये उपलब्ध कराने के निमित अटल मोहल्ला क्लिनिक के संचालन हेतु आयुष चिकित्सक के अनुबन्ध नियुक्ति हेतु चयन एवं प्रतीक्षा सूची का प्रकाशन

विज्ञापन संख्या:– 03/2023 साक्षात्कार की तिथि 21.12.23

अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड, गढ़वा के पत्रांक– 5/पी0–16/2023–32 (5)ब, योजना, स्वा0, गढ़वा दिनांक–25.05.2023 के द्वारा राज्य योजना अंतर्गत झारखण्ड राज्य से शहरी झुग्गी–झोपड़ी बस्तियों में आवासित लोगों के लि प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाये उपलब्ध कराने के निमित अटल मोहल्ला क्लिनिक के संचालन हेतु आयुष चिकित्सक के अनुबन्ध नियुक्ति हेतु का दिनांक 21.12.23 को **Walk In Interview** आयोजित की गई थी। जिसके आलोक में आयुश चिकित्सकों के अनुबन्ध चयन हेतु चयनित सूची का विवरण निम्नवत है :–

चयनित आयुश चिकित्सक की सूची :–

| Merit No | Sl No | Name | Date of Birth | Category St/SC/OBC | Qualification | Total Marks-50 | Selection Category |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Selection Category – UR | | | | | |
| 1 | 22 | Dr. Braj Kishor Pandey | 02-01-1957 | General | BHMS | 41.83 | UR |
| 2 | 4 | Kumar Aditya Prakash | 31-05-1999 | General | BHMS | 40.80 | UR |
| | | Selection Category – SC | | | | | |
| 1 | 28 | Abhishek Diwaker | 01-03-1996 | SC | BHMS | 31.00 | SC |

प्रतीक्षा सूची – आयुश चिकित्सक

| Merit No | Sl No | Name | Date of Birth | Category St/SC/OBC | Qualification | Total Marks-50 | Waiting Category |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Waiting Category | | | | | |
| 1 | 7 | Ranjeet Kumar | 08-03-1975 | Genral | BHMS | 35.25 | UR |
| 2 | 6 | Manoj Kumar Singh | 10-02-1985 | Genral | BHMS | 34.06 | UR |

उपरोक्त सूची गढ़वा जिला के बेवसाईट www.garhwa.nic.in एवं जिला स्वास्थ्य समिति कार्यालय गढ़वा के सूचना–पट्ट पर उपलब्ध करा दी गई है।

चयनित आयुश चिकित्सकों, दिनांक 10.01.24 से पूर्व अनुबन्ध प्रकिया को पूर्ण करने हेतु जिला स्वास्थ्य समिति गढ़वा कार्यालय के कार्यावधि में उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे ताकि रिक्तियों के आलोक में योगदान संबंधित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। चयनित अभ्यर्थियों द्वारा निर्धारित समयावधि में योगदान नहीं करने पर उनका अनुबन्ध चयन स्वतः समाप्त समझा जायेगा।

असैनिक शल्य चिकित्सक सह
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, DHS गढ़वा।

PR 314873 Health Med Edu and Family Welfare(23-24)D


### कार्यक्रम — अखिलेश्वर धाम में पूजा कर लोगों ने की नववर्ष की शुरुआत

# प्रकृति की आंचल में नववर्ष 2024 का स्वागत



**कुलदीप कच्छप। भंडरा**

प्रकृति की आंचल और पर्यटन स्थलों की सुंदरता के बीच सोमवार को नए साल का आगाज हुआ। प्रखंड के अलग-अलग पिकनिक व पर्यटन स्थलों में पूरे उल्लास, उत्साह और नई उमंगों के साथ साल 2024 का स्वागत हुआ। लोगों ने पूरे परिवार के साथ पिकनिक स्पॉट के साथ-साथ प्राकृतिक वातावरण से परिपूर्ण पर्यटन स्थलों में पहुंचकर नए साल का आगाज किया। लोगों के लिए साल 2024 नया उत्साह और उम्मीद लेकर आया था। प्रखंड के सभी रमणीक स्थलों, प्राकृतिक स्थलों और धार्मिक स्थलों में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। विभिन्न पर्यटन स्थलों तक सोमवार को लोग पूरे परिवार एव दोस्तों के साथ पहुंचे थे। दर्जन भर पिकनिक स्थलों में लोगों ने अपने पूरे परिवार के साथ पहुंचकर नए साल का स्वागत किया। प्रसिद्ध अखिलेश्वर धाम में सुबह से हजारो की संख्या में लोग पहुंचे कर भगवन भोले नाथ की पूजा की। ठंड के बाद भी पिकनिक स्पाटों पर लोगों की भीड़ जमी हुई थी। लोगों ने दिन की शुरूआत धार्मिक स्थलों में पूजा-अर्चना के साथ की। ईश्वर से अपने परिवार के लिए सुख, शांति और समृद्धि की कामना करने के बाद लोगों ने पिकनिक स्पॉटों की ओर रुख किया। वहीं नंदिनी जलाशय, पण्डे बांध, हिरन कट्ठा डैम, पझरी पहाड़, महादानी महादेव आदि प्राकृतिक और पर्यटन स्थलों में लोगों की भारी भीड़ उमड़ी थी।

**मांस व मिठाइयों की खूब हुई बिक्री :** नववर्ष का जश्न मनाने के लिए एक ओर जहां मीट, मछली व मुर्गा की खूब बिक्री हुई। वहीं दूसरी ओर मिठाइयों की भी रिकॉर्ड बिक्री हुई। प्रखंड में एक अनुमान के अनुसार लोगों ने करीब 5 लाख रुपये के मांस-मछली व मिठाइयों की खरीद में खर्च किए, इसके अलावे केक की बिक्री भी खूब हुई। नववर्ष के स्वागत में हर जाति व समुदाय के लोगों ने अपने-अपने तरीके से नववर्ष का स्वागत किया।

**सुरक्षा के थे पुख्ता इंतजाम :** नए साल को लेकर पुलिस प्रशासन द्वारा भी पूरी सतर्कता बरती गई थी। प्रखंड के सभी पिकनिक स्पाट में सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम थे। नए साल को लेकर एसपी हारिस बिन जामा ने निर्देश पर भंडरा थाना प्रभारी गौतम कुमार अपने सभी जवान के साथ पिकनिक स्पॉट की निगरानी कर रहे थे। इस दौरान नंदिनी, अखिलेश्वर धाम, चट्टी, मसमानो सहित अन्य पिकनिक स्पाट का निरीक्षण भी किया किया गया। सुरक्षा व्यवस्था में तैनात पुलिस कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए।

### विजयन सरकार के लिए नए साल की शुरुआत खराब रही

# नए और निवर्तमान परिवहन मंत्रियों के बीच तकरार

एजेंसी



**तिरुवनंतपुरम।** पिनाराई विजयन सरकार के लिए नए साल की शुरूआत खराब रही है। नवनियुक्त राज्य परिवहन मंत्री केबी गणेश कुमार ने निवर्तमान मंत्री एंटनी राजू की आलोचना की है। कुमार केरल कांग्रेस (बी) से हैं, जबकि राजू जनाधिपति केरल कांग्रेस से हैं। सत्तारूढ़ वाम मोर्चे में एक समझौते के तहत राजू ने कुमार के लिए परिवहन मंत्री का पद खाली कर दिया था क्योंकि 30 महीने के बाद केवल एक विधायक वाली पार्टियों को ऐसी ही दूसरी पार्टियों के लिए पद खाली करना था। इस प्रकार, कुमार ने शुक्रवार को कांग्रेस (एस) के कदन्नप्पल्ली रामचंद्रन के साथ शपथ ली और इसके तुरंत बाद राजू और राज्य परिवहन विभाग को चलाने के तरीके की आलोचना की। कुमार ने न केवल निवर्तमान मंत्री पर निशाना साधा, बल्कि राजू के पद छोड़ने से पहले पिछले सप्ताह विभाग में जारी स्थानांतरण आदेशों को रद्द करने का आदेश भी दिया।

राजू ने भी कुमार पर तुरंत पलटवार करते हुए अपनी नाराजगी व्यक्त की, हालांकि, माकपा नेता की सलाह पर कुमार ने उनकी टिप्पणियों का जवाब नहीं दिया। इस बीच राजू और उनकी पार्टी ने इस मुद्दे को अगली वाम मोर्चा बैठक में उठाने का फैसला किया है और कुमार द्वारा निवर्तमान मंत्री पर निशाना साधने के बारे में पहले ही अपने संयोजक को पत्र लिख चुके हैं।

### गुरुग्राम : फ्लैट में मृत मिली महिला, पति पर हत्या का शक

**गुरुग्राम।** डीएलएफ फेज-3 इलाके में 23 वर्षीय एक महिला की उसके घर में धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। पुलिस ने सोमवार को बताया कि उसका दो साल का बच्चा उसके पास बैठा था और रो रहा था।पुलिस को संदेह है कि उसका पति, जिसने उसकी हत्या की होगी, फरार है।पुलिस के मुताबिक, सोसायटी के सुरक्षा गार्ड ने पुलिस को सूचना दी कि डीएलएफ फेज-3 एस ब्लॉक में एक बंद फ्लैट में बच्चा रो रहा है।इसके बाद पुलिस फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंची और दरवाजा तोड़ा। अंदर आकर उन्होंने महिला को खून से लथपथ पाया और उसका बच्चा शव के पास बैठा रो रहा था। पीड़िता की पहचान आगरा की मूल निवासी लक्ष्मी रावत के रूप में की गई है जो गौरव शर्मा के साथ रह रही थी। पुलिस ने कहा कि दंपति लगभग छह महीने पहले फ्लैट में शिफ्ट हुए थे, पुलिस को संदेह है कि हत्या एक दिन पहले हुई थी। डीएलएफ के एसीपी विकास कौशिक ने कहा, महिला की धारदार हथियार से हत्या की गई। घटना के बाद से उसका पति फरार है।

# ग्रामीण विकास निधि खर्च न होने से बंगाल सरकार चिंतित



**कोलकाता।** चालू वित्त वर्ष समाप्त होने में सिर्फ तीन महीने बचे हैं, पश्चिम बंगाल में ग्रामीण विकास के लिए 15वें वित्त आयोग के तहत कुछ जिलों में दी गई धनराशि खर्च न हो पाने की वजह से तृणमूल कांग्रेस सरकार चिंतित है। राज्य सरकार ने हाल ही में जिलाधिकारियों को संबंधित पंचायत अधिकारियों के साथ समन्वय बैठकें आयोजित करने के लिए कहा है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उनके जिलों के लिए आवंटित अव्ययित धनराशि का चालू वित्तीय वर्ष के शेष तीन महीनों के दौरान लगन से उपयोग किया जाए। खर्च न किए गए धन को लेकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की चिंता इस तथ्य से बढ़ गई है कि विपक्षी भाजपा ने पहले ही इस तथ्य को उजागर करते हुए एक अभियान शुरू कर दिया है कि सत्तारूढ़ दल मनरेगा योजनाओं के तहत किए गए काम के लिए केंद्रीय बकाया का भुगतान न करने के लिए केंद्र सरकार पर हमला कर रहा है। बावजूद इसके कि राज्य सरकार ग्रामीण विकास के लिए दी गई केंद्रीय राशि खर्च करने में असमर्थ है। 305.11 करोड़ रुपये के साथ, मुर्शिदाबाद जिले में सबसे अधिक अप्रयुक्त धनराशि पड़ी हुई है, इसके बाद दक्षिण 24 परगना में 298,03 करोड़ रुपये हैं। अन्य जिले जहां फंड का उपयोग दयनीय रूप से कम हुआ है, वे हैं उत्तर 24 परगना, हुगली, पूर्वी बर्दवान, बीरभूम और नादिया, जहां 100 करोड़ रुपये तक की अव्ययित धनराशि है। ग्रामीण विकास परियोजनाओं के लिए धन का उपयोग मुख्य रूप से पश्चिम बंगाल में त्रि-स्तरीय पंचायत प्रणाली के दो स्तरों, अर्थात जिला परिषद और ग्राम पंचायतों के माध्यम से किया जाता है। विपक्षी दल दावा कर रहे हैं कि निगरानी की कमी के कारण चालू वित्त वर्ष की आखिरी तिमाही में बिना खर्च की गई धनराशि जमा हो गई।

### मेरठ में दिनदहाड़े दुकानदार की गोली मारकर हत्या

**मेरठ।** उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले के जानी थाना इलाके के एमआईईटी कॉलेज के पास सोमवार दोपहर एक दुकानदार की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक एसआर स्पोर्ट्स नाम की दुकान चलता था। मृतक की पहचान सुधीर कुमार शर्मा के रूप में हुई। वह मेरठ के परतापुर इलाके का घाट गांव का रहने वाला था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, सुधीर की दुकान पर दोपहर को करीब एक बजे दो युवक बाइक से आए थे। सुधीर अपनी दुकान के बाहर बैठा था। इसी दौरान एक युवक ने उन पर नजदीक से गोली चला दी। बदमाशों ने सुधीर को करीब दो राउंड गोलियां मारी, जिससे वह बुरी तरह लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ा। इसके बाद उन्हें जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। देहात पुलिस अधीक्षक कमलेश बहादुर ने बताया कि दो अज्ञात हमलावरों ने सुधीर कुमार शर्मा की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी और मौके से फरार हो गए।

# नए साल के जश्न के दौरान ड्रंक एंड ड्राइव के 2,700 से अधिक मामले दर्ज

**हैदराबाद।** नए साल के जश्न के दौरान हैदराबाद में ड्रंक एंड ड्राइव के 2,700 से अधिक मामले दर्ज किए गए। मामले हैदराबाद और साइबराबाद पुलिस कमिश्नरेट की सीमा के तहत पुलिस के विशेष अभियान के दौरान दर्ज किए गए थे। जबकि, हैदराबाद कमिश्नरेट की सीमा के तहत 1,500 से अधिक मामले दर्ज किए गए, साइबराबाद सीमा में 1,200 से अधिक मामले सामने आए। विशेष अभियान के हिस्से के रूप में पुलिस ने चेकिंग पॉइंट लगाए थे और रात 8 बजे से जांच शुरू कर दी थी। साइबराबाद पुलिस के मुताबिक, दो महिलाओं समेत कुल 1,241 लोगों पर ड्रंक एंड ड्राइव का मामला दर्ज किया गया। इसमें 938 दोपहिया और 275 चारपहिया वाहन शामिल थे। आंकड़े बताते हैं कि पकड़े गए लोगों में से 382 की उम्र 18 से 25 साल के बीच है, जबकि 536, 26-36 आयु वर्ग और 239 लोग 35-45 आयु वर्ग के हैं। पुलिस के अनुसार पकड़े गए लोगों में से 196 के रक्त में अल्कोहल लेवल (बीएसी) की संख्या 50 से ऊपर थी। पुलिस ने कहा कि 485 व्यक्तियों की बीएसी संख्या 51-99 के बीच, 281 की 100-149 के बीच, 128 की 150-199 के बीच थी। कुल 100 लोगों में बीएसी 200-299 पाई गई, जबकि 51 में यह 300-500 के बीच थी। साइबराबाद के 15 पुलिस स्टेशनों में से मियापुर में सबसे अधिक 263 मामले दर्ज किए गए। कुकटपल्ली पुलिस स्टेशन में 123 मामले दर्ज किए गए।

### नए कानूनों के बाद लोग सड़कों पर गाड़ी चलाने से डरते हैं: महाराष्ट्र कांग्रेस

**मुंबई।** महाराष्ट्र कांग्रेस ने नए मोटर वाहन अधिनियम को 'कठोर' करार देते हुए सोमवार को यहां कहा कि यह सभी मोटर चालकों के लिए अन्यायपूर्ण है और वे अब सड़कों पर गाड़ी चलाने से डर रहे हैं। एमवी एक्ट कानूनों की आलोचना करते हुए, राज्य कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने सरकार पर संसद में नए कानूनों को पारित कराने के लिए विपक्ष के 146 सांसदों को निलंबित करने का आरोप लगाया।

# जो पहले अयोध्या जाने से संकोच करते थे, अब कहते हैं हमें निमंत्रण नहीं मिला : योगी



**मथुरा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि जो लोग अयोध्या जाने से संकोच करते थे, वह अब कह रहे हैं कि हमें निमंत्रण नहीं मिला।सोमवार को वृंदावन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने संयुक्त रूप से देश की बेटियों को पहला बालिका सैन्य विद्यालय समर्पित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि महायोगी की नगरी मथुरा की पहचान अब बेटियों से भी होगी। वृंदावन में देश के पहले सैन्य बालिका विद्यालय का लोकार्पण हो गया। साध्वी ऋतंभरा द्वारा स्थापित वात्सल्य ग्राम परिसर में समविद गुरुकुलम बालिका सैन्य विद्यालय में सीबीएसई पाठ्यक्रम के साथ सैन्य प्रशिक्षण भी दिया जाएगा।

# श्री राधा-कृष्ण के आदेश से खुला मथुरा में सैनिक स्कूल : राजनाथ सिंह

एजेंसी

मथुरा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि साल के पहले दिन साधु-संतों का आशीर्वाद मिलना बड़े सौभाग्य की बात है। राम मंदिर आंदोलन में दीदी मां साध्वी ऋतंभरा का अहम योगदान था। समाज को ही दीदी ने परिवार मान लिया है। हमारे देश के ऋषियों ने पूरी धरा पर रहने वाले समाज को परिवार माना है, जिस क्षेत्र में कान्हा रहते हैं, वहां तो दिव्यता रहेगी ही रहेगी। कृष्ण वह हैं, जो आपको आकर्षित करते हैं, कृष्ण के नाम में ही सुख है। इसलिए कृष्ण की इस नगरी में मेरा मन प्रसन्न है।उन्होंने कहा कि वृंदावन में विदेशी भगवान के दर्शन करते हैं और रम जाते हैं, अधिकांश यहां बस जाते हैं। यहां शांति की अनुभूति होती है। उन्हें भगवान कृष्ण और राधा रानी की भक्ति करके वृंदावन में शांति मिलती है। यहां रिक्शा वाला भी राधे- राधे बोलता है। राधे- राधे बोलने वाले लोग मिलेंगे तो वह वृंदावन में ही मिलेंगे। यहां चाय पीना हो, पान खाना हो, कचौड़ी खानी हो सब जगह राधे-राधे बोलते यहां के निवासी मिलेंगे। राधे-राधे उनके जीवन में बसा है। यह यहीं संभव है।

# छत्तीसगढ़ में नक्सली मुठभेड़ में डीआरजी के दो जवान घायल

**बीजापुर/रायपुर।** नये साल के पहले दिन छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के गंगालूर थाना क्षेत्र के ग्राम मुदवेंडी के जंगलों में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में डीआरजी के दो जवान घायल हो गए तथा क्रॉस फायरिंग के दौरान छह माह की बच्ची की मौत हो गई जबकि बच्ची की मां गंभीर रूप से घायल हुई है। एएसपी वैभव बेंकर ने इस घटना की पुष्टि की है। पुलिस का दावा है कि मुठभेड़ के दौरान जवाबी कार्रवाई में भैरमगढ़ एरिया कमेटी सचिव चन्द्रन्ना और कमेटी के सदस्य मंगली के साथ-साथ कई अन्य सदस्य घायल हुए हैं। एएसपी वैभव बेंकर ने सोमवार की शाम बताया कि गंगालूर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मुदवेंडी के जंगलों में आज शाम पांच बजे पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई है। मुठभेड़ में डीआरजी के दो जवान घायल हुए हैं। नक्सलियों की क्रॉस फायरिंग में मुदवेंडी गांव के छह माह की मौत हो गई जबकि बच्ची की मां के हाथ में गोली लगी है, उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर अतिरिक्त फोर्स को भेजा गया है।

# थार के मरुस्थल में भारत-यूएई के बीच होगा संयुक्त युद्धाभ्यास

जैसलमेर। भारतीय सेना और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की सेना के बीच संयुक्त अभ्यास मंगलवार से होने जा रहा है। इसके लिए यूएई की सेना राजस्थान के मरुस्थल में पहुंच चुकी है। इस युद्ध अभ्यास को ह्यडेजर्ट साइक्लोनह्न नाम दिया गया है। मंगलवार से शुरू होने जा रहा यह युद्ध अभ्यास 15 जनवरी तक चलने वाला है। इसके लिए भारतीय सेना की टुकड़ी भी थार मरुस्थल पहुंच गई है। संयुक्त अभ्यास की सारी तैयारियां पूरी हो गई है। भारतीय सेना के अतिरिक्त जन सूचना महानिदेशालय के अनुसार दोनों देशों के बीच यह अभ्यास करीब दो सप्ताह तक चलेगा। डेजर्ट साइक्लोन का उद्देश्य दोनों देशों के सामरिक रिश्तों को और मजबूत करना है। भारत और संयुक्त अरब अमीरात के सैकड़ों साल पुराने दोस्ताना रिश्ते हैं और दोनों सेनाओं के बीच रणनीतिक और सैद्धांतिक जानकारी साझा करने का प्रयास है। इससे दोनों ही सेनाओं को दोनों से सीखने को मिलेगा। इस संयुक्त युद्धाभ्यास के दौरान दोनों देशों के सैनिक अपने युद्ध क्षमताओं का प्रदर्शन करेंगे और इससे सामरिक क्षेत्र में परस्पर सहयोग की भावना को और बढ़ावा मिलेगा।

# प्रधानमंत्री 2-3 को तमिलनाडु लक्षद्वीप व केरल का दौरा करेंगे

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नए साल की शुरूआत दक्षिण भारत के दो दिवसीय दौरे से करेंगे। प्रधानमंत्री 2 और 3 जनवरी को तमिलनाडु, लक्षद्वीप और केरल में विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर यह जानकारी साझा करते हुए कहा कि अगले दो दिनों में तमिलनाडु, लक्षद्वीप और केरल में विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रमों की शुरूआत तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली से होगी, जहां भारतीदासन विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह को संबोधित करूंगा।


## झारखण्ड सरकार,
## गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग

60वीं औपबंधिक सूची
जिला–लोहरदगा (पार्ट–03)

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण करने का आधार | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|---|
| 57. | 1. आवेदन क्र0–एन/183 2. आवेदक–सामेल उराँव ,<br>3. पिता–भिखु उराँव<br>4. ग्राम–बनसरी , पोस्ट–सेन्हा<br>5. थाना–सेन्हा , प्रखण्ड–सेन्हा<br>6. लिंग–पुरूष , आयु–58 वर्ष,<br>7. पहचान चिन्ह–बायें हाथ में घाव का दाग। | 1. लोहरदगा जिला के चिन्हित आन्दोलनकारी रामनन्दन साहू, चैतु मुण्डा, द्वारा आन्दोलनकारी के रूप में पहचान किया गया। | कंडिका–2(ix) |
| 58. | 1. आवेदन क्र0–556 2. आवेदक–रोपा उराँव ,<br>3. पिता–स्व0 पोढ़हा उराँव<br>4. ग्राम–नौदी , पोस्ट–सेन्हा<br>5. थाना–सेन्हा , प्रखण्ड–सेन्हा<br>6. लिंग–पुरूष , आयु–70 वर्ष,<br>7. पहचान चिन्ह–दाये पैर के जाँघ में घाव का दाग। | 1. लोहरदगा जिला के चिन्हित आन्दोलनकारी रामनन्दन साहू, चैतु मुण्डा, द्वारा आन्दोलनकारी के रूप में पहचान किया गया। | कंडिका–2(ix) |
| 59. | 1. आवेदन क्र0–1802. आवेदक–भिखराम उराँव ,<br>3. पिता–स्व0 घोडमय उराँव<br>4. ग्राम–कल्हेपात , पोस्ट–अर्रू<br>5. थाना–सेन्हा , प्रखण्ड–सेन्हा<br>6. लिंग–पुरूष , आयु–44 वर्ष,<br>7. पहचान चिन्ह–दाये पैर में घाव का निशान। | 1. लोहरदगा जिला के चिन्हित आन्दोलनकारी रामनन्दन साहू, चैतु मुण्डा, द्वारा आन्दोलनकारी के रूप में पहचान किया गया। | कंडिका–2(ix) |
| 60. | 1. आवेदन क्र0–84 2. आवेदक–मोहन उराँव ,<br>3. पिता–परना उराँव<br>4. ग्राम–बनसरी गुरिया टोली , पोस्ट–सेन्हा<br>5. थाना–सेन्हा , प्रखण्ड–सेन्हा<br>6. लिंग–पुरूष , आयु–50 वर्ष,<br>7. पहचान चिन्ह–दाहिने गर्दन पर तिल का दाग। | 1. लोहरदगा जिला के चिन्हित आन्दोलनकारी रामनन्दन साहू, चैतु मुण्डा, द्वारा आन्दोलनकारी के रूप में पहचान किया गया। | कंडिका–2(ix) |
| 61. | 1. आवेदन क्र0–594 2. आवेदक–कृष्णा मुण्डा ,<br>3. पिता–स्व0 एतवा मुण्डा<br>4. ग्राम–बनसरी , पोस्ट–सेन्हा<br>5. थाना–सेन्हा , प्रखण्ड–सेन्हा<br>6. लिंग–पुरूष , आयु–47 वर्ष,<br>7. पहचान चिन्ह–बायें हाथ में घाव का निशान। | 1. लोहरदगा जिला के चिन्हित आन्दोलनकारी रामनन्दन साहू, चैतु मुण्डा, द्वारा आन्दोलनकारी के रूप में पहचान किया गया। | कंडिका–2(ix) |
| 62. | 1. आवेदन क्र0–एन/630 2. आवेदक–नन्दु लोहरा ,<br>3. पिता–स्व0 हरिनन्दन लोहरा<br>4. ग्राम–भड़गाँव , पोस्ट–अर्रू<br>5. थाना–सेन्हा , प्रखण्ड–सेन्हा<br>6. लिंग–पुरूष , आयु–64 वर्ष,<br>7. पहचान चिन्ह–अंकित नही। | 1. लोहरदगा जिला के चिन्हित आन्दोलनकारी रामनन्दन साहू, चैतु मुण्डा, द्वारा आन्दोलनकारी के रूप में पहचान किया गया। | कंडिका–2(ix) |
| 63. | 1. आवेदन क्र0–590 2. आवेदक–राम किशोर शुक्ल ,<br>3. पिता–स्व0 काशी राम शुक्ल<br>4. ग्राम–मुर्की , पोस्ट–अरेया<br>5. थाना–सेन्हा , प्रखण्ड–सेन्हा<br>6. लिंग–पुरूष , आयु–68 वर्ष,<br>7. पहचान चिन्ह–दाहिने हाथ में तिल का दाग। | 1. लोहरदगा जिला के चिन्हित आन्दोलनकारी रामनन्दन साहू, चैतु मुण्डा, द्वारा आन्दोलनकारी के रूप में पहचान किया गया। | कंडिका–2(ix) |
| 64. | 1. आवेदन क्र0–एन/552 2. आवेदक–रिझु लोहरा ,<br>3. पिता–स्व0 रंथु लोहरा<br>4. ग्राम–सेन्हा , पोस्ट–सेन्हा<br>5. थाना–सेन्हा , प्रखण्ड–सेन्हा<br>6. लिंग–पुरूष , आयु–55 वर्ष,<br>7. पहचान चिन्ह–अंकित नही। | 1. लोहरदगा जिला के चिन्हित आन्दोलनकारी रामनन्दन साहू, चैतु मुण्डा, द्वारा आन्दोलनकारी के रूप में पहचान किया गया। | कंडिका–2(ix) |
| 65. | 1. आवेदन क्र0–267 2. आवेदक–फनिन्द्र साहू ,<br>3. पिता–स्व0 नारायण साहू<br>4. ग्राम–मुर्की , पोस्ट–अरेया<br>5. थाना–सेन्हा , प्रखण्ड–सेन्हा<br>6. लिंग–पुरूष , आयु–47 वर्ष,<br>7. पहचान चिन्ह–दाहिने आँख के नीचे घाव का दाग। | 1. लोहरदगा जिला के चिन्हित आन्दोलनकारी रामनन्दन साहू, चैतु मुण्डा, द्वारा आन्दोलनकारी के रूप में पहचान किया गया। | कंडिका–2(ix) |
| 66. | 1. आवेदन क्र0–एन/588 2. आवेदक–नासीर अंसारी ,<br>3. पिता–स्व0 अजीमुद्दीन अंसारी<br>4. ग्राम–भखरा , पोस्ट–बुटटी<br>5. थाना–सेन्हा , प्रखण्ड–सेन्हा<br>6. लिंग–पुरूष , आयु–67 वर्ष,<br>7. पहचान चिन्ह–बायें सर पर गडढे का निशान। | 1. लोहरदगा जिला के चिन्हित आन्दोलनकारी रामनन्दन साहू, चैतु मुण्डा, द्वारा आन्दोलनकारी के रूप में पहचान किया गया। | कंडिका–2(ix) |
| 67. | 1. आवेदन क्र0–615 2. आवेदक–राधा मुण्डा ,<br>3. पति–चैतु मुण्डा<br>4. ग्राम–बनसरी , पोस्ट–सेन्हा<br>5. थाना–सेन्हा , प्रखण्ड–सेन्हा<br>6. लिंग–महिला , आयु–63 वर्ष,<br>7. पहचान चिन्ह–बायें चेहरे पर तिल का निशान। | 1. लोहरदगा जिला के चिन्हित आन्दोलनकारी रामनन्दन साहू, चैतु मुण्डा, द्वारा आन्दोलनकारी के रूप में पहचान किया गया। | कंडिका–2(ix) |
| 68. | 1. आवेदन क्र0–एन/72 2. आवेदक–भोला उराँव ,<br>3. पिता–स्व0 राम चरण उराँव<br>4. ग्राम–ईचरी , पोस्ट–कोरम्बे<br>5. थाना–सेन्हा , प्रखण्ड–सेन्हा<br>6. लिंग–पुरूष , आयु–54 वर्ष,<br>7. पहचान चिन्ह–अंकित नही। | 1. लोहरदगा जिला के चिन्हित आन्दोलनकारी रामनन्दन साहू, चैतु मुण्डा, द्वारा आन्दोलनकारी के रूप में पहचान किया गया। | कंडिका–2(ix) |
| 69. | 1. आवेदन क्र0–एन/625 2. आवेदक–प्रमोद भगत ,<br>3. पिता–स्व0 भूलन भगत<br>4. ग्राम–उगरा भगत टोली , पोस्ट–कोरम्बे<br>5. थाना–सेन्हा , प्रखण्ड–सेन्हा<br>6. लिंग–पुरूष , आयु–59 वर्ष,<br>7. पहचान चिन्ह–अंकित नही। | 1. लोहरदगा जिला के चिन्हित आन्दोलनकारी रामनन्दन साहू, चैतु मुण्डा, द्वारा आन्दोलनकारी के रूप में पहचान किया गया। | कंडिका–2(ix) |
| 70. | 1. आवेदन क्र0–एन/601 2. आवेदक–मुर्शीद अंसारी ,<br>3. पिता–स्व0 सुलतान अंसारी<br>4. ग्राम–कल्हेपाट , पोस्ट–अर्रू<br>5. थाना–सेन्हा , प्रखण्ड–सेन्हा<br>6. लिंग–पुरूष , आयु–45 वर्ष,<br>7. पहचान चिन्ह–बायें हाथ में तिल का निशान। | 1. लोहरदगा जिला के चिन्हित आन्दोलनकारी रामनन्दन साहू, चैतु मुण्डा, द्वारा आन्दोलनकारी के रूप में पहचान किया गया। | कंडिका–2(ix) |
| 71. | 1. आवेदन क्र0–एन/235 2. आवेदक–आनिल कुमार पाण्डेय , 3. पिता–रामदेनी पाण्डेय<br>4. ग्राम–जोगना , पोस्ट–सेन्हा<br>5. थाना–सेन्हा , प्रखण्ड–सेन्हा<br>6. लिंग–पुरूष , आयु–51 वर्ष,<br>7. पहचान चिन्ह–ललाट पर घाव का दाग। | 1. लोहरदगा जिला के चिन्हित आन्दोलनकारी रामनन्दन साहू, चैतु मुण्डा, द्वारा आन्दोलनकारी के रूप में पहचान किया गया। | कंडिका–2(ix) |
| 72. | 1. आवेदन क्र0–एन/597 2. आवेदक–लक्ष्मी उराईन ,<br>3. पति–हिरू उराँव<br>4. ग्राम–आरा पोड़ेया टोली , पोस्ट–चरहू<br>5. थाना–सेन्हा , प्रखण्ड–सेन्हा<br>6. लिंग–महिला , आयु–55 वर्ष,<br>7. पहचान चिन्ह–बायें पैर पर घाव का दागं | 1. लोहरदगा जिला के चिन्हित आन्दोलनकारी रामनन्दन साहू, चैतु मुण्डा, द्वारा आन्दोलनकारी के रूप में पहचान किया गया। | कंडिका–2(ix) |
| 73. | 1. आवेदन क्र0–111<br>2. आवेदक–अमानत अंसारी ,<br>3. पिता–स्व0 सदार बक्स अंसारी<br>4. ग्राम–कल्हेपाट , पोस्ट–सेन्हा<br>5. थाना–सेन्हा , प्रखण्ड–सेन्हा<br>6. लिंग–पुरूष , आयु–57 वर्ष,<br>7. पहचान चिन्ह–दाहिने हाथ में घाव का निशान। | 1. लोहरदगा जिला के चिन्हित आन्दोलनकारी रामनन्दन साहू, चैतु मुण्डा, द्वारा आन्दोलनकारी के रूप में पहचान किया गया। | कंडिका–2(ix) |
| 74. | 1. आवेदन क्र0–एन/486 2. आवेदक–राजकुमार पन्ना ,<br>3. पिता–स्व0 प्रभु दयाल उराँव<br>4. ग्राम–बनसरी , पोस्ट–सेन्हा<br>5. थाना–सेन्हा , प्रखण्ड–सेन्हा<br>6. लिंग–पुरूष , आयु–47 वर्ष,<br>7. पहचान चिन्ह–दाहिने हाथ में घाव का निशान। | 1. लोहरदगा जिला के चिन्हित आन्दोलनकारी रामनन्दन साहू, चैतु मुण्डा, द्वारा आन्दोलनकारी के रूप में पहचान किया गया। | कंडिका–2(ix) |
| 75. | 1. आवेदन क्र0–एन/631 2. आवेदक–सोहरई उराँव ,<br>3. पिता–स्व0 बिसु उराँव<br>4. ग्राम–भड़गाँव , पोस्ट–अर्रू<br>5. थाना–सेन्हा , प्रखण्ड–सेन्हा<br>6. लिंग–पुरूष , आयु–60 वर्ष,<br>7. पहचान चिन्ह–घाव का निशान। | 1. लोहरदगा जिला के चिन्हित आन्दोलनकारी रामनन्दन साहू, चैतु मुण्डा, द्वारा आन्दोलनकारी के रूप में पहचान किया गया। | कंडिका–2(ix) |
| 76. | 1. आवेदन क्र0–49/23 2. आवेदक–खुर्शीद आलम ,<br>3. पिता–स्व0 वसिरउद्दीन<br>4. ग्राम–पावरगंज , पोस्ट–लोहरदगा<br>5. थाना–लोहरदगा, प्रखण्ड–लोहरदगा<br>6. लिंग–पुरूष, आयु–52 वर्ष,<br>7. पहचान चिन्ह–दाहिना जांघ में जख्म का निशान। | 1. लोहरदगा जिला के चिन्हित आन्दोलनकारी मो0 कयूम खान, विषेषण भगत, विनोद भगत द्वारा आन्दोलनकारी के रूप में पहचान किया गया। | कंडिका–2(ix) |
| 77. | 1. आवेदन क्र0–120/23 2. आवेदक–शंकर पहान ,<br>3. पिता–सुखनाथ पहान<br>4. ग्राम–कुर्से कुम्बा टोली , पोस्ट–कुर्से<br>5. थाना–लोहरदगा, प्रखण्ड–लोहरदगा<br>6. लिंग–पुरूष, आयु–80 वर्ष,<br>7. पहचान चिन्ह–दाहिना आँख के सामने काला दाग। | 1. लोहरदगा जिला के चिन्हित आन्दोलनकारी विषेषण भगत एवं अमर किण्ड़ो द्वारा आन्दोलनकारी के रूप में पहचान किया गया। | कंडिका–2(ix) |
| 78. | 1. आवेदन क्र0–121/23 2. आवेदक–देवनाथ उराँव ,<br>3. पिता–स्व0 सुघु उराँव<br>4. ग्राम–कुर्से , पोस्ट–कुर्से<br>5. थाना–लोहरदगा, प्रखण्ड–लोहरदगा<br>6. लिंग–पुरूष, आयु–49 वर्ष,<br>7. पहचान चिन्ह–अंकित नही। | 1. लोहरदगा जिला के चिन्हित आन्दोलनकारी विषेषण भगत एवं अमर किण्ड़ो द्वारा आन्दोलनकारी के रूप में पहचान किया गया। | कंडिका–2(ix) |
| 79. | 1. आवेदन क्र0–122/23 2. आवेदक–सामुएल लकड़ा ,<br>3. पिता–स्व0 वरनाबास लकड़ा<br>4. ग्राम–जेल मिशन कॉम्पाउण्ड , पोस्ट–लोहरदगा<br>5. थाना–लोहरदगा, प्रखण्ड–लोहरदगा<br>6. लिंग–पुरूष, आयु–63 वर्ष,<br>7. पहचान चिन्ह–अंकित नही। | 1. लोहरदगा जिला के चिन्हित आन्दोलनकारी विषेषण भगत एवं अमर किण्ड़ो द्वारा आन्दोलनकारी के रूप में पहचान किया गया। | कंडिका–2(ix) |
| 80. | 1. आवेदन क्र0–123/23 2. आवेदक–बिरसु उराँव ,<br>3. पिता–स्व0 सोमरा उराँव<br>4. ग्राम–कुर्से कुम्बा टोली , पोस्ट–कुर्से<br>5. थाना–लोहरदगा, प्रखण्ड–लोहरदगा<br>6. लिंग–पुरूष, आयु–69 वर्ष,<br>7. पहचान चिन्ह–दाहिना आँख के सामने दाग। | 1. लोहरदगा जिला के चिन्हित आन्दोलनकारी विषेषण भगत एवं अमर किण्ड़ो द्वारा आन्दोलनकारी के रूप में पहचान किया गया। | कंडिका–2(ix) |
| 81. | 1. आवेदन क्र0–124/23 2. आवेदक–दयामनी देवी ,<br>3. पति–स्व0 मरबाड़ी भगत<br>4. ग्राम–कुजरा , पोस्ट–कुजरा<br>5. थाना–लोहरदगा, प्रखण्ड–लोहरदगा<br>6. लिंग–महिला, आयु–61 वर्ष,<br>7. पहचान चिन्ह–अंकित नही। | 1. लोहरदगा जिला के चिन्हित आन्दोलनकारी विषेषण भगत एवं अमर किण्ड़ो द्वारा आन्दोलनकारी के रूप में पहचान किया गया। | कंडिका–2(ix) |
| 82. | 1. आवेदन क्र0–125/23 2. आवेदक–दशमनी उराँव ,<br>3. पति–स्व0 भिखदेव उराँव<br>4. ग्राम–कुर्से कुम्बा टोली , पोस्ट–कुर्से<br>5. थाना–लोहरदगा, प्रखण्ड–लोहरदगा<br>6. लिंग–महिला, आयु–51 वर्ष,<br>7. पहचान चिन्ह–अंकित नही। | 1. लोहरदगा जिला के चिन्हित आन्दोलनकारी विषेषण भगत एवं अमर किण्ड़ो द्वारा आन्दोलनकारी के रूप में पहचान किया गया। | कंडिका–2(ix) |
| 83. | 1. आवेदन क्र0–126/23 2. आवेदक–उज्जवल मिंज ,<br>3. पिता–कल्याण मिंज<br>4. ग्राम–मधुवन टोली , पोस्ट–लोहरदगा<br>5. थाना–लोहरदगा, प्रखण्ड–लोहरदगा<br>6. लिंग–पुरूष, आयु–52 वर्ष,<br>7. पहचान चिन्ह–अंकित नही। | 1. लोहरदगा जिला के चिन्हित आन्दोलनकारी विषेषण भगत एवं अमर किण्ड़ो द्वारा आन्दोलनकारी के रूप में पहचान किया गया। | कंडिका–2(ix) |
| 84. | 1. आवेदन क्र0–127/23 2. आवेदक–रेमेजियुस किस्पोट्टा,<br>3. पिता–जोसेफ किस्पोट्टा<br>4. ग्राम–करचा टोली , पोस्ट–लोहरदगा<br>5. थाना–लोहरदगा, प्रखण्ड–लोहरदगा<br>6. लिंग–पुरूष, आयु–48वर्ष,<br>7. पहचान चिन्ह–अंकित नही। | 1. लोहरदगा जिला के चिन्हित आन्दोलनकारी विषेषण भगत एवं अमर किण्ड़ो द्वारा आन्दोलनकारी के रूप में पहचान किया गया। | कंडिका–2(ix) |

नोट :–
1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं। आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य (नरसिंह मुर्मू) सदस्य (दुर्गा उराँव) अध्यक्ष

PR 314887 Home(23-24)#D

सुप्रभात

**अपनी जिंदगी में हमेशा ऐसे लोगों को ही पसंद करें जिनका दिल चेहरे से ज्यादा खूबसूरत हो : अज्ञात**



# बायडू का नया एआई मॉडल

नए साल में जो बड़ी क्रांति होने वाली है वह है एआइ यानी कृत्रिम मेधा जिससे सही काम लिया गया तो इस साल दुनिया की बहुत सी समस्याओं का समाधान और तेजी से होगा और यदि दुरुपयोग किया गया तो अनर्थ भी हो सकता है । चाइनीज इंटरनेट और सर्च इंजन कंपनी बायडू के एआई बॉट एर्नी लॉन्चिंग के साथ ही यूजर्स की संख्या 100 मिलियन के आंकड़े को पार कर गई है। इसी साल अगस्त में एर्नी की लॉन्चिंग हुई थी। एर्नी को लेकर दावा किया जा रहा है कि यह इंसानों की भाषा को पूरी तरह से समझता है और बहुत ही सटीक जवाब देता है। एर्नी को नेचुरल लैंग्वेज प्रोसेसिंग का सबसे एडवांस वर्जन कहा जा रहा है। एक रिसर्च के मुताबिक दुनिया के करीब 50 फीसदी बिजनेस एनएलपी को अपना सकते हैं। बाइडू एर्नी बॉट को इस तरह से डिजाइन किया गया है कि यह इंसानों जैसी सोच रखता है और विश्लेषण इंसानों की तरह कर सकता है। एर्नी बॉट भी ओपनएआई के चैटबॉट चैटजीपीटी की तरह है और इससे आप कई तरह के काम ले सकते हैं। एर्नी रियल टाइम में आपको जानकारी दे सकता है।

**चाइनीज इंटरनेट और सर्च इंजन कंपनी बायडू के एआई बॉट एर्नी लॉन्चिंग के साथ ही यूजर्स की संख्या 100 मिलियन के आंकड़े को पार कर गई है। इसी साल अगस्त में एर्नी की लॉन्चिंग हुई थी। एर्नी को लेकर दावा किया जा रहा है कि यह इंसानों की भाषा को पूरी तरह से समझता है और बहुत ही सटीक जवाब देता है। एक रिसर्च के मुताबिक दुनिया के करीब 50 फीसदी बिजनेस एनएलपी को अपना सकते हैं। बाइडू एर्नी बॉट को इस तरह से डिजाइन किया गया है कि यह इंसानों जैसी सोच रखता है और विश्लेषण इंसानों की तरह कर सकता है।**

बाइडू एर्नी बॉट इंसानों की तरह की सटीक जवाब देता है।इसका सबसे बड़ा फायदा यह है कि विश्वसनीय स्त्रोत से रियल टाइम में सटीक जानकारी देना।किसी भी तरह के सवाल का सटीक जवाब। बहुत ही कम समय में मिलेगा जवाब। एर्नी बॉट रियल टाइम अपडेट भी दे सकता है। इसमें पर्सनलाइज एक्सपेरियंस और रिजल्ट भी मिलता है।यह यूजर्स की सर्च हिस्ट्री के आधार पर भविष्य में रिजल्ट देता है।ई-कॉमर्स कंपनियां बड़े स्तर पर एर्नी बॉट का इस्तेमाल करेंगी। इसकी मदद से ई-कॉमर्स कंपनियां कस्टमर सर्विस को बेहतर कर सकती हैं। इसके अलावा ई-कॉमर्स कंपनियां एर्नी का इस्तेमाल करते हुए यूजर्स को पर्सनलाइज प्रोडक्ट का सजेशन दे सकती हैं। दावा किया जा रहा है कि एर्नी के इस्तेमाल के बाद सेल्सपर्सन की जरूरत नहीं होगी।एर्नी की मदद से बेहतर तरीके से किसी भी तरह के कंटेंट लिखे जा सकते हैं। एर्नी किसी भी विषय पर कंटेंट लिख सकता है।

एर्नी की मदद से कंटेंट की क्वालिटी को भी बेहतर किया जा सकता है। एर्नी की जानकारी का फायदा उठाकर एक्सक्लूसिव कंटेंट तैयार किए जा सकते हैं। फिलहाल एर्नी भारत में उपलब्ध तो नहीं है लेकिन वीपीएन की मदद से आप इसे इस्तेमाल कर सकते हैं। एर्नी को इस्तेमाल करने के लिए आपके पास एक ऐसा सिस्टम होना चाहिए जिसमें कम-से-कम 16जीबी रैम और 64 बिट ऑपरेटिंग सिस्टम होना चाहिए। आप एर्नी के इंस्टॉलेशन पैकेज को इंस्टॉल करना होगा।झारखंड जिस तरह साइबर अपराधियों का गढ़ बनता जा रहा है उससे पुलिस को भी सतर्क रहना पड़ेगा वरना इसका दुरुपयोग बबार्दी के आने रास्ते खोल देगा।

इन दिनों

# रिश्तों की अंधी दुनिया में गुम होती किशोर पीढ़ी


ललित गर्ग



**सोशल** मीडिया, मोबाइल एवं संचार-क्रांति से दुनिया तो सिमटती जा रही लेकिन रिश्तों में फासले बढ़ते जा रहे हैं। भौतिक परिवर्तनों, प्रगति के आधुनिक संसाधनों एवं तथाकथित नये जीवन का क्रांतिकारी दौर हावी हैं। लेकिन हम सामाजिक-पारिवारिक-सांस्कृतिक प्रभावों के प्रति उतने सजग नहीं है जितना बदलावों की आंधी के दौर में होना चाहिए। मोबाइल ने छीन रखा है सबका सुकून, जीवन का आनन्द एवं शांत एवं संतुलित जीवन का स्त्रोत। व्हाट्सअप, फेसबुक, इंस्टाग्राम ने चला रखा है अजीब जादू? हाथ मैं मोबाइल, सामने लगा रहे टीवी- बस यहीं बन चुकी है सबकी जिन्दगी। आज किसी भी घर के वातायन में झांककर देख लें-दुःख, चिन्ता, कलह, ईर्ष्या, घृणा, उन्मुक्तता, पक्षपात, विरोध, विद्रोह एवं रुखापन के साये चलते हुए दीखेंगे। अपनों के बीच भी परायेपन का अहसास पसरा हुआ। बड़ी चुनौतीपूर्ण स्थिति है, खुद पर तरस खाओ, रिश्तों को सम्भालों वरना अकेले रह जाओगे, जिन्दगी भर पछताओगे। ऐसे ही एक अभिभावक के लिये पछतावे की स्थिति तब बनी जब उन्होंने अपनी किशोरी को स्मार्ट फोन दिलाया। पिता ने सोचा था कि मोबाइल से पढ़ाई में सहायता होगी। जब उन्होंने देखा कि बेटी पढ़ाई के बजाय अक्सर किसी अजनबी युवक से बात करती है तो टोका। यह बात किशोरी को इतनी नागवार गुजरी कि वह शिकायत लेकर बुधवार को थाने पहुंच गई। माता-पिता की डांट फटकार से नाराज कोई बच्चा यदि थाने पहुंचता है तो इसे बाल अधिकारों के प्रति उसकी जागरूकता से जोड़कर देखा जाता है, लेकिन लखनऊ की यह किशोरी जिस शिकायत का लेकर थाने पहुंच गई वह अनेक चिंताजनक सवाल खड़े करता है एवं नये बनते सामाजिक सोच की परते उधेड़ता है। बालिका का तर्क है कि माता-पिता मेरी जिंदगी में क्यों दखल दे रहे हैं। हमारे अनुभव हमारी सोच को गहरे प्रभावित करते हैं। हमारे मूल्य और आदर्श भी इससे प्रभावित होते हैं। नित नये अनुभव हमारे नजरिये में बदलाव करते रहते हैं। अगर निरपेक्ष होकर देखें तो पाएंगे कि कुछ सालों पहले आप जैसे थे, आपकी पारिवारिक दुनिया जितनी खुशनुमा थी, आज उतनी नहीं है। हम अपने स्व को भूल रहे हैं, अपनी संस्कृति एवं पारिवारिक संरचना से दूर होते जा रहे हैं। अपने सिद्धांतों और आदर्शों से समझौता करने लगे हैं। अजीब हालात है कि दूसरों की खबर लेने का वक्त है पर अपनों की होश नहीं। दुनियाभर के दोस्तों से दुआ सलाम सब हो रहा, लेकिन अपने से दूरियां बढ़ती जा रही है। अपनों को पराया और पराया को अपना कर रहे देखिए किस तरह सब हो रहे। साथ होकर भी साथ नहीं, अपनों के लिए वक्त नहीं। तनहा हो गये सब एक ही घर में। साथ अपना होकर भी बाहर सब साथी ढूँढ रहे हैं। न सीमाएं है, न संस्कार, न मर्यादा। उच्छृंखलता एवं उन्मुक्तता इस कदर हावी है कि माता-पिता का किसी गलत बात पर डांटना भी बच्चों के लिये अपराध जैसा हो गया है, तभी इसकी शिकायत यानी अपने माता-पिता को ही पुलिस थाने पहुंचा दिया गया और वह भी एक बालिका के द्वारा। प्रश्न है कि किशोर-किशोरियां में अपने माता-पिता के प्रति इस तरह के भाव-विचार-विद्रोह क्यों पैदा हो रहे हैं। बच्चों व अभिभावकों के बीच दूरियां क्यों बढ़ रही है? जवाब हर परिस्थिति में अलग-अलग हो सकते हैं, लेकिन समग्रता का सार यह है कि किसी बच्चे के सकारात्मक विकास के लिए परिवार, पड़ोस और विद्यालय से जो संस्कार मिलने चाहिए, वे नहीं मिल रहे हैं। बल्कि अपसंस्कृति एवं विकारों के प्रति चेतना का भी ह्रास हो रहा है। वास्तव में आज मोबाइल फोन महत्वपूर्ण हैं, लेकिन इसके उपयोग को लेकर हमें बच्चों को सतर्क करना होगा।

**आज किसी भी घर के वातायन में झांककर देख लें-दुःख, चिन्ता, कलह, ईर्ष्या, घृणा, उन्मुक्तता, पक्षपात, विरोध, विद्रोह एवं रुखापन के साये चलते हुए दीखेंगे। अपनों के बीच भी परायेपन का अहसास पसरा हुआ। बड़ी चुनौतीपूर्ण स्थिति है, खुद पर तरस खाओ, रिश्तों को सम्भालों वरना अकेले रह जाओगे, जिन्दगी भर पछताओगे। ऐसे ही एक अभिभावक के लिये पछतावे की स्थिति तब बनी जब उन्होंने अपनी किशोरी को स्मार्ट फोन दिलाया। पिता ने सोचा था कि मोबाइल से पढ़ाई में सहायता होगी। जब उन्होंने देखा कि बेटी पढ़ाई के बजाय अक्सर किसी अजनबी युवक से बात करती है तो टोका। यह बात किशोरी को इतनी नागवार गुजरी कि वह शिकायत लेकर बुधवार को थाने पहुंच गई। माता-पिता की डांट फटकार से नाराज कोई बच्चा यदि थाने पहुंचता है तो इसे बाल अधिकारों के प्रति उसकी जागरूकता से जोड़कर देखा जाता है, लेकिन लखनऊ की यह किशोरी जिस शिकायत का लेकर थाने पहुंच गई वह अनेक चिंताजनक सवाल खड़े करता है एवं नये बनते सामाजिक सोच की परते उधेड़ता है। बालिका का तर्क है कि माता-पिता मेरी जिंदगी में क्यों दखल दे रहे हैं। हमारे अनुभव हमारी सोच को गहरे प्रभावित करते हैं। हमारे मूल्य और आदर्श भी इससे प्रभावित होते हैं। नित नये अनुभव हमारे नजरिये में बदलाव करते रहते हैं। अगर निरपेक्ष होकर देखें तो पाएंगे कि कुछ सालों पहले आप जैसे थे, आपकी पारिवारिक दुनिया जितनी खुशनुमा थी, आज उतनी नहीं है। हम अपने स्व को भूल रहे हैं, अपनी संस्कृति एवं पारिवारिक संरचना से दूर होते जा रहे हैं।**

## आपकी बात

### मोदी पर उत्कृष्ट संतुलित लेख

प्रधानमंत्री जी पर प्रथम पृष्ठ पर लिखे गए आलेख को शोधपरक तथ्य, नवीन विश्लेषण और नवसृजित मुहावरों ने उत्कृष्ट बना दिया है। मेरी सीमित बुद्दि में नवसृजित शब्द 'मामूली लगती सुविधाएं' 'लुभावना अवतार' शामिल हुए। राष्ट्रीय नवीन मेल से दिनों दिन रिश्ता गहराता जा रहा है। नव वर्ष पर उदीयमान हिन्दी दैनिक के लिए शुभकामनायें।

**– देवेश कुमार घोष,–भूत पूर्व प्राचार्य, डी ए वी कॉलेज मैनेजिंग कमिटी, नई दिल्ली।**

### कोहरे से हाल बेहाल

कोहरे की चादर में पूरा जिला लिपट गया है। इन दिनों रात होते ही शहर में घने कोहरे छा जाने से बाजारों में सन्नाटा पसर जा रहा है। हालांकि दिन में धूप खिलने से लोगों को थोड़ी राहत मिली। लेकिन सुबह में घने कोहरे छाये रहता है। लोग वाहनों का लाईट जलाकर रेंगते हुए नजर आये। सुबह 7 बजे के बाद थोड़ी धुंध हटी, लेकिन धूप दोपहर के बाद ही खिल पाई। इस दौरान कई जगहों पर लोग अलाव तापते नजर आ रहे हैं। धूप खिलने के बाद शहर में चहल-पहल लौटी। इधर कोहरे के साथ ठंड में भी इजाफा हो गया है। शहर का न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस जबकि अधिकतम 24 डिग्री सेल्सियस रहा। कोहरे का असर रेल परिचालन पर व्यापक रूप से पड़ा है। इधर ठंड को लेकर कई जगहों पर अलाव की व्यवस्था की गई है। ठंड को लेकर शहर के प्रमुख चौक-चौराहे में छहमुहान चौक, स्टेशन रोड के दोनों साइड, रेड़मा चौक, बैरिया चौक के आसपास अलाव की व्यवस्था की गई है।

**– एसएन शर्मा, मेदिनीनगर**

राजनीति

# 108 व 786 अंकों का अध्यात्मिक आस्था


किशन भावनानी


**वैश्विक** स्तरपर सर्वविदित है कि दुनियां के करीब करीब सभी देशों में भारत ही एक ऐसा अकेला देश है जहां कई सदियों से या यू कहीं कि हजारों वर्षों से आध्यात्मिकता आस्था व तार्किक महत्व रहा है। उसमें भी 108 व 786 अंकों का विशेष महत्व रहा है जो हिंदू व मुस्लिम समुदाय की गहरी आस्था के प्रतीक है। वैसे तो हम पीढ़ियों से इन अंको को जानते हैं, परंतु आज 108 अंक की चर्चा पूरे विश्व में हो रही है क्योंकि माननीय पीएम के मन की बात की 108 वीं कड़ी के प्रसारण में उन्होंने धार्मिक आस्था के प्रतीक अंक 108 के बारे में कुछ बातें व चर्चायें की और पूरी दुनियां का ध्यान इस अंक पर आ गया और फिर मीडिया में धार्मिक आस्था के प्रति अंकों 108 व 786 की चर्चाएं चल पड़ी। चूंकि भारत में खुशहाली के प्रति 108 व 786 अंकों का गणित हमको समझना है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे मानवीय गहरी धार्मिक आस्था के प्रति के विश्वसनीय अंकों 108 व 786 पर मानवीय गहरे विश्वास को रेखांकित करना समय की मांग है। माननीय पीएम द्वारा मन की बात की 108वीं कड़ी में 108 के बारे में चर्चा करने की करें तो उन्होने कहा मन की बात यानें आपके साथ मिलने का एक शुभ अवसर, और अपने परिवारजनों के साथ जब मिलते हैं, तो वो, कितना सुखद होता है, कितना संतोषदायी होता है। मन की बात के द्वारा आपसे मिलकर, मैं, यही अनुभुति करता हूँ, और आज तो, हमारी साझा यात्रा का ये 108 वाँ एपिसोड है। हमारे यहाँ 108 अंक का महत्व, उसकी पवित्रता, एक गहन अध्ययन का विषय है। माला में 108 मन के, 108 बार जप, 108 दिव्य क्षेत्र, मंदिरों में 108 सीढ़ियाँ, 108 घंटियाँ, 108 का ये अंक असीम आस्था से जुड़ा हुआ है। इसलिए मन की बात का 108वाँ एपिसोड मेरे लिए और खास हो गया है। इन 108 एपिसोड्स में हमने जनभागीदारी के कितने ही उदाहरण देखे हैं, उनसे प्रेरणा पाई है। अब इस पड़ाव पर पहुँचने के बाद, हमें नए सिरे से, नई ऊर्जा के साथ और तेजगति से, बढ़ने का, संकल्प लेना है।

**108 अंक का महत्व, उसकी पवित्रता, एक गहन अध्ययन का विषय है। माला में 108 मन के, 108 बार जप, 108 दिव्य क्षेत्र, मंदिरों में 108 सीढ़ियाँ, 108 घंटियाँ, 108 का ये अंक असीम आस्था से जुड़ा हुआ है।**

## फेसबुक वॉल से





## X - से




अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

# भारतीय सड़कों पर जिम्मेदारी की भावना लायेगा हिट एंड रन बिल


डॉ. सत्यवान सौरभ

**केंद्र** सरकार द्वारा बनाये गये नये कानून के तहत अगर कोई ड्राइवर रोड पर एक्सीडेंट करके भाग जाता है और घायल को सड़क पर ही छोड़ देता है तो उसे 10 साल की सजा होगी। वहीं, अगर एक्सीडेंट करने वाला शख्स, घायल व्यक्ति को हॉस्पिटल पहुंचाता है तो उसकी सजा कम कर दी जायेगी। इसके साथ ही कानून में ये भी हो अगर आम पब्लिक एक्सीडेंट के दौरान वाहन चालक के साथ मारपीट करती है तो उनको भी सजा हो। तब वाहन चालक इसकी गारंटी लेगा और केस में पीड़ित को अस्पताल तक पहुंचायेगा। हिट-एंड-रन मामला भारत में सड़क दुर्घटनाओं का एक आम मामला बन गया है। सरल शब्दों में, हिट-एंड-रन दुर्घटनाओं को एक ऐसे मामले के रूप में वर्णित किया जा सकता है, जहां एक व्यक्ति गाड़ी चलाते समय दूसरे वाहन को टक्कर मारता है और मौके से भाग जाता है। अपने वाहन से संबंधित सड़क दुर्घटना की रिपोर्ट करना ड्राइवर की आपराधिक और नागरिक जिम्मेदारी है। जैसे-जैसे भारत में हिट-एंड-रन के मामले बढ़ रहे हैं, मोटर वाहन अधिनियम को समझना आवश्यक है, जो हिट-एंड-रन दुर्घटनाओं में शामिल किसी भी व्यक्ति पर लगाये गए कानूनों की व्याख्या करता है। हिट एंड रन मामले वे होते हैं जहां सड़क दुर्घटना का कारण बनने वाले वाहन का चालक घटनास्थल से भाग जाता है। भारतीय न्याय संहिता में लापरवाही से गाड़ी चलाने के कारण हुई मौत के लिए जेल की सजा को बढ़ाकर सात साल तक की जेल और जुर्माना करने का भी प्रस्ताव किया गया है, जो गैर इरादतन हत्या की श्रेणी में आता है। आईपीसी की धारा 304ए के तहत मौजूदा प्रावधान, जो 'दो साल तक की जेल या जुमार्ना या दोनों' का प्रावधान करता है। ये प्रस्तावित प्रावधान गलती करने वाले ड्राइवरों के लिए निवारक साबित होने की संभावना है, जो अक्सर जुर्माना देकर बच जाते हैं या कम जेल की सजा काटते हैं। वर्तमान में, हिट एंड रन मामलों में आरोपियों पर उनकी पहचान के बाद धारा 304ए के तहत मुकदमा चलाया जाता है और इसलिए वे ज्यादातर मामलों में मामूली सजा के साथ भी बच जाते हैं।

**भारत में हिट-एंड-रन के मामले बढ़ रहे हैं, मोटर वाहन अधिनियम को समझना आवश्यक है, जो हिट-एंड-रन दुर्घटनाओं में शामिल किसी भी व्यक्ति पर लगाये गए कानूनों की व्याख्या करता है।**

बोधि वृक्ष

## गजलक्ष्मी व्रत व ऐरावत हाथी की पौराणिक

**हे** महामुने! इस व्रत की विधि हमें विस्तारपूर्वक बताने की कृपा करें। तब व्यासजी बोले- 'हे देवी! यह व्रत भाद्रपद शुक्ल अष्टमी से प्रारंभ किया जाता है। इस दिन स्नान करके 16 सूत के धागों का डोरा बनाएं, उसमें 16 गांठ लगाएं, हल्दी से पीला करें। प्रतिदिन 16 दूब व 16 गेहू डोरे को चढ़ाएं। आश्विन (क्वांर) कृष्ण अष्टमी के दिन उपवास रखकर मिट्टी के हाथी पर श्री महालक्ष्मीजी की प्रतिमा स्थापित कर विधिपूर्वक पूजन करें। इस प्रकार श्रद्धा-भक्ति सहित महालक्ष्मीजी का व्रत, पूजन करने से आप लोगों की राज्यलक्ष्मी में सदा अभिवृद्धि होती रहेगी। इस प्रकार व्रत का विधान बताकर श्री वेदव्यासजी अपने आश्रम को प्रस्थान कर गये। इधर समयानुसार भाद्रपद शुक्ल अष्टमी से गांधारी तथा कुंती अपने-अपने महलों में नगर की स्त्रियों सहित व्रत का आरंभ करने लगीं। इस प्रकार 15 दिन बीत गये। 16वें दिन आश्विन कृष्ण अष्टमी के दिन गांधारी ने नगर की सभी प्रतिष्ठित महिलाओं को पूजन के लिए अपने महल में बुलवा लिया। माता कुंती के यहां कोई भी महिला पूजन के लिए नहीं आई। साथ ही माता कुंती को भी गांधारी ने नहीं बुलाया। ऐसा करने से माता कुंती ने अपना बड़ा अपमान समझा। उन्होंने पूजन की कोई तैयारी नहीं की एवं उदास होकर बैठ गईं। जब पांचों पांडव युधिष्ठिर, अर्जुन, भीम, नकुल और सहदेव महल में आये तो कुंती को उदास देखकर पूछा- हे माता! आप इस प्रकार उदास क्यों हैं? आपने पूजन की तैयारी क्यों नहीं की?' तब माता कुंती ने कहा- 'हे पुत्र! आज महालक्ष्मीजी के व्रत का उत्सव गांधारी के महल में मनाया जा रहा है। उन्होंने नगर की समस्त महिलाओं को बुला लिया और उसके 100 पुत्रों ने मिट्टी का एक विशाल हाथी बनाया जिस कारण सभी महिलाएं उस बड़े हाथी का पूजन करने के लिए गांधारी के यहां चली गईं, लेकिन मेरे यहां नहीं आईं। (क्रमशः)

## टेक वर्ल्ड

### इंस्टाग्राम के थ्रेड्स पर पोस्ट एडिट व कई शानदार फिचर्स

इसके बाद इस नोट को प्लेटफॉर्म पर शेयर किया जाएगा। कुछ यूजर्स के पास पहले से ही एडिट बटन और वॉयस नोट्स तक पहुंच है और जल्दी ही इन सुविधाओं को ज्यादा यूजर्स के लिए भी जारी किया जा सकता है। मेटा का टेक्स्ट आधारित सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, थ्रेड्स, इस साल जुलाई में लॉन्च किया गया था और इसका उद्देश्य ट्विटर को कड़ी टक्कर देना था, जिसे अब एक्स कहा जाता है। लॉन्च के 5 दिनों के भीतर एप को लाखों डाउनलोड मिले और लोगों को आसानी से थ्रेड्स अकाउंट बनाने की अनुमति मिली, जो पहले से ही इंस्टाग्राम का इस्तेमाल कर रहे थे।



(समाप्त)

**इन आसान तरीकों से ऐसे बढ़ाएं अपने स्मार्ट टीवी की स्पीड?** आप अपनी स्मार्ट टीवी पर अगर यूट्यूब की सेटिंग कर रखे हैं तो आपको अपने यूट्यूब का भी क्लियर करते रहना होगा क्योंकि इसके साथ ही यूट्यूब के बहुत सारे डेटा यहां इकट्ठा हो जाते हैं और टीवी की स्पीड को कम कर देते हैं। कई बार ऐसा होता है कि आप अपने घर में स्मार्ट टीवी लगा लेते हैं, लेकिन कुछ ही दिनों के बाद आपके स्मार्ट टीवी की स्पीड धीरे-धीरे कम होने लग जाती है। हालांकि स्मार्ट टीवी के बाकी फंक्शन अच्छे से काम कर रहे होते हैं, ऐसे में आप टीवी बदलना भी नहीं चाहते हैं! तो आज हम आपको कुछ ऐसे टिप्स बताने वाले हैं जिनकी सहायता से आप अपनी स्मार्ट टीवी की स्पीड को काफी बढ़ा सकते हैं।

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)



# विंटर में स्किन हाइड्रेशन का ख्याल रखेंगे ये टिप्स

**सर्दी के मौसम में ठंडी हवाएं आपकी स्किन को और भी ज्यादा रूखा बना देती हैं। ऐसे में स्किन का ख्याल रखने के लिए उसकी नमी बनाए रखना बेहद जरूरी होता है।**

मिताली जैन

ठंड के मौसम में स्किन की हाइड्रेशन संबंधी जरूरतें बढ़ जाती हैं। इसलिए यह जरूरी है कि आप अपने स्किन केयर प्रोडक्ट पर अधिक ध्यान दें। मसलन, विंटर में अपनी स्किन की क्लीनिंग करने के लिए आप मॉइश्चराइजिंग बेस्ड क्लींजर का इस्तेमाल करें। सर्दी के मौसम में ठंडी हवाएं आपकी स्किन को और भी ज्यादा रूखा बना देती हैं। ऐसे में स्किन का ख्याल रखने के लिए उसकी नमी बनाए रखना बेहद जरूरी होता है। विंटर में स्किन हाइड्रेशन का ख्याल रखना काफी मुश्किल होता है। हो सकता है कि आप भी इस मौसम में रूखी व डल स्किन के कारण परेशान हो रहे हों।

### मॉइश्चराइजिंग क्लींजर का करें इस्तेमाल

ठंड के मौसम में स्किन की हाइड्रेशन संबंधी जरूरतें बढ़ जाती हैं। इसलिए यह जरूरी है कि आप अपने स्किन केयर प्रोडक्ट पर अधिक ध्यान दें। मसलन, विंटर में अपनी स्किन की क्लीनिंग करने के लिए आप मॉइश्चराइजिंग बेस्ड क्लींजर का इस्तेमाल करें। इससे ना केवल आपकी स्किन बेहतर तरीके से क्लीन होती है, बल्कि उसका नेचुरल मॉइश्चर भी बना रहता है।

### ह्यूमिडिफायर का करें इस्तेमाल

यह एक छोटा सा टिप है, लेकिन आपके बेहद काम आ सकता है। ठंड के मौसम में इनडोर हीटिंग सिस्टम के कारण हवा शुष्क हो सकती है। ऐसे में ह्यूमिडिफायर का इस्तेमाल करना काफी अच्छा माना जाता है। यह हवा में नमी जोड़ता है, जिससे आपकी स्किन बहुत अधिक रूखी होने से बचती है।

### प्रोटेक्टिव हो कपड़े

आप अपनी स्किन को ठंडी हवाओं से बचाने के लिए ग्लव्स, स्कार्फ और टोपी पहनें। ऐसा करने से स्किन का मॉइश्चर लॉस कम होता है और हाइड्रेशन लेवल बना रहता है।

### स्किन को करें एक्सफोलिएट

ठंड के मौसम में अपनी स्किन को समय-समय पर एक्सफोलिएट करना जरूरी होता है। जब आप अपनी स्किन को एक्सफोलिएट करते हैं तो इससे डेड स्किन सेल्स रिमूव होते हैं। जिससे स्किन में ब्यूटी प्रोडक्ट्स अधिक बेहतर तरीके से प्रवेश कर पाता है। हालांकि, आप अपनी स्किन को जलन से बचाने के लिए जेंटल एक्सफोलिएट सलेक्ट करें।

### लगाएं हाइड्रेटिंग मास्क

अपनी स्किन के हाइड्रेशन लेवल को बनाए रखने के लिए आप हाइड्रेटिंग मास्क का इस्तेमाल भी जरूर करें। आप अपनी स्किन को अतिरिक्त नमी देने के लिए आप सप्ताह में एक या दो बार हाइड्रेटिंग मास्क का इस्तेमाल करें। हयालूरोनिक एसिड या एलोवेरा जैसे हाइड्रेटिंग इंग्रीडिएंट्स का इस्तेमाल करने आपकी स्किन को नमी मिलती है।

# हाथ में नहीं टिकता पैसा तो आपकी ये गलतियां हो सकती हैं कारण

वास्तु शास्त्र में घर की दिशाओं और चीजों को रखने की एक जगह बताई गई है। इस शास्त्र की मानें तो यदि चीजों को सही दिशा में रखा जाए तो व्यक्ति को कई तरह की मुश्किलें आसान हो सकती हैं। इसके अलावा वास्तु शास्त्र में कुछ ऐसे उपाय भी बताए गए हैं जिन्हें अपनाने से धन संबंधी समस्याएं दूर होती हैं।

**दक्षिण की दीवार के साथ अलमारी :** वास्तु के अनुसार, घर का उत्तर-पश्चिम भाग हमेशा ऊंचा होना चाहिए। उत्तर-पूर्व दिशा में ढलान होनी चाहिए। घर की अलमारी को हमेशा दक्षिण की दीवार के साथ रखना चाहिए। इस दौरान अलमारी का मुंह, उत्तर दिशा की ओर होना चाहिए। इससे व्यक्ति के जीवन में धन संबंधी समस्याएं दूर होती हैं।

**एक्वेरियम :** ईशान कोण में देवी-देवताओं का वास माना जाता है। इसलिए इस



दिशा में जल संबंधित चीजें खना शुभ मानी जाती हैं। यदि आप चाहते हैं कि आपको धन लाभ हो तो घर के ईशान कोण में एक्वेरियम या फिर छोटा सा फव्वारा जरुर रखें।

**उत्तर दिशा में तिजोरी :** यदि आप अपने घर में वास्तु के अनुसार, तिजोरी को रखते हैं तो इससे आपको धन लाभ हो सकता है। मान्यताओं के अनुसार, उत्तर दिशा में तिजोरी रखनी शुभ मानी जाती है। इससे व्यक्ति के जीवन में आने वाली धन संबंधी परेशानियां दूर होती हैं।

**न करें ये गलतियां :** वास्तु मान्यताओं के अनुसार, रात में खाने के बाद कभी भी झूठे बर्तन नहीं छोड़ने चाहिए। वास्तु शास्त्र में ऐसा करना सही नहीं माना जाता। इससे मां लक्ष्मी रुठ कर घर से वापिस जा सकती हैं।

. इसके अलावा यह ध्यान रखें कि नल में से पानी न टपके। बिना वजह से नल से पानी टपकना अशुभ माना जाता है।

# सर्दियों में ऐसे करें बच्चों की मालिश, हड्डियां बनेंगी मजबूत

ठंड का मौसम शुरू हो चुका है ऐसे में इस दौरान बच्चे के लिए तेल मालिश बहुत ही फायदमंद होती है। कम उम्र में बच्चे की हड्डियों का विकास हो रहा है होता है। यदि इस दौरान पेरेंट्स बच्चों की मालिश करें तो यह मजबूत बनेगी। इस मौसम में बच्चे की रोग प्रतिरोधक क्षमता बड़ों के मुकाबले कमजोर होती है जिसके कारण वह जल्दी बीमार हो जाते हैं। बच्चों की मालिश करने से उनका शरीर मजबूत बनेगा।

### मालिश से बच्चों को होने वाले फायदे

- सर्दियों में तेल मालिश करने से बच्चे की मांसपेशियां और हड्डियां मजबूत बनेगी।
- ठंड के दिनों में तेल से मालिश करने से बच्चे को नींद अच्छी आएगी।
- तेल मालिश से बच्चे का ब्लड सकुर्लेशन अच्छा होगा और उसकी ग्रोथ होगी।
- रोजाना तेल मालिश से बच्चे को सर्दी-जुकाम जैसी समस्या से भी राहत मिलती है।
- इसके अलावा पेट संबंधी समस्याओंसे भी बच्चों को आराम मिलता है।



### कैसे करें बच्चों की मालिश?

- मालिश के लिए सबसे पहले बच्चे के पैर से शुरूआत करें। हाथों को शिशु के पैर पर लंबा लेकर जाएं फिर गोल-गोल घुमाते हुए उसकी मालिश कर लें।
- मालिश के समय हाथों को पहले आप ऊपर लेकर जाएं और फिर नीचे लेकर जाएं। इससे आपका ब्लड सकुर्लेशन अच्छा होगा।
- मालिश के लिए आप हाथों और उंगलियों का इस्तेमाल ध्यान से करें।
- इस दौरान हल्की स्ट्रेचिंग भी जरुरी है। शिशु के पैर को हल्का स्ट्रेच करें।
- हाथों को भी हल्का स्ट्रेच करें और फिर मालिश करें।
- इसके बाद पेट, गर्दन और पीठ पर उंगलियों के जरिए मालिश करें।
- इन हिस्सों में स्ट्रेचिंग की जरुरत आपको नहीं पड़ेगी, सिर्फ उंगलियों के जरिए ही मालिश करना बच्चे के लिए लाभकारी होता है।

### इस बात का भी रखें ध्यान

- बच्चे की त्वचा के लिए नारियल तेल, सरसों का तेल या फिर तिल का तेल आप इस्तेमाल कर सकते हैं।
- बच्चे की त्वचा के लिए सर्दी के दिनों में आप गुनगुना तेल ही इस्तेमाल करें। इस बात का ध्यान रखें कि शिशु की त्वचा पर ज्यादा गर्म तेल बिल्कुल भी न लगाएं।
- मालिश करने के लिए तेल की कुछ बूंदे अपनी हथेली पर डालें और दोनों हाथों के बीच में लगाएं। इसके बाद शिशु की मालिश करें।

# बच्चे के फोन एडिक्ट होने की वजह आप खुद...

पहले जमाने में जहां बच्चे खिलौने से खेलना पसंद करते थे आज वहीं बदलते समय और तकनीक के साथ बच्चों के हाथों में मोबाइल की जगह फोन दिख रहे हैं। स्मार्टफोन, टीवी, लैपटॉप जैसी चीजों के बच्चे इतने ज्यादा आदि हो गए हैं कि इसके कारण उन्हें मोटापा, डिप्रेशन, कमजोर आईसाइट जैसी समस्याएं हो रही हैं। हालांकि इन सभी में बच्चों के साथ-साथ कहीं न कहीं पेरेंट्स भी जिम्मेदार हैं। क्योंकि पेरेंट्स अपने बच्चों से ही कई सारी बातें सीखते और करते हैं। आज आपको कुछ ऐसी गलतियां बताते हैं जिनके कारण आपके बच्चे फोन के आदि हो रहे हैं।



### ज्यादा फोन इस्तेमाल करना

यदि आप खुद फोन ज्यादा इस्तेमाल करते हैं तो बच्चों को फोन से कैसे दूर रख सकते हैं। क्योंकि आपको देखकर ही बच्चे अच्छी और बुरी आदतें सीखेंगे। यदि आप खुद सोशल मीडिया पर एक्टिव रहते हैं या फिर बच्चों के सामने फोन का इस्तेमाल करते हैं तो बच्चे भी ऐसे ही करेंगे। ऐसे में यदि आप चाहते हैं कि बच्चे फोन से दूर रहे हैं तो उन्हें फोन देने का एक समय रखें। जब बच्चे आपके आस-पास हों तो उन्हें समय दें और फोन को एक तरफ रख दें।

### खुद फोन दे देना

एक्सपट्र्स की मानें तो बच्चे को किसी भी चीज से दूर रखने के लिए उसे लालच देना ठीक नहीं है। हालांकि ज्यादातर पेरेंट्स बच्चों को कंट्रोल रखने के लिए यही तरीका आजमाते हैं। पेरेंट्स बच्चों की जिद्द पूरी करने के लिए उन्हें फोन चलाने के लिए दे देते हैं। हालांकि बच्चे आगे चलकर जिद्दी बन जाते हैं और बात भी नहीं मानते। इसलिए यदि उन्हें स्क्रीन से होने वाले नुकसान के बारे में बताएं। अपनी बात मनवाने के लिए बच्चों को लालच बिल्कुल भी न दें। ज्यादा स्क्रीन पर समय बिताने के कारण बच्चों पर बुरा असर हो सकता है।

### बच्चे को एक्टिविटीज न करवाना

पेरेंट्स बच्चों के बोर होने पर उन्हें हाथ में फोन पकड़ा देते हैं या फिर टीवी चला देते हैं लेकिन यह आदत सही नहीं है इसके कारण बच्चों की आंखों पर बुरा असर पड़ता है। फोन की जगह आप बच्चे से इंडोर एक्टिविटीज करवाएं। इसके अलावा आप चाहें तो बच्चों को ऐसी मेमोरी गेम्स करवा सकते हैं जिससे उनका दिमाग विकसित हो।

### बच्चों को समय न दे पाना

जब पेरेंट्स बच्चों को समय न दें तो भी वह अपना समय बिताने के लिए तरीका ढूंढ लेते हैं। लेकिन सही परवरिश वही है जिसमें आप बच्चों को समय दें। ये अच्छी परवरिश की तरफ ही पहला कदम होता है। बच्चों को यदि आप समय नहीं देंगे तो वह ऐसी आदतों के शिकार हो जाएंगे जो उनके लिए हानिकारक हो सकती हैं। पेरेंट्स के समय न देने के कारण ही बच्चे मोबाइल फोन के आदि हो सकते हैं।

## सूडोकु नवताल- 6932

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | 6 | | | | |
| | | | | | 5 | | | |
| | | 9 | | | | 7 | | 3 |
| | 1 | | | 8 | | | | 2 |
| | | | 7 | | 4 | | | |
| 6 | | | | 3 | | | 8 | |
| 5 | | 7 | | | | 4 | | |
| | | | 8 | | | | | |
| | | | | 1 | | | 6 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -6931 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 7 | 6 | 2 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 | 9 | 3 |
| 2 | 7 | 3 | 9 | 4 | 6 | 8 | 1 | 5 |
| 6 | 3 | 9 | 1 | 7 | 4 | 2 | 5 | 8 |
| 5 | 2 | 4 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 6 | 5 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 4 | 6 | 7 | 5 | 8 | 1 | 3 | 2 | 9 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 7 | 5 | 4 | 6 |
| 3 | 5 | 2 | 4 | 6 | 9 | 1 | 8 | 7 |

## दैनिक पंचांग

**02 जनवरी 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | धनु में | मकर | 07.38 बजे से |
| चंद्र | सिंह में | कुंभ | 09.24 बजे से |
| मंगल | धनु में | मीन | 10.57 बजे से |
| बुध | वृश्चिक में | मेष | 12.28 बजे से |
| गुरु | मेष में | वृष | 14.08 बजे से |
| शुक्र | वृश्चिक में | मिथुन | 16.06 बजे से |
| शनि | कुंभ में | कर्क | 18.19 बजे से |
| राहु | मीन में | सिंह | 20.35 बजे से |
| केतु | कन्या में | कन्या | 22.47 बजे से |
| राहुकाल | 3.00 से 4.30 बजे तक | तुला | 00.58 बजे से |
| | | वृश्चिक | 03.13 ब.से |
| | | धनु | 05.29 बजे से |

**मंगलवार** 2024 वर्ष का दूसरा दिन **दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** हेमन्त। **विक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945 **मास** पौष (दक्षिण भारत में मृगशीर्ष) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** षष्ठी 17.11 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** पूर्वाफाल्गुनी 11.42 बजे को समाप्त। **योग** सौभाग्य 05.33 बजे प्रात: को समाप्त। **करण** वणिज 17.11 बजे तदनन्तर विष्टि 06.32 बजे को समाप्त। **चन्द्रायु** 20.0 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 22° 59' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1871846 **जूलियन दिन** 2460311.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2550 **हिजरी सन्** 1445 **महीना** जमादि उस्सानी **तारीख** 19

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 05.53 से | 07.22 बजे तक | काल | 05.42 से | 07.13 बजे तक |
| उद्वेग | 07.22 से | 08.15 बजे तक | लाभ | 07.13 से | 08.45 बजे तक |
| चर | 08.15 से | 10.19 बजे तक | उद्वेग | 08.45 से | 10.16 बजे तक |
| लाभ | 10.19 से | 11.48 बजे तक | शुभ | 10.16 से | 11.48 बजे तक |
| अमृत | 11.48 से | 01.16 बजे तक | अमृत | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| काल | 01.16 से | 02.45 बजे तक | चर | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| शुभ | 02.45 से | 04.13 बजे तक | रोग | 02.51 से | 04.22 बजे तक |
| रोग | 04.13 से | 05.42 बजे तक | काल | 04.22 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

## शब्द पहेली - 7994

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | | ■ | 4 | 5 | |
| 6 | | ■ | | ■ | 7 | | | ■ |
| | ■ | 8 | | 9 | ■ | ■ | 10 | |
| 11 | | | ■ | 12 | | 13 | | ■ |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | 14 |
| ■ | 15 | | | | ■ | 16 | | |
| 17 | | ■ | ■ | 18 | 19 | | ■ | |
| ■ | 20 | 21 | | ■ | | ■ | 22 | |
| 23 | | | ■ | 24 | | | | |

**बाएँ से दाएँ**

1. अपनत्व, अपनाव-5
4. खाने लायक तैयार होना-3
6. गोंद, लाख-2
7. पति, शौहर-3
8. जंगल, अरण्य-3
10. उत्साह, ललक-2
11. प्रलय, आफत-3
12. ईश्वर, रब-4
15. वट वृक्ष-4
16. निर्माण (उर्दू-3)
17. धोखा, कपट-2
18. दृष्टि, निगाह-3
20. स्वदेश, मातृभूमि-3
22. एक पैसा-2
23. विजय, जीत-3
24. आत्मबलिदानी, साहसी-5

**ऊपर से नीचे**

1. उपद्रव की स्थिति, अशांति-5
2. लम्हा, क्षण-2
3. गिरावट, अवनति-3
4. मवाद-2
5. मरियल, दुर्बल-4
8. असरदार, प्रभावी-4
9. नाक छेदना-2,3
13. विदिर्ण, छिन्न भिन्न होना-4
14. मांग, अनुरोध-5
15. बलवा, गदर-4
19. विष, गरल-3
21. अस्तर, स्तर-2
22. देवदास की प्रेमिका-2

**शब्द पहेली -7993 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ती | रं | दा | ज | ■ | को | म | लां | गी |
| प्र | ■ | म | न | भ | र | ना | ■ | ज |
| ता | र | ■ | ■ | र | ■ | ■ | स | र |
| ■ | म | ■ | क | म | र | ■ | मा | ■ |
| प्र | ता | ड़ | ना | ■ | स | र | ज | मीं |
| ■ | जो | ■ | त | र | ना | ■ | वा | ■ |
| बा | गी | ■ | ■ | सी | ■ | ■ | दी | न |
| य | ■ | ल | ची | ला | प | न | ■ | व |
| स | ना | त | न | ■ | र | स | खा | न |

## आज का राशिफल

**मेष राशि :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी।

**वृष राशि :** मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**मिथुन राशि :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी।

**कर्क राशि :** राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा।

**सिंह राशि :** आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें।

**कन्या राशि :** 'आगे-आगे गौरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी। मेहमानों का आगमन होगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा।

**तुला राशि :** जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे।

**वृश्चिक राशि :** लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा।

**धनु राशि :** जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी।

**मकर राशि :** प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी।

**कुंभ राशि :** कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे।

**मीन राशि :** राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER

SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi

Contact No. : 9199533383, 7903835453

Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm

Sunday : 9 am to 2 pm

E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


# नागर शैली में बन रहा राम मंदिर








**एजेंसी। अयोध्या**

अयोध्या में गली-चौराहों से लेकर सड़कें तक रोशनी से जगमगाने लगे हैं। मंदिर निर्माण में अब तक 392 पिलर, 44 गेट और नागर शैली की वास्तुकला की झलक देखने को मिल रही है। मुख्य मंदिर तक पहुंचने के लिए 32 सीढ़ियां बनकर तैयार हो गई हैं। हालांकि, मंदिर निर्माण से जुड़े प्रोजेक्ट पूरे होने में अभी दो साल और लग सकते हैं। जिस तेजी से काम चल रहा है उसमें 2026 तक अयोध्या और राम मंदिर की दिव्यता और भव्यता पूरे देश-दुनिया को देखने को मिलेगी। मंदिर का पूरा परिसर 70 एकड़ का है, जिसमें 25-30% ही निर्मित क्षेत्र होगा, बाकी हरित क्षेत्र होगा। मंदिर का पहला चरण पूरा होने वाला है। प्रधानमंत्री 22 जनवरी को 'मृगशिरा नक्षत्र' में 'प्राण प्रतिष्ठा' समारोह में हिस्सा लेंगे। तब तक भूतल और पूर्व में बन रहा मुख्य प्रवेश द्वार तैयार हो जाएगा। राम मंदिर निर्माण में संस्कृति का भी विशेष ख्याल रखा जा रहा है। पूरा मंदिर नागर शैली में बन रहा है। मंदिर में दक्षिण की द्रविड़ शैली का भी प्रभाव देखने को मिल रहा है। राम मंदिर में पूर्व की दिशा से प्रवेश होगा, जबकि दर्शन के बाद श्रद्धालु दक्षिण दिशा से मंदिर से बाहर आएंगे। बीच में रामलला का गर्भगृह है। प्रथम तल पर श्रीराम दरबार होगा, नृत्य, रंग, सभा, प्रार्थना और कीर्तन के पांच मंडप भी बनाए जा रहे हैं। मंदिर के भीतर अलग-अलग 44 द्वार होंगे।

## क्या है नागर शैली

**सातवीं** शताब्दी के बाद विकसित नागर शैली उत्तर भारतीय हिन्दू स्थापत्य कला की तीन में से एक शैली है। परमार शासकों ने नागर शैली को फलने फूलने में काफी योगदान दिया है। 'नागर' शब्द की उत्पत्ति नगर से हुई है। यह शैली हिमालय से लेकर विंध्य पर्वत माला तक दिख जाती है। नागर शैली के मंदिरों की विशेष पहचान आधार से लेकर सर्वोच्च यानि कि ऊपर से लेकर नीचे तक चतुष्कोण होती है। नागर शैली से बने मंदिरों मंदिर में गर्भगृह, मंडप और अर्द्धमंडप होते हैं। अयोध्या राम मंदिर की शुरूआती तस्वीरों में कमोबेश यही ढांचा दिखा है। इस शैली में बने मंदिरों को ओडिशा में कलिंग, गुजरात में लाट और हिमालयी क्षेत्र में पर्वतीय शैली कहा जाता है। खजुराहो, सोमनाथ, आबू पर्वत राजस्थान के अलावा इस शैली में लिंगराज मंदिर ओडिशा और कोणार्क ओडिशा भी शामिल हैं।

**परकोटे में बनाए जा रहे हैं मंदिर :** मंदिर परिसर में राम लिफ्ट और लॉकर की सुविधा भी श्रद्धालुओं के लिए होगी। मंदिर के चारों ओर लंबा-चौड़ा परकोटा बनाया जा रहा है। यह परकोटा 732 मीटर लंबा और 14 फीट चौड़ा होगा। यह दक्षिण भारतीय मंदिरों की शैली और परंपरा से लिए गए हैं। इन परकोटों के चारों कोनों पर मंदिर स्थापित हो रहा है, जिसमें गणपति शिव भगवती और सूर्य के मंदिर होंगे।

**आत्मनिर्भर होगा राम मंदिर :** राम मंदिर परिसर का अधिकांश हिस्सा सैकड़ों पेड़ों के साथ हरा-भरा क्षेत्र होगा। खुद के सीवेज और जल शोधन संयंत्र होंगे। एक फायर ब्रिगेड चौकी और विशिष्ट बिजली लाइन जैसी सुविधाओं के साथ मंदिर को आत्मनिर्भर बनाया जाएगा। हरित पट्टी में मौजूद 600 पेड़ संरक्षित किए गए हैं।

## हम राम मंदिर निर्माण का करते हैं समर्थन : सिद्धारमैया

**बेंगलुरु।** डैमेज कंट्रोल करते हुए कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने सोमवार को कहा कि उनकी सरकार अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के पक्ष में है। सीएम ने कहा हम अयोध्या में श्री राम मंदिर के निर्माण के लिए अपना पूरा समर्थन देते हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें मंदिर के उद्घाटन में शामिल होने का निमंत्रण नहीं मिला है, निमंत्रण मिलने के बाद मैं समारोह में शामिल होने पर विचार करूंगा। कर्नाटक के योजना डी. सुधाकर ने कहा था कि 'पिछले लोस चुनाव में वोट पाने के लिए बीजेपी सरकार ने पुलवामा हमले को प्रोजेक्ट किया था और इस बार भगवान राम को प्रोजेक्ट किया जा रहा है।'










## निमंत्रण सिर्फ राम भक्तों को

**एजेंसी। अयोध्या**

भगवान राम पर की गई टिप्पणियों को लेकर श्री राम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येन्द्र दास खुलकर सामने आए हैं। उन्होंने जवाब देते हुए कहा कि निमंत्रण केवल उन लोगों को दिया गया है जो भगवान राम के भक्त हैं। वह शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे की उस टिप्पणी पर प्रतिक्रिया दे रहे थे, जिसमें उन्होंने कहा था कि उन्हें राम मंदिर के उद्घाटन कार्यक्रम के लिए निमंत्रण नहीं मिला है। आचार्य सत्येन्द्र दास ने संजय राउत की उस टिप्पणी पर भी निशाना साधा, जिसमें उन्होंने कहा था कि अब केवल एक ही चीज बची है कि 'भाजपा भगवान राम को अपना उम्मीदवार घोषित करे। मुख्य पुजारी ने कहा, 'संजय राउत को इतना दर्द है कि वो उसे बयां भी नहीं कर सकते, ये वही लोग हैं जो भगवान राम के नाम पर चुनाव लड़ते थे।

## एक नजर

### थानेदार बनवाने के नाम पर लड़की ने ठगे 54.40

**जालोर।** जोधपुर पुलिस ने सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा में पास करवाने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी करने वाली एक युवती को जालोर के भीनमाल से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार की गई युवती ने युवक को परीक्षा में पास करवाने के नाम पर कुल 54.40 लाख रुपये का चूना लगा दिया। पुलिस ने युवती को जेल भेज दिया है। युवती के साथ ठगी गैंग में और भी लोग शामिल बताए जा रहे हैं।

### हावड़ा-बैंडेल रेलमार्ग पर पटरी में दरार, ट्रेनों का परिचालन रोका गया

**हुगली।** हावड़ा-बैंडेल रेलमार्ग पर पटरी में दरार आ जाने से सोमवार सुबह ट्रेनों का परिचालन रोक दिया गया। पटरी की मरम्मत का काम शुरू हो गया है। इस वजह से शेवड़ाफुली स्टेशन में डाउन लाइन पर कई ट्रेनें रुकी रहीं। कुछ ट्रेनों को रिवर्स लाइन से निकाला जा रहा है।

### जमीन सौंपने के लिए आईआईटी की मंजूरी का इंतजार

**पणजी ।** गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने सोमवार को कहा कि संस्थान की मंजूरी मिलने के बाद उनकी सरकार आईआईटी परियोजना के लिए जमीन सौंप देगी। तीन स्थानों पर विरोध का सामना करने के बाद, गोवा सरकार ने दक्षिण गोवा के संगुएम निर्वाचन क्षेत्र में रिवोना में एक जगह की पहचान की थी, जिसे स्थानीय पंचायत से हरी झंडी मिल गई थी। मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने यहां संवाददाताओं से कहा, आईआईटी अधिकारियों द्वारा भूमि का निरीक्षण किया गया है। लेकिन अभी तक हमें उनसे 'जमीन की मंजूरी' नहीं मिली है।

## बुरी ताकतों के सामने नहीं झुकेगी तृणमूल

**एजेंसी। कोलकाता**



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को तृणमूल कांग्रेस के 27वें स्थापना दिवस के अवसर पर पार्टी कार्यकताओं को संदेश दिया कि उनके कार्यकर्ता किसी भी परिस्थिति में बुरी ताकतों के सामने नहीं झुकेंगे। यह आपके अटूट समर्थन के बल पर है कि हम इस महान लोकतांत्रिक देश में सभी के लिए लड़ना जारी रखेंगे। किसी भी बुरी ताकत के सामने समर्पण नहीं करेंगे। मुख्यमंत्री ने सोमवार सुबह जारी एक बयान में कहा, सभी आतंक के खिलाफ हम अपने देश के आम लोगों के लिए आजीवन संघर्ष जारी रखेंगे। पार्टी महासचिव और लोकसभा सदस्य अभिषेक बनर्जी ने भी पार्टी कार्यकताओं को एक संदेश भेजा, जहां उन्होंने स्थापना के बाद से तृणमूल कांग्रेस की इस यात्रा में उनके समर्थन के लिए लोगों को धन्यवाद दिया। अभिषेक बनर्जी ने बयान में कहा, तृणमूल कांग्रेस का 27वां स्थापना दिवस मना रहा हूं! अविश्वसनीय यात्रा, हमारे समर्पित सदस्यों के अटूट समर्थन और लोगों की सेवा करने के अवसर के लिए आभारी हूं। एकजुट होकर, हम ईमानदारी और सत्यनिष्ठा के साथ राष्ट्र की सेवा करते रहेंगे! सोमवार सुबह पार्टी के मुख्यालय तृणमूल भवन में स्थापना दिवस मनाया गया, जहां तृणमूल कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष सुब्रत बख्शी ने अपना झंडा फहराया। इस अवसर पर पार्टी के कई अन्य वरिष्ठ नेता और राज्य मंत्रिमंडल के सदस्य उपस्थित थे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि इस साल होने वाले लोकसभा चुनाव में ममता बनर्जी पार्टी का प्रमुख चेहरा बनी रहेंगी, जबकि महासचिव सहित नेतृत्व केंद्र में सरकार बदलने के लिए आंदोलन का नेतृत्व करेगा।

## उत्तराखंड में बाहरी व्यक्तियों के जमीन खरीदने पर रोक

**देहरादून।** उत्तराखंड में भू-काननू को लेकर कुछ दिनों पहले जमकर विरोध हुआ था। भू-काननू के विरोध में देहरादून समेत कई जिलों में स्थानीय लोगों और कई समाज सेवी संस्थाओं ने रैली निकाली थी। अब मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नए साल पर भू कानून को लेकर एक बड़ा फैसला लिया है। धामी ने बाहरी लोगों के उत्तराखंड में जमीन खरीदने पर रोक लगा दी है। धामी ने आदेश दिया है कि अग्रिम आदेश तक जिलाधिकारी उत्तराखंड से बाहर के व्यक्तियों को कृषि एवं उद्यान के उद्देश्य से भूमि क्रय करने की अनुमति नहीं देंगे। यानी प्रदेश में बाहरी व्यक्तियों के कृषि एवं उद्यान के उद्देश्य से जमीन खरीदने पर अंतरिम रोक लगा दी गई है।

## जापान के तट तक पहुंची सुनामी की लहरें

**एजेंसी। टोक्यो**



जापान के पश्चिमी तट पर सोमवार दोपहर में आए तेज भूकंप के बाद इशिकावा प्रान्त में 1.2 मीटर से अधिक ऊंची सुनामी लहरें उठीं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, जापान के पश्चिमी तट पर टोयामा प्रान्त में भी स्थानीय समयानुसार शाम 4:23 बजे 50 सेंटीमीटर की सुनामी लहरें आने की सूचना मिली। लहरें पांच मीटर तक पहुंच सकती है और अधिकारियों ने लोगों से जितनी जल्दी हो सके ऊंची भूमि या पास की इमारत के शीर्ष पर भागने का आग्रह किया है। पूर्वी जापान रेलवे कंपनी ने भूकंप के कारण तोहोकू, जोएत्सु और होकुरिकु शिंकानसेन लाइनों का परिचालन निलंबित कर दिया है। होकुरिकु इलेक्ट्रिक पावर कंपनी ने कहा कि 36,000 से अधिक घरों में बिजली कटौती का सामना करना पड़ रहा है। इसमें कहा गया है कि जापानी सरकार ने टोक्यो में प्रधान मंत्री कार्यालय में एक आपातकालीन प्रतिक्रिया कार्यालय स्थापित किया है। इससे पहले दिन में, जापान मौसम विज्ञान एजेंसी ने इशिकावा, फुकुई, निगाता, टोयामा, यामागाटा और अन्य प्रांतों सहित देश के पश्चिमी तट के व्यापक हिस्से के लिए सुनामी की चेतावनी जारी की थी, इसमें कई शक्तिशाली भूकंपों की श्रृंखला देखी गई थी। मध्य जापान में जापान सागर के तट पर 7.6 तीव्रता तक का झटका आया। मौसम एजेंसी के मुताबिक, सबसे बड़ा भूकंप शाम 4:10 बजे आया। इशिकावा प्रान्त में नोटो प्रायद्वीप पर जापानी भूकंपीय तीव्रता पैमाने पर अधिकतम 7 दर्ज किया गया। इससे मध्य टोक्यो में इमारतें भी हिल गईं।

**कड़ा फैसला**

### हजारों की संख्या में प्रवासन में तेजी से कमी आएगी

## परिवारों को लाना विदेशी छात्रों का 'अनुचित व्यवहार'

**तीन लाख लोगों को ब्रिटेन आने से रोकने की हमारी रणनीति सफल होगी**

**एजेंसी। लंदन**



ब्रिटिश गृह सचिव जेम्स क्लेवरली ने कहा है कि अंतरराष्ट्रीय छात्रों को अपने परिवार को ब्रिटेन लाने की 'अनुचित प्रथा' वीजा मार्गों पर प्रतिबंध लागू होने के साथ समाप्त हो जाएगी। विदेशी छात्रों के साथ जुड़ने वाले परिवार के सदस्यों की संख्या में लगभग आठ गुना वृद्धि के कारण यूके सरकार ने पिछले साल सरकारी योजनाओं के तहत उच्च-मूल्य डिग्री का अध्ययन नहीं करने वालों के लिए प्रतिबंध की घोषणा की थी। इसके अलावा, वीजा प्रणाली के दुरुपयोग को रोकने के लिए, विदेशी छात्रों को उनकी पढ़ाई पूरी होने तक छात्र वीजा मार्ग से कार्य मार्गों पर स्विच करने से रोक दिया जाएगा। इवनिंग स्टैंडर्ड की एक रिपोर्ट के अनुसार, क्लेवरली ने कहा कि सरकार हजारों लोगों के प्रवासन में कटौती करने और लोगों को ब्रिटेन की आव्रजन प्रणाली में हेरफेर करने से रोकने के लिए एक कठिन योजना बनाकर ब्रिटिश जनता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को पूरा कर रही है। उन्होंने कहा,आज, उस योजना का एक बड़ा हिस्सा प्रभाव में आ गया है, इससे विदेशी छात्रों द्वारा अपने परिवार के सदस्यों को यूके लाने की अनुचित प्रथा समाप्त हो गई है। इससे हजारों की संख्या में प्रवासन में तेजी से कमी आएगी और तीन लाख लोगों को ब्रिटेन आने से रोकने की हमारी रणनीति में सफल होगी।" पिछले महीने जारी संशोधित राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के आंकड़ों से पता चला है कि दिसंबर 2022 तक शुद्ध प्रवासन वर्ष में 7लाख 45 हजार के रिकॉर्ड आंकड़े पर चला गया। सितंबर 2023 को समाप्त वर्ष में छात्रों के परिवारों को 152,980 वीजा जारी किए गए। 2020-21 के आंकड़ों के अनुसार, ब्रिटेन के विवि में विदेश से अध्ययन के लिए आने वालों में चीन के बाद सबसे अधिक संख्या भारतीय छात्रों की है। इस दौरान चीन के 99,965 छात्रों की तुलना में भारत के 87,045 छात्रों ने नामांकन कराया। विदेश मंत्रालय के अनुसार, 2022 में पढ़ाई के लिए यूके जाने वाले भारतीय छात्रों की संख्या 1,39,539 थी।

## एमवीए ने सीट-शेयर फॉमूर्ले को अंतिम रूप दिया औपचारिक घोषणा जल्द

**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की कार्यकारी अध्यक्ष सुप्रिया सुले ने सोमवार को कहा कि महा विकास अघाड़ी (एमवीए) के सीट-बंटवारे के फॉमूर्ले को अंतिम रूप दे दिया गया है और केवल औपचारिक घोषणा बाकी है। सांसद सुले ने यहां मीडियाकर्मियों से बात करते हुए कहा कि यह निर्णय नई दिल्ली में कांग्रेस-एनसीपी -शिवसेना (यूबीटी) के नेताओं की बैठक में लिया गया और अब फॉमूर्ले पर मुहर लगाई जाएगी। बैठक में भाग लेने वाले नेताओं में उद्धव ठाकरे, शरद पवार, सोनिया गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे और संबंधित पार्टियों के वरिष्ठ नेता शामिल थे। सुले ने इस मुद्दे पर विस्तार से बताने से इनकार करते हुए कहा, सीट-बंटवारे के फॉमूर्ले पर काम हो चुका है और इसकी घोषणा एक सप्ताह में कर दी जाएगी।

**फिल्म जगत**

## 'बड़े मियां छोटे मियां' के फर्स्ट लुक में अक्षय कुमार, टाइगर श्रॉफ की झलक



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ ने नए साल पर अपनी आगामी पैन-इंडिया एक्शन एंटरटेनर 'बड़े मियां छोटे मियां' का फर्स्ट लुक जारी किया। दोनों ने भरपूर सिनेमाई अनुभव का वादा करते हुए दर्शकों के साथ फिल्म की एक झलक शेयर की। तस्वीर में दोनों सितारे जेट स्की पर कैमरे की ओर मुस्कुराते हुए दिख रहे हैं। बॉलीवुड की सबसे शानदार एक्शन जोड़ी अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ को पहली बार स्क्रीन साझा करते देख दर्शकों मे रोमांच पैदा हो गया। फिल्म में मलयालम सुपरस्टार पृथ्वीराज सुकुमारन भी हैं, जो फिल्म की भावनाओं की रोलरकोस्टर यात्रा में एक और परत जोड़ते हैं। जबरदस्त स्टंट और दिलचस्प कहानी से भरपूर यह फिल्?म आपको बांधे रखेगी, साथ ही यह सभी पीढ़ियों के दर्शकों को सिनेमाई मनोरंजन का वादा करती है। अली अब्बास जफर द्वारा निर्देशित और पूजा एंटरटेनमेंट और एएजेड फिल्म्स की एक्शन से भरपूर फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' अप्रैल 2024 में सिनेमाघरों में रिलीज होगी। वाशु भगनानी और पूजा एंटरटेनमेंट एएजेड फिल्म्स के साथ मिलकर 'बड़े मियां छोटे मियां' पेश कर रहे हैं।

## जल्द सत्ता परिवर्तन होने की संभावना : सरयू



**रांची।** निर्दलीय विधायक सरयू राय ने कहा है कि किसी गैर विधायक मुख्यमंत्री के लिए यह अग्निपरीक्षा सरल नहीं होगी। राय ने एक अन्य टिवीट में कहा कि जल्द सत्ता परिवर्तन होने की संभावना है। झारखंड में सत्ता बदलेगी, तो नवागन्तुक के लिए गिरीडीह जिले की गांडेय विधानसभा सीट खाली होगी। सब ठीक रहा, तो गांडेय विधानसभा का उपचुनाव लोकसभा चुनाव के साथ हो सकता है। पर उसके पहले संभावित गैर-विधायक मुख्यमंत्री को विधानसभा पटल पर बहुमत साबित करना होगा। यह अग्निपरीक्षा सरल नहीं होगी। फिर वैकल्पिक सरकार बनेगी या राष्ट्रपति शासन लगेगा या लोकसभा-विधानसभा के चुनाव साथ होंगे, कहा नहीं जा सकता। गांडेय वाले सज्जन मित्र राज्य सभा को सुशोभित करेंगे। ईश्वर से प्रार्थना है कि नव वर्ष में जो भी हो राज्य, जनता, राजनीति के लिए शुभ हो।

## पथ निर्माण सचिव ने योजनाओं को पूरा करने के दिए निर्देश

**रांची।** पथ निर्माण सचिव सुनील कुमार ने राज्य में सड़क योजनाओं के इंजीनियरों के साथ समीक्षा की है। सचिव ने कई जिलों में अब तक बाईपास निर्माण कार्य शुरू नहीं होने पर नाराजगी भी जतायी। अभियंताओं को स्थल निरीक्षण कर रिपोर्ट देने को कहा। पथ निर्माण सचिव ने टोरी रेल ओवर ब्रिज निर्माण कार्य अब तक नहीं शुरू होने पर भी नाराजगी जतायी और इस संबंध में कार्यपालक अभियंता को कहा कि वे डीसी लातेहार के साथ समन्वय करके आरओबी निर्माण के लिए तेजी से कार्य करें।

### झामुमो विधायक डॉ. सरफराज अहमद के अचानक इस्तीफे पर सियासी गर्मी बढ़ी

# इस्तीफा मुख्यमंत्री के महत्वपूर्ण रणनीति का हिस्सा : सीपी सिंह

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

गांडेय विधानसभा सीट से झारखंड मुक्ति मोर्चा के विधायक डॉ. सरफराज अहमद के अचानक इस्तीफे के बाद राज्य की सियासी गर्मी बढ़ गयी है। भारतीय जनता पार्टी के विधायक और पूर्व मंत्री सीपी सिंह ने संकेत दिया कि पूछताछ के लिए प्रवर्तन निदेशालय के सामने जाने से पहले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पूरी तैयारी कर लेना चाहते हैं। ताकि अगर उनकी गिरफ्तारी हो, तो वह अपनी पत्नी कल्पना सोरेन को मुख्यमंत्री बना सकें। झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रहे सीपी सिंह ने कहा कि पूरी घटना यह बताती है कि डॉ. सरफराज अहमद का इस्तीफा भी एक राजनीतिक फैसला है। सरफराज अहमद जैसे अनुभवी नेता के इस्तीफा देने का अब कोई मतलब नहीं है। अगर उन्होंने इस्तीफा दे दिया है और स्पीकर ने इसे स्वीकार कर लिया है तो साफ है कि यह मुख्यमंत्री की महत्वपूर्ण रणनीति का हिस्सा है। सीपी सिंह ने कहा कि डॉ. सरफराज ने गांडेय विधानसभा सीट को सुरक्षित सीट मानकर इस्तीफा दिया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन की जाति को लेकर विवाद है, ऐसी स्थिति में सामान्य सीट गांडेय सुरक्षित सीट मानी जा रही है।





### कोई समस्या नहीं है, इंतजार करे सबकुछ साफ हो जायेगा : मनोज पांडे




**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय प्रवक्ता मनोज पांडे ने गांडेय विधायक डॉ. सरफराज अहमद के इस्तीफे के बाद कहा कि पार्टी में सब कुछ ठीक है, कोई समस्या नहीं है। उन्होंने कहा कि कुछ दिन इंतजार करें, सब कुछ साफ हो जायेगा। हालांकि झामुमो के पार्टी स्तर पर आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा जा रहा है, लेकिन विश्वस्त सूत्रों का कहना है कि मुख्यमंत्री की पत्नी कल्पना सोरेन को गांडेय विधानसभा सीट से विधानसभा में भेजने की रणनीति बन सकती है, ताकि ईडी की पूछताछ के बाद अगर कोई गंभीर स्थिति उत्पन्न होती है तो कल्पना सोरेन को सत्ता की बागडोर सौंपने में ज्यादा दिक्कत ना हो। पार्टी सूत्रों का कहना है कि सरफराज अहमद को 2024 में होने वाले राज्यसभा चुनाव में उम्मीदवार बनाकर दिल्ली की राजनीति में शिफ्ट किया जा सकता है। वहीं डॉ. अहमद ने कहा कि पार्टी की मजबूती के लिए यह कदम उठाया है। उनके करीबी सूत्र भी इस्तीफे को पार्टी अलाकमान के निर्देश का संकेत दे रहे हैं।

### गांडेय विधानसभा का नहीं हो सकता है उपचुनाव : निशिकांत

**रांची।** नये साल के पहले दिन झारखंड की राजनीति को लेकर नयी चर्चा भी शुरू हो गयी है। गांडेय विधानसभा सीट से झामुमो विधायक डॉ सरफराज आलम ने 31 दिसंबर को विधायक पद से इस्तीफा दे दिया। जिसे विधानसभा अध्यक्ष ने स्वीकार करते हुए लेटर भी जारी कर दिया है। लेकिन गांडेय विधायक के इस्तीफा ने झारखंड की राजनीति में नयी हलचल पैदा कर दी है। हेमंत सोरेन सरकार को लेकर कई तरह की बातें राजनीतिक पार्टियों ने शुरू कर दी है। इसी क्रम में भाजपा के गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे ने एक्स हैंडल पर ट्वीट कर सबको चौंका दिया है। दरअसल निशिकांत दुबे ने ट्वीट कर कहा है कि झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन सीएम पद से इस्तीफा देंगे और उनकी पत्नी कल्पना सोरेन राज्य की अगली मुख्यमंत्री होंगी। वहीं ट्वीट करके निशिकांत दुबे ने मुंबई हाईकोर्ट के एक जजमेंट का जिक्र करते हुए गांडेय सीट पर चुनाव नहीं होने की वजह बतायी है। कहा है कि, मुम्बई हाईकोर्ट के काटोल विधानसभा के निर्णय के अनुसार अब गांडेय में चुनाव नहीं हो सकता।



काटोल विधानसभा सीट जब महाराष्ट्र में खाली हुआ तब विधानसभा का कार्यकाल 1 साल 50 दिन खाली था। राज्यपाल यदि कल्पना सोरेन कहीं से विधायक नहीं बन सकती हैं तो मुख्यमंत्री कैसे बनेंगी। इतना ही नहीं निशिकांत दुबे ने ट्वीट करके ये भी कहा है कि, राज्यपाल को कानूनी सलाह लेना चाहिए। झारखंड विधानसभा का गठन 27 दिसंबर 2019 को हुआ था। सरफराज अहमद का इस्तीफा 31 दिसंबर को हुआ। एक साल से कम समय में चुनाव नहीं हो सकता। यह पार्टी हेमंत सोरेन की नहीं शिबू सोरेन जी की है।

## मुख्यमंत्री नहीं चाहते की परिवार के बाहर निकले भ्रष्टाचार का राज : बाबूलाल मरांडी



